WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 3 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-चतुर्थी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 261 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

साय के प्रयासों से आईटी हब के रूप में उभर रहा नवा रायपुर

नवा रायपुर में युवाओं के लिए खुल रहे हैं रोजगार के नए अवसर, मिल रही हैं बेहतर सुविधाएं

रायपुर/नवप्रदेश। विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में नवा रायपुर अटल नगर में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री साय की पहल का नतीजा है कि छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर क्षेत्र में आईटी और आईटी-इनेबल्ड सर्विसेस का तेजी से विकास हो रहा है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिल रहे हैं। राज्य सरकार की योजनाओं और संस्थाओं की पहल से

नवा रायपुर युवाओं के लिए रोजगार और विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज और टेली परफॉर्मेंस जैसी प्रमुख आईटी कंपनियों ने अपनी सेवाएं शुरू की हैं, जिससे अब तक 260 से अधिक युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है।

परिवार को भी आर्थिक संबल प्रदान कर रही: रायपुर के एक साधारण मध्य वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली 24 वर्षीय सतरूपा का सपना था कि वह आत्मनिर्भर होकर परिवार का सहारा बने। खेती- किसानी और घरेलू काम काज करने वाली सतरूपा की मां को अपनी बेटी पर गर्व है, क्योंकि पढ़ाई पूरी करने के बाद सतरूपा आज न केवल आत्मनिर्भर है, बल्कि परिवार को भी आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए

नवा रायपुर के आईटी हब बनने की प्रक्रिया में राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रायपुर और नवा रायपुर के बीच आईटी पेशेवरों के लिए मुफ्त बस सेवा की तथा स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज के कर्मचारियों के लिए आवासीय समाधान भी उपलब्ध कराने की योजना है। सीबीडी सेक्टर 21 में अत्याधुनिक कार्यालयों का निर्माण किया जा रहा है, जो कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करेंगे। नवा रायपुर में आईटी क्षेत्र के विकास के साथ ही आने वाले समय में 10,000 से अधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है।

आज बेबाक

बिन पानी सब सून की तरह ही बिन मदिरा हर जश्न सूना हो जाता है। जब अंग्रेजी नया साल हो तो अंग्रेजी शराब का दरिया बहना लाजिमी है। इस बार नए साल का स्वागत करने मे पियक्कड़ो ने ऐसी दरियादिली दिखाई कि शराब बिक्री के सारे रिकॉर्ड टूट गये। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में छह सौ करोड़ की शराब डकार ली गई। अन्य राज्यों में भी दो सौ से चार सौ करोड़ तक की शराब भाई लोगों ने गटक ली। सरकार का राजस्व बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले इन शराबियों को शराब श्री सम्मान से नवाजा जाना चाहिए।

सरकार ने खेल रत्न पुरस्कारों की घोषणा की

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्र सरकार ने महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाडि़यों को गुरुवार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार 2024 से सम्मानित किये जाने की घोषणा की। शतरंज खिलाड़ी डी. गुकेश, हॉकी खिलाड़ी हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को भी यह पुरस्कार दिये जाने का एलान किया है। इन खिलाडि़यों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 17 जनवरी को एक समारोह में सम्मानित करेंगी।

ब्रह्मपुत्र के जरिए चल रही है चीनी साजिश, जवाब दें मोदीः कांग्रेस

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा कि चीन भारत के खिलाफ एक बार फिर साजिश रच रहा है और पूर्वोत्तर राज्यों की लाइफलाइन ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बना रहा है, इसके बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश को जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा है कि ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाए जा रहे इस बांध के कारण चीन का नदी के बहाव पर पूरी तरह से कब्जा हो जाएगा। चीन इस बांध का इस्तेमाल भारत के खिलाफ 'वाटर बम की तरह कर सकेगा। पार्टी ने अपने आधिकारिक पेज पर ट्वीट किया चीन इस बांध के जरिए बड़ी मात्रा में पानी छोड़कर भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ ला सकता है। वहीं, ब्रह्मपुत्र नदी का पानी रोककर, पूर्वोतर राज्यों में सूखे जैसे हालात पैदा कर सकता है और इससे वह पूर्वोत्तर राज्यों की सिंचाई और बिजली उत्पादन पर भी असर डाल सकेगा।

उत्तर भारत में अगले सप्ताह बारिश और हिमपात का अनुमान

नयी दिल्ली (वार्ता)। पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र और उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में अगले सप्ताह बारिश और हिमपात का अनुमान है। साथ ही पांच और छह जनवरी को जम्मू-कश्मीर में कुछ स्थानों पर भारी बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने गुरुवार को कहा, अगले 24 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में घना कोहरा और ठंड की स्थिति बने रहने का अनुमान है, उसके बाद इसमें सुधार होगा।

वानुआतु को पांच लाख डॉलर की सहायता देगा भारत

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत ने गत 17 दिसंबर को दक्षिणी प्रशांत महासागर में आए विनाशकारी भूकंप में बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान से त्रस्त द्वीपीय देश वानुआतु को पांच लाख डॉलर की सहायता देने की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि गत 17 दिसंबर को दक्षिण प्रशांत महासागर में वानुआतु के तट के पास 7.4 तीव्रता का भूकंप आया जिससे बड़ी तबाही हुई और जानमाल की हानि हुई। भारत ने इस अभूतपूर्व आपदा से हुए नुकसान और विनाश के लिए वानुआतु सरकार और लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और कठिनाई के इस समय में हर संभव समर्थन और सहायता देने की अपनी तत्परता से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (फिपिक) के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार के रूप में और वानुआतु के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में भारत सरकार राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों में सहयोग करने के लिए पांच लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता प्रदान करती है।

गरमा-गरम

रोहिणी के जापानी पार्क में पीएम रैली को करेंगे संबोधित

दिल्ली में आज प्रधानमंत्री फूंकेंगे चुनावी बिगुल 4500 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल शुक्रवार को फूंकेंगे। रोहिणी के जापानी पार्क में पीएम रैली को संबोधित करेंगे और दिल्ली के विकास की कार्ययोजना पेश करते हुए 4500 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात देंगे।

वहीं, प्रधानमंत्री की दूसरी रैली पांच जनवरी को पूर्वी दिल्ली के सीबीडी ग्राउंड में प्रस्तावित है। इस मौके पर प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो के फेज-4 के तहत रिठाला-नरेला-कुंडली लाइन का शिलान्यास और दिल्ली-सहारनपुर नेशनल हाईवे के शुभारंभ के साथ ही दिल्ली को जाम व प्रदूषण मुक्त करने के लिए चार मुख्य प्रोजेक्टों से अवगत कराएंगे। भाजपा जनसभाओं में भारी भीड़ जुटाने की तैयारी में है। मंडल अध्यक्षों को कम से कम दो बसें भरकर लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा सांसद कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चांदौलिया और रामवीर सिंह बिधूड़ी को रैली आयोजित करने के लिए प्रभारी बनाया गया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि रैलियों में मोदी की गारंटी की घोषणा होगी। भाजपा की रणनीति चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले उम्मीदवारों की सूची को भी अंतिम रूप देने की है। यह भी संभव है कि दोनों रैलियों के बाद चुनाव आयोग विधानसभा चुनाव की तारीख घोषित कर दे।

सावरकर के नाम पर कॉलेज की रखेंगे आधारशिला

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 जनवरी को पूर्वी और पश्चिमी दिल्ली में दो नए दिल्ली विश्वविद्यालय परिसरों के साथ-साथ वीर सावरकर के नाम पर एक कॉलेज की आधारशिला रख सकते हैं। विश्वविद्यालय के सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह कॉलेज नजफगढ़ में सावरकर कॉलेज 140 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनाया जाएगा। इसे 2021 में डीयू की कार्यकारी परिषद ने मंजूरी दी थी।

सूत्रों के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने पीएम मोदी को निमंत्रण भेजा है और प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) से पुष्टि का इंतजार कर रहा है। वहीं, विश्वविद्यालय ने दो कॉलेजों की स्थापना के लिए नजफगढ़ और फतेहपुर बेरी में दो भूखंड आवंटित किए हैं। सूरजमल विहार में प्रस्तावित पूर्वी परिसर की स्थापना 373 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से की जाएगी। वहीं, द्वारका में पश्चिमी परिसर की लागत 107 करोड़ रुपये होने की उम्मीद है। कार्यकारी परिषद ने 2021 में दिवंगत भाजपा नेता सुषमा स्वराज के नाम पर एक कॉलेज का नाम रखने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी थी। डीयू के कुलपति योगेश सिंह को दो आगामी कॉलेजों के लिए नामों के समूह में से नाम चुनने का अधिकार दिया गया था। नामों की इस सूची में सावरकर के अलावा स्वामी विवेकानंद, वल्लभभाई पटेल, सावित्रीबाई फुले जैसे नाम भी शामिल थे।

झुग्गीवासियों को डीडीए के फ्लैट की चाबी भी सौंपेंगे

राजधानी में झुग्गीवासियों के लिए नववर्ष की शुरुआत खुशखबरी लेकर आई है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की ओर से वजीरपुर में बनाए गए 1645 स्वाभिमान फ्लैट की चाबी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अशोक विहार के झुग्गीवासियों को सौंपेंगे। यह कदम दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की रणनीतिक योजना का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

ईडी का बड़ा खुलासा

लखमा के घर छापेमारी में आपत्तिजनक सबूत

रायपुर/नवप्रदेश। 2200 करोड़ रुपए के शराब घोटाले की जांच की कड़ी में ईडी ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे के सात ठिकानों पर हाल में छापेमारी की थी। इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए ईडी ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर ने छत्तीसगढ़ के शराब घोटाले मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत 28.12.2024 को छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी और सुकमा जिलों में स्थित सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के परिणामस्वरूप, ईडी घोटाले की प्रासंगिक अवधि के दौरान कवासी लखमा द्वारा नकद में पीओसी के उपयोग से संबंधित सबूत जुटाने में सक्षम हो गया है। इसके अलावा, तलाशी में कई डिजिटल डिवाइस बरामद और जब्त की गईं, जिनके बारे में माना जाता है कि उनमें आपत्तिजनक रिकॉर्ड हैं।

ईडी ने सोशल मीडिया में किए अपने पोस्ट में बताया कि लखमा द्वारा किए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सिंडिकेट से पैसे लेने के सबूत

ईडी की जांच से पहले पता चला था कि अनवर ढेबर, अनिल टुटेजा और अन्य लोगों का शराब सिंडिकेट छत्तीसगढ़ राज्य में काम कर रहा था. इस घोटाले के माध्यम से उत्पन्न लगभग 2161 करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि कवासी लखमा को शराब घोटाले से उत्पन्न पीओसी से मासिक आधार पर नकद में बड़ी रकम मिलती थी. 2019 से 2022 के बीच चले शराब घोटाले में ईडी की जांच से पता चला कि पीओसी को अवैध कमीशन के रूप में उत्पन्न किया गया था, जो कई तरीकों से उत्पन्न हुआ था।

दिल्ली भाजपा ने 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' नाम से जारी किया पोस्टर

नयी दिल्ली(वार्ता)। दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को नया चुनावी पोस्टर 'फर्जी वोटर्स से इश्क है' जारी किया, जिसमें आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर नकली वोट बनाने के आरोप लगाये गये हैं।

इस मौके पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा, ' पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके साथियों के राजनीतिक गुनाह बहुत ज्यादा है और वे लोग दिल्ली को बर्बाद करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप के राज्य सभा सांसद संजय सिंह अपनी पत्नी श्रीमती अनीता सिंह का वोट कटवाने का झूठा आरोप भाजपा पर लगाये हैं, लेकिन वह बताये कि श्रीमती सिंह का वोट कहां- कहां हैं।

संवाददाता सम्मेलन में दिल्ली भाजपा मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, मीडिया रिलेशन प्रमुख विक्रम मित्तल और दिल्ली भाजपा की चुनाव आयोग सम्पर्क समिति के संयोजक संकेत गुप्ता भी मौजूद थे।

श्री सचदेवा ने कहा कि सिंह 2018 में राज्य सभा चुनाव के दौरान दायर हलफनामा में खुद को हरिनगर विधानसभा का मतदाता बताया था, लेकिन उस वक्त सुल्तानपुर की नगर पालिका परिषद की मतदाता सूची में श्री सिंह और उनकी पत्नी का नाम था। इतना ही नहीं श्री सिंह साल 2024 में नयी दिल्ली विधानसभा में मतदाता हैं और विकासपुरी विधानसभा में भी अपना मत बनवा रखा था।

वकीलों को वरिष्ठ पद दिए जाने के खिलाफ याचिका

न्यायाधीशों के खिलाफ 'अभद्र' टिप्पणियों पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

नईदिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वकीलों को वरिष्ठ पद दिए जाने के खिलाफ दायर याचिका में लगाए गए 'अपमानजनक और निराधार आरोपों पर आपत्ति जताई। मामले में न्यायमूर्ति बीआर गवई और केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा से पूछा, 'आप कितने न्यायाधीशों के नाम बता सकते हैं, जिनके बच्चों को वरिष्ठ वकील के रूप में नामित किया गया है? न्यायाधीशों के खिलाफ लगाए आरोप निराधार याचिका में लगाए गए आरोपों का हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि इसमें न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप लगाए गए हैं। पीठ ने कहा, 'हमें लगता है कि संस्थान के खिलाफ कई तरह के अपशब्द और निराधार आरोप लगाए गए हैं। पीठ ने याचिका में लगाए गए आरोपों का हवाला देते हुए कहा, 'उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में वर्तमान या सेवानिवृत्त न्यायाधीश को ढूंढना मुश्किल है, अगर असंभव नहीं है, तो ऐसा कोई न्यायाधीश ढूंढना मुश्किल है, जिसकी संतान, भाई, बहन या भतीजा 40 वर्ष की आयु पार कर चुका हो और वह साधारण वकील हो। जज ने अधिवक्ता से कहा- केवल कानूनी तर्क दें । मामले में न्यायमूर्ति गवई ने कहा, अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा, यह कानून की अदालत है। भाषण देने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आरिफ मो. बिहार और राजेंद्र आर्लेकर ने केरल के राज्यापाल के रूप में ली शपथ

तिरुवनंतपुरम (वार्ता)। राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गुरुवार को राजभवन में आयोजित एक विशेष समारोह में केरल के नए राज्यपाल के रूप में शपथ ली। वहीं श्री आरिफ मोहम्मद खान ने आज बिहार के नये राज्यपाल के तौर पर शपथ ले ली है।

केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश नितिन मधुकर जामदार ने राज्यपाल को सुबह 10.30 बजे शपथ दिलाई। राज्यपाल ने भगवान के नाम पर शपथ ली और राज्य के 23वें राज्यपाल बन गए। समारोह में मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, विधानसभा अध्यक्ष एएन शमसीर, विपक्ष के नेता वीडी सतीसन, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं एआईसीसी कार्यसमिति के सदस्य रमेश चेन्निथला, मंत्री, सांसद, विधायक, मुख्य सचिव, वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी, रक्षा अधिकारी, वरिष्ठ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता भी शामिल हुए।

श्री अर्लेकर अपनी पत्नी अनघा अर्लेकर के साथ बुधवार शाम हवाई अड्डे पहुंचे, जहां मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद, राजभवन में चाय पार्टी का आयोजन किया गया। श्री अर्लेकर ने आरिफ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पहल... डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले में किया उद्घाटन

प्रदेश का पहला सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का शुभारंभ

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने गुरुवार को परिवहन कार्यालय, कबीरधाम में राज्य का पहला सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह कक्ष मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जिला प्रदेश का पहला जिला है जहां इस प्रकार का अनुभव कक्ष स्थापित किया गया है। इस उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कक्ष के सभी पहलुओं का अवलोकन किया और इसकी कार्यप्रणाली पर विस्तार से जानकारी ली।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बचपन से ही हमें सही और गलत का भेद सिखाया जाता है। माताओं की भूमिका बच्चों को जीवन के उचित और अनुचित कार्यों के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण होती है। इसी प्रकार यह सत्र समाज में सुरक्षा और नियमों के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित करेगा। उन्होंने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रक्रिया को निरंतर जारी रखा जाए, ताकि हर व्यक्ति सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष के शुभारंभ में कहा कि अब ड्राइविंग लाइसेंस बनाने आने वाले व्यक्तियों को एक विशेष ऑडियो, वीडियो सत्र से गुजरना होगा। यह सत्र आवेदनकर्ताओं को ट्रैफिक नियमों और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सड़क सुरक्षा को समझने का एक आकर्षक तरीका

सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का उद्देश्य नागरिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस कक्ष में विभिन्न प्रकार की सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारी और सामग्री प्रस्तुत की गई है, जिसमें वाहन चालकों को दुर्घटनाओं से बचने के उपाय, ट्रैफिक नियमों के पालन और सुरक्षित ड्राइविंग के बारे में बताया गया है। कक्ष में विभिन्न वर्चुअल अनुभव, वीडियो और मॉडल्स के जरिए सड़क सुरक्षा को समझने का एक आकर्षक तरीका अपनाया गया है।

अमेरिका में फिर से हमला नाइट क्लब में गोलीबारी, 11 लोगों को मारी गोली

वाशिंगटन। अमेरिका में एक और हमले में, न्यूयॉर्क के क्वींस में एक नाइट क्लब में गोलीबारी में कम से कम 11 लोग घायल हो गए। न्यूयॉर्क पुलिस विभाग ने अभी तक घटना के बारे में विवरण जारी नहीं किया है। घायलों की स्थिति के बारे में अभी तक पता नहीं चल पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1 जनवरी की रात लगभग 11:20 बजे जमैका में अमाजुरा इवेंट हॉल के पास गोलीबारी शुरू हुई।

वहीं, दूसरी ओर अमेरिका के न्यू ऑरलियंस में इस्लामिक स्टेट से प्रेरित एक चालक ने नए साल का जश्न मना रहे लोगों की भीड़ पर ट्रक चढ़ा दिया। इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई।

आरोपी के पिकअप ट्रक पर इस्लामिक स्टेट का झंडा लगा था और वह पुलिस की नाकाबंदी से बचकर निकलने का प्रयास कर रहा था। इसी कोशिश में उसने जश्न मना रहे लोगों को टक्कर मार दी। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे मार गिराया।

FBI ने कहा कि वह न्यू ऑरलियंस के मशहूर फ्रेंच क्वार्टर में बुधवार सुबह हुए हमला मामले में आतंकवादी हमले के पहलू से जांच कर रही है और उसका मानना है कि चालक ने अकेले इस घटना को अंजाम नहीं दिया। जांच अधिकारियों को आरोपी के पास से बंदूकें मिली हैं और वाहन में विस्फोटक सामग्री भी थी। साथ ही जांच अधिकारियों को प्रसिद्ध फ्रेंच क्वार्टर में अन्य जगह भी कुछ उपकरण मिले।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि एफबीआई को घटना से संबंधित वीडियो मिले हैं जिसे चालक ने हमले से कुछ घंटे पहले सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में आरोपी ने कहा था कि वह इस्लामिक स्टेट समूह से प्रेरित है और वह लोगों का कत्लेआम करना चाहता है। इस हिंसा के कारण जश्न में डूबे 'बॉर्बन स्ट्रीट' पर मातम पसर गया, जहां सिर्फ घायलों की चीख पुकार, खून से लथपथ शव और जान बचाने के लिए नाइटक्लबों एवं रेस्तराओं की ओर से भागते लोग दिखे। घटना में कई लोग घायल हुए। जानकारी के मुताबिक, ट्रक ड्राइवर के हमले के बाद पुलिस ने जवाबी हमला कर दिया। FBI ने बताया कि बुधवार को फ्रेंच क्वार्टर बॉर्बन स्ट्रीट पर हमले के बाद पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में आरोपी मारा गया। आरोपी का नाम शमसुद्दीन जब्बार बताया गया है।

ट्रक में मिला ISIS का झंडा

अधिकारियों को बाद में ट्रक के अंदर आतंकी संगठन आईएसआईएस का एक झंडा, हथियार और एक संभावित विस्फोटक उपकरण मिला, जिससे इसमें आतंकवादी साजिश होने की चिंताएं बढ़ गई हैं।पुलिस अधीक्षक ऐनी किर्कपैट्रिक ने पुष्टि की कि गोलीबारी में दो अधिकारी घायल हो गए, लेकिन उनकी हालत ठीक है। उन्होंने कहा, "हमने पहले एहतियाती कदम उठाए थे, लेकिन आतंकवादी ने इसमें भी फायदा उठाने का तरीका ढूंढ लिया।" यह घटना हाल के दिनों में शहर के इतिहास में हुए सबसे घातक हमलों में से एक है, जिसने सुरक्षा चिंताओं को बढ़ा दिया है। अधिकारी स्थानीय निवासियों और टूरिस्ट को उनकी सुरक्षा के बारे में आश्वस्त करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। सरकारी एजेंसी अब जब्बार के इरादों और अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी नेटवर्क से संभावित संबंधों को एक साथ जोड़ने की कोशिश कर रही है। एफबीआई के सहायक विशेष एजेंट एलेथिया डंकन ने उससे जानकारी रखने वाले किसी भी व्यक्ति को अधिकारियों से संपर्क करने का आग्रह किया।

न्यूज गैलरी

पीएम मोदी ने पद्म केएस मणिलाल के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रसिद्ध वनस्पतिशास्त्री और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित कट्टुंगल सुब्रह्मण्यम मणिलाल (केएस मणिलाल) का निधन हो गया। उन्होंने 86 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। वे बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

पारिवारिक सूत्रों ने बुधवार को उनके निधन की जानकारी दी। , केएस मणिलाल को प्राचीन लैटिन पाठ ÷हॉर्टस मालाबारिकस के अंग्रेजी और मलयालम में अनुवाद करने के लिए जाना जाता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा, वनस्पति विज्ञान में उनके कार्य भावी पीढ़ियों और शोधकर्ताओं के लिए लगातार मार्गदर्शक का काम करेंगे। मोदी ने लिखा, मणिलाल केरल की संस्कृति और उसके इतिहास के बारे में समान रूप से जिज्ञासु थे। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं।

तमिलनाडु: रामनाथपुरम सरकारी अस्पताल में भीषण आग लगी

तमिलनाडु(वार्ता)। तमिलनाडु में रामनाथपुरम सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में बुधवार देर रात को भीषण आग लगने से 350 से अधिक लोग बाल-बाल बच गये इनमें अधिकतर मरीज थे। पुलिस ने गुरुवार सुबह यहां कहा कि आधी रात के बाद एक ब्लॉक की दूसरी मंजिल पर विद्युत नियंत्रण कक्ष में संदिग्ध शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने की सूचना मिली। आग लगने के तुरंत बाद विद्युत नियंत्रण कक्ष से निकले काले धुएं के गुबार ने दूसरी मंजिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मरीजों एवं उनके परिचारकों और अस्पताल के कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। तमिलनाडु अग्निशमन और बचाव सेवा विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया लेकिन मरीजों के वार्डों में काला धुआं फैलता रहा।

संभल जामा मस्जिद या हरिहर मंदिर, कोर्ट कमिश्नर ने पूरा किया सर्वे, जांच रिपोर्ट सौंपी

नई दिल्ली। संभल जामा मस्जिद के हरिहर मंदिर होने के दावे को लेकर दाखिल याचिका पर कराया गया सर्वे पूरा हो गया है। कोर्ट कमिश्नर ने गुरुवार को अपनी रिपोर्ट भी कोर्ट में सौंप दी। मामला पहले ही सुप्रीम कोर्ट पहुंचने और शीर्ष अदालत के आदेश पर रिपोर्ट को सील बंद लिफाफे में जमा किया गया है। सर्वे रिपोर्ट को लकेर कोर्ट कमिश्नर रमेश सिंह राघव ने कहा कि 40 पन्नों में रिपोर्ट सौंपी गई है। जब भी रिपोर्ट ओपन होगी तो सारी जानकारी सामने आएगी।

कोर्ट कमिश्नर ने मामले की अगली सुनवाई या नई डेट को लेकर कहा कि रेस्पॉन्डेंट नंबर 6 (मुस्लिम पक्ष) अगर हाईकोर्ट जाते हैं तो उसके आधार पर देखा जाएगा कि आगे क्या होगा। कोर्ट कमिश्नर ने यह जरूर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश तक रिपोर्ट खुलेगी नहीं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश न आने तक रिपोर्ट में क्या है ये जज भी नहीं देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मेरा स्वास्थ्य ठीक नहीं था इसलिए रिपोर्ट पेश होने में थोड़ा समय लगा।

इस सर्वे के दौरान ही संभल में हिंसा भड़क उठी थी। इस हिंसा में ही पांच युवकों की मौत हो गई थी। हालांकि प्रशासन हिंसा में उन चार लोगों की मौत को ही मानता है जिन्हें

गोली लगी थी। सपा और विपक्षी पार्टियां चोट लगने से हुए एक युवक की मौत को भी सर्वे के दौरान बवाल में मौत मानता है। सपा ने पिछले दिनों मारे गए पांचों युवकों के परिजनों को पांच-पांच लाख के चेक भी सौंपे थे।

19 नवंबर को दाखिल याचिका में कोर्ट के आदेश पर उसी दिन मस्जिद का सर्वे किया गया था। इसके बाद दूसरी बार 24 नवंबर को टीम सर्वे के लिए पहुंची तो बवाल हो गया। पुलिस और उपद्रवियों के बीच जमकर पथराव और गोलीबारी हुई। इस दौरान गोली लगने से चार युवकों की मौत हो गई। एक युवक की मौत चोट लगने से हुई। किसी तरह संभल में तो मामला शांत हो गया लेकिन सड़क से संसद तक गूंजने लगा। सपा और कांग्रेस ने विधानसभा से लेकर लोकसभा और राज्यसभा में मामले को उठाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने पीड़ितों से मुलाकात के लिए संभल जाने की भी कोशिश की। लेकिन जिला प्रशासन ने बवाल बढ़ने की आशंका में किसी को दस दिसंबर तक वहां जाने नहीं दिया। इसी बीच सपा सांसद जियाउर्रहमान के खिलाफ भी हिंसा भड़काने का मामला दर्ज कर लिया गया। ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां शुरू कर दी गईं।

मुस्लिम बहुत इलाके में पुलिस प्रशासन और बिजली विभाग ने छापेमारी की शुरू की तो अवैध अतिक्रमण के साथ ही बिजली चोरी के बड़े पैमाने पर मामले सामने आए। यहां तक कि सपा सांसद के घर पर भी बिजली चोरी पकड़ी गई। कई मस्जिदों में बिजली चोरी मिली। इसी दौरान मुस्लिम बहुत इलाके में ऐतिहासिक मंदिर भी मिला। इसमें प्रशासन पूजा पाठ शुरू कराई और अन्य मंदिरों, बावड़ियों, कुंभों और कुपों की खोजबीन में भी सफलता लगातार हासिल हो रही है। अब जामा मस्जिद का मामला भले ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण फिलहाल आगे नहीं बढ़ सकेगा लेकिन प्रशासन अन्य मंदिरों और सनातन धर्म के चिह्नों की खोजबीन में लगा हुआ है।

नक्सलियों के गढ़ में 77 साल में पहली बार बस सेवा शुरू

- सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी किया सफर

गढ़चिरौली। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवादियों के गढ़ कहे जाने वाले अहेरी और गार्डेवाड़ा में 77 साल में पहली बार राज्य परिवहन की बस सेवा शुरू की गई। गढ़चिरौली में ही बुधवार को कुख्यात नक्सली विमला चंद्र सिदाम उर्फ तारक्का समेत 1.03 करोड़ रुपये के इनामी 11 नक्सलियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने आत्मसमर्पण किया। इस दौरान फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र जल्दी ही नक्सल समस्या से मुक्त हो जाएगा।

अहेरी और गार्डेवाड़ा में बस सेवा शुरू होने के ऐतिहासिक मौके पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने भी बस में सफर किया। बुधवार सुबह गढ़चिरौली जिले में मुख्यमंत्री फड़णवीस सीधे ताड़गुड़ा ब्रिज पहुंचे। उन्होंने गट्टा-गार्डेवाड़ा-वांगेटुरी सड़क और ताड़गुड़ा पुल का उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने पेंगुंडा में जवानों और ग्रामीणों से बातचीत की। यह इलाका बेहद दुर्गम माना जाता है।

आत्मसमर्पण करने वालों में 8 महिलाएं और तीन पुरुष शामिल

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में 8 महिलाएं और

तीन पुरुष शामिल हैं। इनमें दंडकारण्य जोनल कमेटी के प्रमुख और भूपति की पत्नी तारक्का (62) शामिल है, जो पिछले 38 वर्षों से नक्सलवादी आंदोलन में सक्रिय है। तारक्का पर 25 लाख रुपये का इनाम है। उसके खिलाफ कुल 66 केस दर्ज हैं, जिनमें 35 मामले मुठभेड़ और सात आगजनी के हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में 3 डिवीजन कमेटी सदस्य, 1 डिप्टी कमांडर, 2 एरिया कमेटी सदस्य हैं। इन सभी को अपना नया जीवन शुरू करने के लिए 86 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी गई।

फडणवीस ने नक्सल विरोधी अभियानों में बहादुरी के लिए सी-60 कमांडो और अधिकारियों को सम्मानित भी किया।

इस मौके पर सीएम फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व व गढ़चिरौली पुलिस-प्रशासन के संयुक्त प्रयासों की बदौलत पिछले चार वर्षों में नक्सली गढ़चिरौली में एक भी व्यक्ति को अपने साथ नहीं जोड़ पाए।

ममता का बीएसएफ पर बड़ा आरोप...

बांग्लादेशी आतंकियों को प्रवेश देकर बंगाल को अस्थिर करने की साजिश'

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीमा सुरक्षाबल पर बड़ा आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को अस्थिर करने की साजिश हो रही है। बांग्लादेश सीमा की रक्षा करने वाली बीएसएफ विभिन्न क्षेत्रों से बंगाल में घुसपैठ की अनुमति दे रही है। बांग्लादेशी आतंकी बंगाल में आ रहे हैं। यह केंद्र की नापाक योजना है।

टीएमसी महासचिव ने भी लगाए आरोप

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भी केंद्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक तरीके से बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र की प्रतिक्रिया अधूरी थी। राज्य के भाजपा नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व से पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में जवाब देने के लिए कहना चाहिए। बनर्जी ने कहा कि राज्य के भाजपा नेता जो हर मामले में तृणमूल कांग्रेस सरकार की गलती ढूंढते हैं और विरोध प्रदर्शन करते हैं, वे बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य समुदायों पर जारी अत्याचारों के बारे में केंद्र सरकार की अधूरी प्रतिक्रिया के बारे में बात नहीं कर रहे हैं। टीएमसी और राज्य सरकार बांग्लादेश की स्थिति पर केंद्र के फैसले और प्रतिक्रिया का पालन करेगी। सांसद बनर्जी ने कहा कि अगर बंगाल के भाजपा नेता पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के बारे में इतने सचेत हैं, तो वे दिल्ली में अपनी सरकार पर उचित जवाब देने के लिए क्यों नहीं दबाव डाल रहे हैं? उन्होंने लोगों से राज्य में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा उन लोगों पर ध्यान नहीं देने का आह्वान किया जो बांग्लादेश का हवाला देकर हिंसा में लिप्त होने और कानून-व्यवस्था को बाधित करने की कोशिश कर रहे हैं।

टीएमसी पार्षद की गोली मारकर हत्या, ममता बनर्जी ने जताया दुख

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गुरुवार सुबह तृणमूल कांग्रेस के पार्षद दुलाल सरकार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि टीएमसी पार्षद सरकार को झलझलिया मोड़ इलाके में बाइक सवार हमलावरों ने गोली मारी। हमले के बाद उनको नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले की जांच की जा रही है। पार्षद की हत्या पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुख जताया। सीएम ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मेरे करीबी सहयोगी और बेहद लोकप्रिय नेता बबला सरकार की हत्या कर दी गई।

ईडी की बंगाल में छापेमारी

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने तमिलनाडु में 100 करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में गुरुवार को पश्चिम बंगाल के आठ इलाकों में छापेमारी की। कोलकाता के पार्क स्ट्रीट, सॉल्टलेक और बागुइहाटी समेत पांच इलाकों और अन्य तीन क्षेत्रों में एकसाथ छापेमारी जारी है। सॉल्टलेक में छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया।

बांग्लादेश की अदालत ने फिर चिन्मय दास की जमानत से किया इनकार

ढाका। हिंदू पुजारी और पूर्व इस्कॉन नेता चिन्मय कृष्ण दास को एक और झटका लगा है। बांग्लादेश के चट्टोग्राम की एक अदालत ने गुरुवार को उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया। बता दें, उन पर आरोप है कि उन्होंने बांग्लादेश का अपमान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया था। इस मामले में उनके खिलाफ राजद्रोह के आरोप लगाए गए हैं।

दास की ओर से 11 वकीलों का एक समूह जमानत याचिका लेकर अदालत में उपस्थित हुआ, जबकि दास वर्चुअली सुनवाई में शामिल हुए। बता दें, दास को देशद्रोह के एक मामले में 25 नवंबर को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया था। वह पहले इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर

कृष्णा कांशियसनेस (इस्कॉन) से जुड़े थे। बांग्लादेश समिलित सनातनी जागरण जोते संगठन के प्रवक्ता दास की जमानत 26 नवंबर को चट्टोग्राम के 6वें मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट काजी शारिफुल इस्लाम ने राजद्रोह के मामले में खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था।

सरकार ने किया विरोध

चट्टोग्राम जिला बार संघ के अध्यक्ष नाजिम उद्दीन चौधरी ने कहा, 'सरकार ने जमानत देने का विरोध किया। उसका कहना कि दास पर राजद्रोह का मामला है। इस मामले में उम्रभर की जेल की सजा होती है।'

30 मिनट चली कार्यवाही

वहीं, मेट्रोपोलिटन पब्लिक प्रॉसिक्यूटर एडवोकेट मफिजुल हक भुइयां ने बताया, 'चट्टोग्राम मेट्रोपोलिटन सत्र न्यायधीश सैफुल इस्लाम ने दोनों पक्षों की 30 मिनट तक बहस सुनने के बाद जमानत याचिका को खारिज कर दिया।' चिन्मय दास के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि वे हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील करेंगे।

विजयन सरकार ने वायनाड के भूस्खलन पीड़ितों के लिए पुनर्वास योजना को दी मंजूरी

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने बुधवार को बताया कि राज्य मंत्रिमंडल ने वायनाड के भूस्खलन पीड़ितों के लिए पुनर्वास योजना को मंजूरी दी है। वायनाड के कुछ इलाकों में पिछले साल 30 जुलाई को भूस्खलन हुआ था। मुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पुनर्वास का मतलब केवल घरों की मरम्मत नहीं है, बल्कि लोगों की आजीविका को फिर से बहाल करना भी है।

विजयन ने कहा, 'आज मंत्रिमंडल की बैठक में वायनाड पुनर्वास योजना पर चर्चा की गई। इससे पहले, मंत्रिमंडल की एक विशेष बैठक में इस मुद्दे पर विचार किया गया था। पुनर्वास का मतलब उनकी आजीविका को फिर से खड़ा करना भी है। हम एलस्टोन एस्टेट और नेडुम्पाला एस्टेट में कस्बा बनाएंगे। एलस्टोन टी एस्टेट पांच फीसदी भूमि दी जाएगी और नेडुम्पाला एस्टेट में 10 फीसदी भूमि आवंटित की जाएगी।' एलस्टोन एस्टेट और नेडुम्पाला एस्टेट दोनों वायनाड जिले में स्थित चाय बागान हैं।

उन्होंने आगे बताया कि पीड़ितों की अंतिम सूची 25 जनवरी 2025 तक जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा, इस कस्बे में बाजार, शिक्षण संस्थान, अस्पताल और मनोरंजन केंद्र जैसी सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। हम घरों के डिजाइन को उनकी नींव के आधार पर तैयार कर रहे हैं। अंतिम लाभार्थियों की सूची 25 जनवरी से पहले तय कर दी जाएगी।

फैसला — कोर्ट अप्रैल में इस मामले में अगली सुनवाई करेगा

सुको ने नीट-यूजी परीक्षा में सुधार के लिए विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को लागू करने दिया निर्देश

नई दिल्ली। नीट-यूजी परीक्षा मामले में दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि नीट यूजी परीक्षा को लेकर विशेषज्ञ समिति की सिफरिशों को लागू करेंगे. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम सभी सिफरिशें लागू करने जा रहे है और इसे 6 महीने बाद सूचिबद्ध किया जा सकता है. जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा ने कहा कि इस मामले को तीन महीने के लिए स्थगित किया जाता है. कोर्ट अप्रैल में इस मामले में अगली सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि पूरी रिपोर्ट को रिकॉर्ड में नही रखा गया है, क्योंकि इसमें प्रश्नों की छपाई आदि जैसे मुद्दों के बारे में कुछ डिटेल शामिल है. सरकार ने बीते साल नीट-यूजी का परीक्षा कराने वाली एनटीए के कामकाज की समीक्षा के लिए सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित की थी।

सरकार ने बनाई थी 7 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति

पिछले साल 21 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा सुधारों पर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने के लिए केंद्र द्वारा नियुक्त सात सदस्यीय विशेषज्ञ समिति को दी गई समय सीमा को बढ़ा दी थी. नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन एनटीए द्वारा स्नातक चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए किया जाता है।

विशेषज्ञ समिति के दायरे का विस्तार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के हजारीबाग में एक परीक्षा केंद्र में सुरक्षा चूक का जिक्र किया था, जहां स्ट्रांगरूम का पिछला दरवाजा खोला गया था और अनधिकृत लोगों को प्रश्नपत्रों तक पहुचने की अनुमति दी गई थी. कोर्ट ने ई-रिक्शा द्वारा प्रश्नपत्रों के गलत सेट के वितरण सहित एनटीए की कई खामियों को चिन्हित किया था।

नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने से इनकार

कोर्ट ने पिछले साल 2 अगस्त को विवादों से घिरे 2024 के नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने से इनकार कर दिया था और कहा था कि वर्तमान में रिकॉर्ड में कोई पर्याप्त सबूत नही है, जो परीक्षा की सुचिता भंग करने वाले सिस्टमैटिक लीक या कदाचार का संकेत दे। कोर्ट ने 7 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति के कार्यकाल को भी बढ़ाने का निर्देश दिया था. समिति के अध्यक्षता इसरो के पूर्व चीफके राधाकृष्णन कर रहे हैं. इस समिति को परीक्षा को पारदर्शी बनाने और धांधली रहित बनाने की जिम्मेदारी सौपी गई है. समिति में रणदीप गुलेरिया, बीजे राव, राममूर्ति के, पंकज बंसल, आदित्य मित्तल और गोविंद जयसवाल भी शामिल है।

सीएम नीतीश कुमार के लिए खुले हैं दरवाजे' बयान पर सियासी गलियारे में हलचल तेज

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में रहेंगे या महागठबंधन शामिल होंगे? इन दिनों यह सवाल सभी लोग पूछ रहे हैं। इसी सवाल को लेकर राष्ट्रीय जनता दल के सुपीमो लालू प्रसाद यादव ने जो बयान दिया है, वह चौंकाने वाला है। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा है कि सीएम नीतीश कुमार के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। वह साथ में आएं और काम करें। वह अगर महागठबंधन के साथ आना चाहते हैं तो आ जायें। इस बयान ने सियासी गलियारे में हलचल तेज कर दी। साथ ही एनडीए खेमे की बेचैनी भी बढ़ा दी है। दरअसल, एक जनवरी को राजद सुप्रीमो की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन था। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान जन्मदिन को लेकर आयोजित किए गये समारोह में शामिल हुए थे। इसी दौरान पत्रकारों ने लालू प्रसाद से सीएम नीतीश कुमार लेकर सवाल किया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता और सीएम नीतीश कुमार ने दरवाजे हमेशा खुला हुये हैं। इधर, कुछ दिन पहले ही तेजस्वी यादव ने कहा था कि सीएम नीतीश कुमार अब थक चुके हैं। उनके लिए महागठबंधन का दरवाजा बंद है।

कोटा के जंगलों में लकड़ी तस्कर सक्रिय, पहले भी हुई घटना

लकड़ी तस्करों ने डिप्टी रेंजर को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ाया, एक आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। लकड़ी तस्करों ने डिप्टी रेंजर को कुल्हाड़ी लेकर दौड़ाया। कोटा क्षेत्र के सेमरिया में तस्कर पिकअप लेकर जंगल में पहुंचे थे। इसकी सूचना पर डिप्टी रेंजर अपनी टीम के साथ जांच के लिए पहुंचे। इसी दौरान गांव के लोगों ने डिप्टी रेंजर से हुज्जतबाजी करते हुए उनकी वर्दी फाड़ दी।

डिप्टी रेंजर की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। बिल्हा क्षेत्र के ग्राम पिरैया में रहने वाले देवी सिंह भारद्वाज वन विभाग में डिप्टी रेंजर हैं। उनकी पोस्टिंग कोटा क्षेत्र के सेमरिया सर्किल में है। गुरुवार दो जनवरी को वे बीट गार्ड रामकिशन यादव, श्रमिक जीवन सिंह और दशरथ लाल गंधर्व को लेकर दो बाइक में ग्राम मानपुर जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान उन्हें मोबाइल पर सूचना मिली कि ग्राम सेमरिया स्थित शिव तालाब के पास लकड़ी की

तस्करी करने के लिए कुछ लोग पिकअप लेकर खड़े हैं। इसकी जांच के लिए डिप्टी रेंजर अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। गांव में रहने वाले टम्पाल की बाड़ी में पिकअप खड़ा था। डिप्टी रेंजर अपनी टीम के साथ बाड़ी में घुस गए। वे पिकअप को देख रहे थे। इधर तीनों ने मिलकर डिप्टी रेंजर और उनके साथी की बाइक में तोड़फोड़ की। किसी तरह कोटा थाने पहुंचे।

आरोपी जंगल की ओर भागे

इसी दौरान वहां पर टम्पाल ध्रुव अपने साथियों दिनेश और अंधियार सिंह के साथ वहां पहुंच गया। उसने डिप्टी रेंजर से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इससे डिप्टी रेंजर की वर्दी फट गई। उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कुल्हाड़ी लेकर डिप्टी रेंजर और उनके साथियों को दौड़ाया। इससे बचने के लिए डिप्टी रेंजर और उनके साथी बाइक छोड़कर जंगल की ओर भाग निकले।

जल्द ही अन्य आरोपी होंगे गिरफ्तार

कोटा थाना प्रभारी राजसिंह ने बताया कि डिप्टी रेंजर की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर हमलावर ग्रामीणों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है। उससे उनकी टीम आरोपियों के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। एक आरोपी को पकड़ लिया गया है। उससे घटना के संबंध में पूछताछ कर अन्य आरोपित की जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही अन्य आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

■ न्यूज गैलरी

मुरूम खदान श्रमिक की मिली लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सरकंडा अशोक नगर मुरुम खदान के अटल आवास क्षेत्र में गुरुवार सुबह युवक की खून से सनी लाश मिली है। युवक की पहचान रोजी मजदूरी करने वाले चंदवा उर्फ गोलू उर्फ खगेंद्र पिता राम कैलाश ठाकुर के रूप में हुई। रक्तरंजित लाश मिलने की खबर से हड़कम्प मच गया। घटना की सूचना पर सरकंडा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। युवक के गले और शरीर में चोट के निशान है। माना जा रहा है कि किसी ने उसकी हत्या की है। युवक की लाश मिलने की खबर से मौके पर भीड़ जुट गई। पिछले साल भी बिलासपुर में 48 हत्या की घटनाएं हुई थी और इस साल भी साल के शुरू होते ही हत्या का नया मामला सामने आया है। पुलिस इसे सुलझाने का प्रयास कर रही है।

जिले में तीन खनिज इंस्पेक्टरों की पोस्टिंग, तीनों पद रिक्त

शहर के चारों दिशा में अवैध उत्खनन स्टाफ की कमी से जूझ रहा खनिज विभाग

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अवैध रेत, गिट्टी, मुरम का कारोबार जमकर चल रहा है और स्टाफ की कमी से जूझ रहे खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। शहर के भीतर चौक-चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस के जवान तैनात रहते हैं और रोज 5 सौ भी ज्यादा वाहन रेत, गिट्टी, मुरम भरकर मस्तूरी, जयरामनगर, रतनपुर, घुटकू सेंदरी से शहर तक पहुंच रहे हैं।

अवैध खनिज उत्खनन पर कार्रवाई के लिए खनिज विभाग के पास कर्मचारियों की भारी कमी है। फिलहाल खनिज इंस्पेक्टर के तीन पद हैं, लेकिन 8 माह से तीनों पद खाली था और अभी यहां 3 में से केवल एक खनिज इंस्पेक्टर की पोस्टिंग हो पाई है, जिससे कार्रवाई करने में विभाग को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग के अधिकारियों का कहना है यहां 10 होम गार्ड्स की पोस्टिंग होनी चाहिए, लेकिन

कोनी, उस्लापुर खनिज जांच नाका बंद

जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण को रोकने के लिए विभाग की जांच नाका (बैरियर) लावर (सकरी), मस्तूरी और कोनी में संचालित था, लेकिन अभी केवल एक जगह लावर में ही जांच की जाती है। इसके पहले तीनों जांच नाका में कर्मचारी खनिज परिवहन की कड़ाई से जांच करते थे, लेकिन स्टॉफ की कमी की वजह से कोनी और उस्लापुर की जांच नाका बंद हो चुकी है। जिस कारण रेती, मुरम, गिट्टी सहित अन्य खनिजों के परिवहन की जांच नहीं हो पाती है।

तीन-चार जवान तैनात हैं। दो अलग-अलग उड़नदस्ता की टीम भी होनी चाहिए, लेकिन एक टीम ही काम कर रही है। स्टाफ की कमी के कारण ही जिले में संचालित जांच नाका बंद हो गई है। अरपा के साथ-साथ जिले की सीमा से लगे शिवनाथ नदी में भी रेत माफिया सक्रिय हैं। रात के अलावा सुबह-सुबह अरपा नदी में तुर्काडीह से लेकर घुटकू और लमेर तक अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है।

> अलग-अलग हाईवे, सड़क बनने और स्टाफ के सेवानिवृत्त होने के कारण खनिज जांच नाका बंद हुई है। जांच नाका से भी ज्यादा प्रभावी हमारे उड़नदस्ता की टीम है। फिलहाल 10 सदस्यों का एक उड़नदस्ता की टीम बनाई गई है जो अवैध खनिज उत्खनन पर लगातार कार्रवाई कर रही है।
>
> **डॉ. दिनेश कुमार मिश्रा**
> जिला खनिज अधिकारी

सूने मकान से टीवी व नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रात्रि में घर घुसकर कर एलईडी टीव्ही व नकदी रकम चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी को कुछ घंण्टे के अंदर ही पकड़कर चोरी गई एलईडी टीव्ही एवं नकदी रकम बरामद की गई। पुलिस के अनुसार लक्ष्मण पुरी गोस्वामी पिता स्व. पंचपूरी उम्र 52 साल निवासी तालापारा साई मंदिर के पीछे मिनीमाता नगर थाना सिविल लाईन का 31 दिसंबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 दिसंबर को यह रात्रि करीबन 10 बजे अपने घर में ताला लगाकर सहपरिवार मोहल्ले में कार्यक्रम देखने गया था वापस आकर देखा तो उसके घर का ताला टूटा हुआ था तथा घर का सामान अस्थ व्यस्त पडा था, घर मे लगा एलईडी टीव्ही, एक बोरी चावल, एक हाथ घडी, व नगदी रकम 4000रू को करन कुर्रे व उसके साथी द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट करने पर अपराध सदर कायम किया गया आरोपी करन कुर्रे को पकड़कर पूछताछ करने पर अपने अन्य साथियों के साथ चोरी करना तथा एलईडी टीव्ही को चोरी कर अपने घर में रखना बताने पर चोरी गई एलईडी टीव्ही को आरोपी के घर से बरामद किया अन्य सामान को अंकित बंजारे, चिकु अंचल के पास होना बताया है, की तलाश जारी है। आरोपी करन कुर्रे को 01 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

स्कूली छात्राओं से मनचलों ने की छेड़छाड़, मारपीट भी की

■ चौकी प्रभारी पर दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र के मोपका चौकी में राह चलती स्कूली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि कुछ युवकों ने छात्राओं के साथ अश्लील हरकतें कीं और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद छात्राओं और उनके परिजनों ने मोपका चौकी में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने इस गंभीर मामले को नजरअंदाज कर दिया और कोई कार्रवाई नहीं की। मोपका चौकी पुलिस की निष्क्रियता से नाराज होकर छात्राओं और उनके परिजनों ने एसपी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की और पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। परिजनों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने कार्रवाई की होती, तो इस तरह की घटना को रोका जा सकता था। इस मामले में विवाद तब और गहरा गया जब मोपका चौकी प्रभारी ने शिकायत को राजनीति से प्रेरित बताते हुए मामले को टालने की कोशिश की।

चौकी प्रभारी के खिलाफ राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप

चौकी प्रभारी ने मनोज श्रीवास पर आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। तो वहीं मनोज श्रीवास ने कहा कि चौकी प्रभारी अपने बचाव के लिए ये सब मनगढ़ंत बाते मीडिया के सामने बयान कर रहा है। वही इस पूरे मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार ने कहा कि इस मामले में जल्द कारवाही की जाएगी परिजनों और छात्राओं ने भी उन्हें उनके साथ हुए छेड़खानी और मारपीट को जानकारी दी है इस पर एसपी ने परिजनों को आश्वाशन दिया है कि जल्द ही कारवाई पूरी की जाएगी अब देखना यह होगा कि क्या पीड़ित छात्राओं को न्याय मिल पाएगा क्या ये कोई राजनीतिक पहल तो नहीं या फिर चौकी प्रभारी के खुद को बचाने के लिए इस तरह का आरोप लगाया है।

सैनिक स्कूल में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में कक्षा 6वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 13 जनवरी शाम 5 बजे तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर में प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की अधिकारिक https://e&ams.nta.ac.in/AISSEE/ पर किये जा सकते है। आवेदन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए एनटीए की अधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 1 मार्च से

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देशानुसार बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सत्र 2025-26 के लिए प्राईवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों के माध्यम से बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश के लिए आरटीई डॉट सीजी डॉट इन पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। विद्यार्थियों के लिए प्रथम चरण में स्कूल प्रोफाईल अपडेट 10 जनवरी से 30 जनवरी, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रोफाईल का सत्यापन 15 जनवरी से 31 जनवरी, हैबिटेशन की मैपिंग एवं दर्ज संख्या की प्रविष्टि 1 फरवरी से 28 फरवरी, विद्यार्थियों का पंजीयन 1 मार्च से 31 मार्च, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 17 मार्च से 25 अप्रैल, लॉटरी का आबंटन 1 मई से 2 मई तक एवं स्कूल दाखिला 5 मई से 30 मई तक किया जाएगा। द्वितीय चरण में नवीन स्कूल पंजीयन, दर्ज संख्या प्रविष्ट एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 2 जून से 16 जून, विद्यार्थियों का पंजीयन 20 जून से 30 जून, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 1 जुलाई से 8 जुलाई, लॉटरी का आबंटन 14 जुलाई से 15 जुलाई तक एवं स्कूल दाखिला 18 जुलाई से 31 जुलाई तक किया जाएगा। वर्ष 2024-25 हेतु ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक की जाएगी। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेज विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र, अभिभावक का पता और पहचान पत्र, बी.पी.एल. सर्वे सूची वर्ष 2002-03 या वर्ष 2007-08 या सामाजिक एवं आर्थिक जातिगत जनगणना सर्वेसूची 2011 में नाम हो, जाति प्रमाण पत्र, अगर मानसिक रूप से विकलांग है तो सरकारी अस्पताल से 40 प्रतिशत तक का प्रमाण पत्र आवश्यक हैं।

एयू में प्राचार्य, केंद्राध्यक्ष व सहायकों की ट्रेनिंग आज

एनईपी की सेमेस्टर परीक्षा से पहले कार्यशाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के कुलपति अचार्य अरुण दिवाकरनाथ बाजपेयी के निर्देशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली प्रथम सेमेस्टर परीक्षा एवं पी.जी. विषम स्नातकोत्तर परीक्षा तथा मुख्य वार्षिक परीक्षा हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 3 जनवरी को प्रातः 10 बजे अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के नये भवन कोनी में आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में संयुक्त संचालक एवं विशेष कर्तव्य अधिकारी उच्च शिक्षा विभाग मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।अतः समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्ष / सहायक केन्द्राध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि इस कार्यशाला में वे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। आचार्य बाजपेई ने साल भर की उपलब्धियां के साथ समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग की तारीफ की। उन्होंने कहा, एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार समय पर परीक्षा और परिणाम आ रहे हैं जिससे विश्वविद्यालय पूरे छत्तीसगढ़ में गौरांवित है। साथ में उन्होंने सभी सभी विभागअध्यक्ष को क्वालिटी रिसर्च पेपर पब्लिश करने साथ में परीक्षाएं एवं अच्छे से पढ़ाई विश्वविद्यालय में हो साथ में उपस्थित अधिकारियों को अच्छे कार्य करने के लिए तारीफ की आने वाले समय में विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्तर के पढ़ाई के साथ रिसर्च की गुणवत्ता में भी अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के स्थान अग्रणी श्रेणी में होगा।

सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज वार्ड नंबर 66 पंडित शिवदुलारे मिश्रा नगर सरकंडा बघवा मंदिर से बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ल के घर तक 10 लाख रुपये का सीसी गली रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। भूमि पूजन वार्ड पार्षद पुष्पा तिवारी, उत्तर मंडल भारतीय जनता पार्टी सरकंडा अध्यक्ष मनोज सोनी, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल महामंत्री अंचल दुबे,विशाल कुलकर्णी, सतीश गुप्ता, शरद यादव, गिरधारी यादव, संजय अवस्थी एवं वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

सफलता की कहानी

उपार्जन केन्द्र खरकेना में अब तक 41 हजार क्विंटल धान की हुई खरीदी

धान खरीदी का समय पर भुगतान मिलने से खुश हैं किसान

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जिले में धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए समुचित इंतजाम किये गये हैं। शीघ्र टोकन कटने, माईक्रो एटीएम की सुविधा से किसान खुश हैं। ग्राम सकर्रा सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केन्द्र खरकेना में धान बेचने पहुंचे किसानों ने खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था, समय पर भुगतान और किसान हितैषी योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया हैं । तखतपुर ब्लॉक के ग्राम सकर्रा सेवा सहकारी समिति के उपार्जन केन्द्र खरकेना पहुंचे ग्राम मुरू के किसान हरिदास मानिकपुरी ने बताया कि वे 40 क्विंटल धान बेचने आए हैं और केन्द्र में उन्हें किसी भी तरह की असुविधा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के तहत 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने से किसानों को लाभ मिल रहा है। ग्राम मेड़पार छोटा के किसान राजकुमार कौशिक ने बताया कि वे 97 क्विंटल धान बेचने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संवदेनशील पहल करते हुए किसानों को समय से पहले भुगतान किया जा रहा है जिससे किसानों को बड़ी राहत मिल रही है और किसान आर्थिक प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया।

केंद्र में तीन किस्म के धान की हो रही खरीदी

समिति के प्रबंधक कृष्ण गोपाल कौशिक ने बताया कि केन्द्र में अब तक 41 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है जिसमें 34 हजार क्विंटल धान का परिदान किया जा चुका है। धान का शीघ्र उठाव कर संग्रहण केन्द्रों में पहुँचाने की भी त्वरित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि केन्द्र में तीन किस्म के धान की खरीदी की जा रही है और तीन दिनों के भीतर किसानों को भुगतान किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जिले में धान खरीदी के लिए व्यापक इंतजाम किये गये हैं साथ ही धान के अवैध संग्रहण के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सुविचार

अधिकतर लोग समय का मूल्य उस समय समझते हैं जब कुछ करने के लिए उनके पास बहुत कम समय होता है। - अज्ञात

बांग्लादेश में गृह युद्ध के हालात

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्ता पलट करके वहां की सत्ता पर कट्टरपंथी ताकतें काबिज हो गई हैं। अमेरिका के इशारे पर नोबल शांति पुरूस्कार विजेता मोहम्मद युनूस को बांग्लादेश का कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाया गया है लेकिन वे सत्ता का संचालन करने में विफल सिद्ध हो रहे है। नतीजतन बांग्लादेश में लगातार कट्टरपंथी हिन्दुओं के साथ ही इसाईयों और बौद्धो को भी निशाना बना रहे हैं। बांग्लादेश में अराजकता का माहौल बना हुआ है। जिसकी वजह से वहां के उद्योग धंधे ठप पड़ गये हैं। यही वजह है कि अब बांग्लादेश में हो रही हिंसा के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूटने लगा है। मोहम्मद का यूनुस के खिलाफ भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिस छात्र संगठन ने पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था, उसी छात्र संगठन के एक गुट ने मोहम्मद यूनुस के खिलाफ भी हल्ला बोलना शुरू कर दिया है। यही नहीं बलिक खालिदा जिया की पार्टी ने भी मोहम्मद यूनुस की सरकार से किनारा करना शुरू कर दिया है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार को खलिदा जिया की पार्टी ने इसी शर्त पर समर्थन दिया था कि वे बांग्लादेश में जल्द आम चुनाव कराएंगे। किन्तु अब खलिदा जिया को यह लगने लगा है कि मोहम्मद यूनुस चुनाव कराने के इच्छुक नहीं है और वे खुद सत्ता पर काबिज रहना चाहते हैं। इधर पाकिस्तान जो बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का मददगार बना हुआ था अब वह खुद भी मुसीबतों से घिर गया है। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ जंग का आगाज कर दिया है। इसलिए पाकिस्तान बांग्लादेश की मदद नहीं कर पा रहा है। अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी को सपथ लेने जा रहे है। जिन्होंने पहले ही घोषणा कर रखी है कि बांग्लोदेश में हिन्दुओं के खिलाफ हो रही हिंसा को उनकी सरकार बंद कराएगी। इस तरह मोहम्मद यूनुस के लिए चौतरफा संकट खड़ा हो गया है और बांग्लोदेश में गृह युद्ध के हालात पैदा हो गये हैं। भारत ने भी बांग्लोदश के हिन्दुओं को हिंसा से बचाने के लिए बांग्लादेश की सरकार पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है ऐसे में बांग्लादेश में स्थिति को संभालना मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के लिए बेहद कठिन काम सिद्ध हो रहा है। इसके बावजूद मोहम्मद यूनुस की हेकडी कम नहीं हो रही है। उन्होंने अब नया फरमान जारी किया है कि बांग्लोदेश में हिन्दुओं को सरकारी नौकरी पर नहीं रखा जाएगा। गौरतबल है कि इसके पहले भी उन्होंने हिन्दुओं के खिलाफ कई फैसले लिए है जिसकी वजह से विश्व मंच पर बांग्लादेश की कड़ी आलोचना हो रही है। कुल मिलाकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार वहां के हिन्दुओं पर अत्याचार करके भारत को उकसा रही है। की वह बांग्लादेश के खिलाफ सैन्य कार्यवाही के लिए बाध्य हो और फिर वह इसे अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत के खिलाफ एक बड़ा मुद्दा बना सकेद्ध लेकिन भारत धैय और संय से काम ले रहा है। एक भारत तो भारत ने भूखो मरते बांग्लादेश को रिसयाईती दरों पर चावल का निर्यात किया है और दूसरी ओर उसके खिलाफ अपने कूटनीतिक प्रयास तेज कर दिये हैं। बहरहाल अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप के काबिज होने के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस की उलटी गिनती शुरू हो जाएगी।

नीतीश कुमार को लालू यादव का ऑफर

बिहार विधानसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू हो गई है और इसी के साथ ही वहां सियासी हलचल भी तेज हो गई है। नए साल पर लालू प्रसाद यादव ने नीतीश कुमार को नया ऑफर देकर बिहार की राजनीति में सरगर्मी बढ़ा दी है। लालू यादव ने कहा है कि नीतीश कुमार के लिए राष्ट्रीय जनता दल के दरवाजे खुले हैं और हम उनकी सारी गलतियां माफ करने के लिए तैयार है। वहीं दूसरी ओर लालू यादव के पुत्र तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को एक थका हुआ नेता बताते हुए उनपर तंज कसा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार फीनीश होने जा रहे है। बाप बेटे में नीतीश कुमार को लेकर मतभेद है लेकिन लालू यादव के बयान के बाद से वहां खलबली मची हुई है। इसपर तिखी प्रतिक्रिया देते हुए जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने कहा है कि नीतीश कुमार और उनकी पार्टी एनडीए का हिस्सा है और आगे भी रहेगी। राष्ट्रीय जनता दल के साथ गठबंधन करने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता। विजय चौधरी के मुताबिक राष्ट्रीय जनता दल चुनाव में अपनी संभावित हार को देखकर ऐसे अरगल बयान दे रहा है हाल ही में हुए बिहार विधानसभा की चार सार सीटों के उपचुनाव इस बात का प्रमाण कि राष्ट्रीय जनता दल कमजोर हो चुका है। चार सीटों में से एक भी सीट राष्ट्रीय जनता दल को नहीं मिली है। यही वजह है कि लालू यादव एक बार फिर नीतीश कुमार पर डोरे डाल रहे हैं। लेकिन नीतीश कुमार के अब उनके साथ जाने की कोई संभावना नहीं है। खुद नीतीश कुमार ने जब राष्ट्रीय जनता दल का साथ छोडा था और एनडीए में शामिल हुए थे तब उन्होंने यह बात स्पष्ट कर दी थी कि अब वे हमेशा एनडीए के साथ ही रहेंगे और एनडीए को छोड़कर अब कहीं नहीं जाएंगे। अब जबकि भाजपा ने भी यह घोषणा कर दी है कि आगामी विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा और नीतीश कुमार की गठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री बनेंगे। इसके बाद नीतीश कुमार के लालू यादव की पार्टी के साथ फिर से गठबंधन करने की कतई कोई संभावना नहीं है। बेहतर होगा कि लालू यादव इस तरह का ऑफर देकर बेवजह का बवाल खड़ा न करे और अपनी पार्टी पर ध्यान केन्द्रित करें।

प्रेरक प्रसंग

हजरत मुहम्मद कुछ दिन तक एक नगर में रहे। वे वहाँ एक खजूर के पेड़ के नीचे बैठकर उपदेश देते और लोग उन्हें सुनने वहाँ आया करते। धीरे-धीरे सुनने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ गई और वह स्थान तीर्थ की तरह पूजा जाने लगा। जब हजरत साहब का उस नगर से चलने का समय आया तो उन्होंने खजूर का वह पेड़ कटवा डाला। लोगों के कारण पूछने पर वे बोले- "मैं नहीं चाहता कि लोग मूल सिद्धांतों को भूलकर व्यर्थ के प्रतीक पूजन में लग जाएँ। जो बातें मैंने अल्लाह के प्रति समर्पण से प्रेरित होकर कही हैं, उनका महत्त्व उनके अर्थ में रहना चाहिए, स्थूल व्यवहार में नहीं। अन्यथा लोग इस स्थान को पूजने में लग जाएँगे और उसके पीछे के संदेश को भूल बैठेंगे, जो मेरी दी गई सीख के विरुद्ध होगा।"

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:19, सूर्यास्त : 05:32, चन्द्रोदय : 09:14, चन्द्रास्त :19:57, अयन : दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : धनिष्ठा, योग : वज्र, प्रथम करण : तैतिल (13:48 तक), द्वितीय करण : गर (25:08 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : धनु, चंद्र : मकर, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : वृश्चिक (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:01 से 12:42, अमृत काल : 13:02 से 14:35, रवियोग : 23:10 से 31:13, विजय मुहूर्त : 14:04 से 14:45, गोधूलि मुहूर्त : 17:26 से 17:54, सायाह्न सन्ध्या : 17:29 से 18:51, निशिता मुहूर्त : 23:54 से 24:49, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:13 से 08:30, दुर्मुहूर्त : 10:38 से 11:19, होमाहुति : सूर्य (23:10 से बुध), दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : आकाश, चन्द्र वास : दक्षिण, शिववास : सभा में (25:08 से क्रीड़ा में)।

अपनों के निशाने पर कांग्रेस पार्टी

रमेश सर्राफ

इंडिया अलायंस में जिस तरह की खटपट वर्तमान समय में चलने लगी है वह अलायंस के लिए शुभ नहीं मानी जा सकती है। अलायंस में शामिल दल ही विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व को नकारने लगे है इससे बुरी बात कांग्रेस पार्टी के लिए और क्या हो सकती है। लोकसभा चुनाव में जिस तरह से विपक्षी पार्टियों ने एकजुट होकर इंडिया गठबंधन बनाकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। वही गठबंधन अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ता जा रहा है। आने वाले समय में दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने हैं। वहां भाजपा चुनाव जीतने की पूरी रणनीति बनाने में जुटी हुई है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि वह दिल्ली की सत्ता पर फिर से काबिज हो। मगर कांग्रेस का रवैया देखकर आम आदमी पार्टी भी सकते में है। पार्टी के नेता कांग्रेस को वोट कटवा के रूप में देख रहे हैं तथा खुले आम भाजपा की बी टीम के रूप में काम करने का आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों की दो सूची जारी कर दी है। शेष सीटों पर भी जल्दी ही प्रत्याशियों के नाम घोषित करने की तैयारी चल रही है।

कांग्रेस पार्टी इन दिनों अपने ही साथी दलों के निशाने पर है। भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों के संयुक्त इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी से इंडिया गठबंधन का नेतृत्व वापस लेने की मांग की जा रही है। इंडिया गठबंधन में शामिल बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो ममता बनर्जी खुले आम कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रही है। उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस कांफ्रेंस करके कांग्रेस पार्टी को इंडिया गठबंधन के नेता पद से हटाने की मांग की हैं। ममता बनर्जी की मांग के समर्थन में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी अपनी सहमति जताई है। इससे इंडिया गठबंधन की स्थिति लगातार कमजोर हो रही है।

जून 2023 में 26 विपक्षी दलों के साथ बना इंडिया गठबंधन अब टूट के कगार पर खड़ा है। लोकसभा चुनाव में मिली हार और उसके बाद हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हुई पराजय ने इस गठबंधन को कमजोर कर दिया है। इसी के चलते कांग्रेस के सहयोगी दल ही उसकी नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाकर अलग राह पकड़ने के संकेत दे रहे हैं। हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन से बाहर निकलवाने तक की धमकी दे दी है। कांग्रेस द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा के बाद से ही आम आदमी पार्टी कांग्रेस से खासी नाराज नजर आ रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि कांग्रेस जिस तरह से चुनाव लड़ रही है, उससे भाजपा को लाभ मिल रहा है। कांग्रेस नेता अजय माकन व संदीप दीक्षित के बयान विपक्ष को कमजोर करने के लिए भाजपा के कहने पर दिए जा रहे हैं। समाजवादी पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद पवार), नेशनल कांफ्रेंस तो खुलकर कांग्रेस की मुखालफत करने लगी है।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी जीत तय मानकर आम आदमी पार्टी से गठबंधन करने से इनकार कर दिया था। जिसके चलते आम आदमी पार्टी ने कई सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़कर 1.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किए थे। जबकि हरियाणा में कांग्रेस को 39.34 प्रतिशत वोट व भाजपा को 39.94 प्रतिशत वोट मिले थे। यदि हरियाणा में कांग्रेस आम आदमी पार्टी से समझौता करके चुनाव लड़ती तो निश्चय ही सरकार बन सकती थी। मगर कांग्रेस ने अवसर गवां दिया और वहां भाजपा ने आसानी से तीसरी बार पहले से भी अधिक बहुमत से सरकार बना ली। उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में तो समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी थी। जबकि लोकसभा चुनाव कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने मिलकर ही लड़ा था।

महाराष्ट्र में कांग्रेस नीत महाविकास अघाड़ी की करारी हार होने के बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुए कहा था कि कांग्रेस ने हरियाणा में आप और समाजवादी पार्टी को सीट ना देकर गलती की थी। पार्टी के मुखपत्र सामना में भी लिखा गया कि कांग्रेस नेताओं के अति आत्मविश्वास और घमंड ने हरियाणा में हार के लिए भूमिका निभाई। पार्टी नेता संजय राउत ने तो यहां तक कह दिया कि कांग्रेस को लगने लगा था कि वह अकेले ही जीत सकती है। इसलिए किसी को भी सत्ता में भागीदार बनाना उचित नहीं समझा था।

पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 99 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस कुल 329 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। जिसमें से 145 सीटों पर बिना किसी गठबंधन की अकेले चुनाव लड़ी थी। जिसमें कांग्रेस 37 सीटों पर चुनाव जीती थी। कांग्रेस का बिना किसी दल से गठबंधन में जीत का रेशियो 25.52 प्रतिशत रहा था। जबकि कांग्रेस 184 सीटों पर साथी दलों से गठबंधन करके चुनाव लड़ी थी। इसमें कांग्रेस ने 62 सीट जीती थी और जीत का रेशियो 33.75 प्रतिशत रहा था। इस तरह से देखें तो कांग्रेस पार्टी को अकेले चुनाव लड़ने की बजाय गठबंधन साथियों की बदौलत बड़ी जीत हासिल हुई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 13 करोड़ 67 लाख 59 हजार 64 यानी 21.29 प्रतिशत वोट मिले थे। गठबंधन करने के कारण 2019 की तुलना में 2024 में कांग्रेस को 1.91 प्रतिशत अधिक वोट मिले थे।

कांग्रेस पार्टी ने पंजाब, चंडीगढ़, छत्तीसगढ़, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में अपने बूते चुनाव लड़ा था। जबकि बिहार, गुजरात हरियाणा झारखंड, केरल, महाराष्ट्र, पांडिचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। अंडमान निकोबार दीप समूह, आंध्र प्रदेश, दादरा नगर हवेली व दमन दीव, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, मध्य प्रदेश, मिजोरम, सिक्किम, त्रिपुरा, उत्तराखंड ऐसे प्रदेश है जहां लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुल सका था।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस को सबसे बड़ा झटका महाराष्ट्र में लगा जहां उनकी सीटे 44 से घटकर 16 रह गई। महाराष्ट्र में कांग्रेस शिवसेना (यूबीटी) व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के साथ महाविकास अघाड़ी बनाकर चुनाव मैदान में उतरी थी। वहां कांग्रेस सबसे अधिक 101 सीटों पर चुनाव लड़ी जिसमें महज 16 सीट ही जीत पाई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 80 लाख 20 हजार 921 वोट मिले जो कुल मतदान का 12. 42 प्रतिशत थे। महाराष्ट्र में कांग्रेस की जीत का स्ट्राइक रेट 15.38 प्रतिशत ही रहा।

संसद का शीतकालीन सत्र का समापन हो चुका है। जिसमें अधिकांश समय कांग्रेस ने अदानी मुद्दे को लेकर संसद नहीं चलने दी। इससे संसद का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। इसको लेकर भी कांग्रेस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस, सपा ने कांग्रेस को घेरते हुये आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर बहस नहीं होने देना चाहती है तथा सिर्फ अदानी मुद्दे को ही जिंदा रखे हुए हैं। यदि संसद चलती तो कई तरह के मुद्दों पर सरकार को घेरा जा सकता था।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1894 में आज ही के दिन रवीन्द्र नाथ टैगोर ने शांति निकेतन में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया था। 1901 में 3 जनवरी के दिन ही शांति निकेतन में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला था। 1911 में आज ही के दिन अमेरिका में डाक बचत बैंक का उद्घाटन हुआ था।1920 में 3 जनवरी के दिन ही अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में रूपांतरित हुआ था।1920 में आज ही के दिन तुर्की और आर्मिनिया के बीच शांति संधि हुई थी। 1929 में 3 जनवरी के दिन ही महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले थे। 1943 में आज ही के दिन टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया था। 1959 में 3 जनवरी के दिन ही अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया था। 1968 में आज ही के दिन भारत के पहले मौसम विज्ञान राकेट 'मेनका' का प्रक्षेपण हुआ था।1991 में 3 जनवरी के दिन ही इजरायल ने 23 साल बाद सोवियत संघ में वाणिज्य दूतावास को दोबारा खोल दिया था।

पाठकों की बात

बदल गया कैलेंडर

बदल गया कैलेंडर बदल गई तारीख ना बदले हम न बदली हमारी तारीफ अगर बदलाव कुछ हुआ है आपके लफ्जो में , तो कीजिए तारीफ आज नए शब्दो में कुछ ऐसा लिखिए कि होंठों पर मुस्कान रहे इस अंग्रेज़ी साल में मां सरस्वती, मा लक्ष्मी आप पर मेहरबान रहे

- किरन भण्डारी

नव वर्ष अभिनंदन

नव वर्ष अभिनंदन हो हर तन में कपड़ा हो, हर सर पर छत हो, रोटी का जंग कोई न हारे,कोई जन शिक्षा से वंचित न हो, हर हाथ को मिले काम, हर घर दीपक से रौशन हो। नव वर्ष अभिनंदन हो। नव वर्ष अभिनंदन हो । सूरज की प्रथम रश्मि के संग ,सभी साथियों ,इष्टजनों , स्नेहिल विद्यार्थियों को आंग्ल नववर्ष की मंगलकामनाएं।

- वर्षा ठाकुर

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

खास पाती | सुबह सुबह झोला लेकर निकल

सुबह सुबह झोला लेकर निकल रहा था, पीछे से श्रीमती जी ने आवाज दी कहां चले, नए साल में झोला उठा के निकल रहे हो क्या? सुबह सुबह फिर से उनका भाषण सुन लिए हो क्या? मैने कहा सब्जी लाने जा रहा हूँ तसल्ली रखो मै वापस जरूर आऊंगा। याद रखो हर झोला उठाने वाला घर छोड़ के हिमालय नहीं जाता सभी मित्रों को नव वर्ष की झोला भर के शुभकामनायें - **संजय सिंह परमार**

ये अगर मैं लिखूं तो बहुत सारे या लगभग



ये अगर मैं लिखूं तो बहुत सारे या लगभग सभी लोग कहेंगे कि ऐसा अब नही होता ये पुराने ज़माने की बात है।आप तो सिर्फ महिलाओं की बात करतीं हैं। समाचार है भाई साहब,ना समय बदला है ना लोगों की मानसिकता।बस कुछ औरतें अब कमाने लगीं हैं जो कुछ हद तक सुरक्षित हो गई हैं।बाकि सब वैसे का वैसा ही है। इंसान अब भी जानवर है।

-प्रीति श्रीवास्तव

सीपियों से हम मोती निकालें, आ मिट्टी

सीपियों से हम मोती निकालें, आ मिट्टी में अंकुरण खंगालें, मेहनत को बना कर मुकद्दर, आओ हम नया साल मना लें, उदासियों को दरकिनार कर, फ़ख़त हौसलों पर एतबार कर, मीठी बात हो हाथों में हाथ हो, गिरते हुए को मिलकर संभालें, आओ हम नया साल मना लें, पीड़ित, शोषित के साथ चलें, शाम सहर चलें दिन रात चलें, कोई न हो दुखियारा यहां पर, रोते हुए चेहरों पे खुशी लुटा दें, आओ हम नया साल मना लें,,

- अनिल अनमोल शर्मा

2025 का आगमन नये जोश

2025 का आगमन नये जोश और फिर एक नई शुरुआत के साथ हो । 2023 तक जो ऊर्जा कामों के साथ रही, और जो सफ्लता मिली , जिस करियर पर 2024 में कुछ कारणों से विराम लग गया। उम्मीद है कि 2025 में उसी ऊर्जा और सफ्लता के साथ शुरुआत हो । और आप सभी के जीवन में भी नये रंगों का आगमन हो । सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं. .. - **अहाना अर्चना पांडेय**

बारह महीने साथ रहे हो जाते -जाते पूछ

बारह महिनें साथ रहे हो जाते -जाते पूछ रहे हो ! अब मैं क्या करता रहता हूँ? हासिल तुमसे जो उपहारें वे सारे अब प्रश्न बने हैं । उनको हल करता रहता हूँ । महुआ की पाती हर्षाती गुलशन-गुलशन प्यास बुझाती। तुमने भेंट किए सब मुझको,मैनें रख ली पाती- पाती । शामिल उनमें कुछ मनमारे बौर बिचारे तृष्ण मिले हैं ! उनको तर करता रहता हूँ। खिली चाँदनी जब मुस्काई, तुमनें मुझको सौप दी इंदु । शीतल-शीतल नभ से टपकी मधुर -स्वप्नों की गीली बिंदु। कुछ नयनों में सूख गई है - कुछ उड़ती सी उष्ण हुई है। उनको नम करता रहता हूँ । देख धनक के रंग गगन में बुनें प्रणय के छंद कहन ने। उग- उग आते गीत अधूरे सब खुरदूरे सब बेसूरे । कुछ पन्नों पर सिसक रहे हैं, कुछ अधरों पर बिदक रहे हैं। उनमें सरगम भरता रहता हूँ । दस्तक प्रभात पटना का आभार! - **पंकज कुमार बसंत**

मैं असत से सीख लेकर

मैं असत से सीख लेकर बढ़ता रहूंगा सत के पथ पर, मैं नियति की छोड़ बाहें विचरण करूंगाआस रथ पर। ध्यान देना है नहीं अब विषाद व्यर्थ के जो आ टकराएं विश्वास की मैं डोर थामें, अडिग रहूंगा केवल तथ पर।। - **गजेन्द्र द्विवेदी गिरीश**

QUIZ TIME

1) भारतीय क्षेत्र में स्थित दो ज्वालामुखी द्वीप का नाम क्या है?

2) सारण सिंचाई नहर किस नदी से निकलती है?

3) वर्तमान में भारत के किस स्थान को सफेद पानी के नाम से जाना जाता है?

4) आमतौर पर पेटेंट की अवधि कितनी होती है?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेना स्पेक्टाबिलिस क्या है?

Ramaquiz

[illegible]
उत्तरमाला- (1) बैरन एवं नारकोण्डम (2) गंडक (3) सियाचिन (4) 20 वर्ष (5) [illegible]

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपके स्वभाव में आलस्य अधिक रहेगा। लापरवाहि में लाभ के अवसर हाथ से निकल सकते है सतर्क रहें।

वृषः आज आप धार्मिक कार्यो के लिये अपने नियत कार्यक्रम को रद्द करेंगे जिससे बाद में अधिकांश कार्य अस्त-व्यस्त होंगे।

मिथुनः आज का दिन भी प्रतिकूल रहेगा। शारीरिक रूप से असमर्थ रहने के कारण आवश्यक कार्यो में विलंब होगा स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा।

कर्कः आज का दिन विजय दिलाने वाला रहेगा। स्वभाव में थोड़ी तेजी रहने के कारण किसी के मार्गदर्शन को भी अहम से जोड़ेंगे।

सिंहः आज आप अपने अभिमानी स्वभाव के कारण घर मे बैठे बिठाये झगड़ा मोल लेंगे इसके विपरीत कार्य अथवा सामाजिक क्षेत्र पर ऐश्वर्य वृद्धि होगी।

कन्याः आपके लिये आज का दिन आशा से कम लाभदायक लेकिन फिर भी संतोषजनक रहेगा। संतोषी प्रवृति रहने के कारण व्यर्थ की उलझनों से बचे रहेंगे।

तुलाः आज के दिन आपका स्वभाव बात-बात पर गरम होगा। किसी से किया वादा पूर्ण ना करने पर अपमानित होना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपनी बात मनवाने के लिये सामने वाले पर नाजायज दबाव बनाएंगे जिससे आपसी संबंध खराब होने का भय रहेगा ।

धनुः आज के दिन आप लापरवाहि ज्यादा करेंगे। छोटी-छोटी गलती भी आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती है

मकरः आज का दिन भी आपके अनुकूल बना रहेगा लेकिन आज स्वभाव में थोड़ी तल्खी रहने से आपसी व्यवहारिकता में कमी आएगी।

कुंभः आज का दिन भी संघर्ष से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई दुखद घटना से मन बेचैन रहेगा।

मीनः आज का दिन भी भाग-दौड़ में बीतेगा। दिन के आरम्भ से ही किसी कार्य को करने के लिए व्यस्त हो जाएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुलजात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 284 का हल

■ न्यूज गैलरी

पॉवर कंपनी मुख्यालय में अध्यक्ष डॉ.यादव ने दी नववर्ष की शुभकानमाएं

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज

मुख्यालय में नववर्ष 2025 के अवसर पर अध्यक्ष डॉ.रोहित यादव ने वरिष्ठ अधिकारियों सहित समस्त आगन्तुकों से बधाइयों तथा शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। डॉ.यादव ने सभी के ऊर्जावान और प्रकाशवान भविष्य के लिए शुभेच्छाएं व्यक्त की।

सर्वप्रथम प्रबंध निदेशक (जनरेशन) कंपनी एस.के.कटियार, प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) कंपनी राजेश कुमार शुक्ला, प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) कंपनी भीमसिंह कंवर ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डॉ. यादव का अभिवादन किया। अभियंता संघ के महासचिव मनोज वर्मा ने अपने प्रतिनिधि मंडल के साथ कंपनी अध्यक्ष से भेंट की। इसी तरह विभिन्न अधिकारी-कर्मचारी संगठनों द्वारा भी कंपनी अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशकों से भी भेंट कर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया गया। समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी अध्यक्ष कक्ष खुला था। विभिन्न कार्यालयों में पहुंच कर लोग एक-दूसरे को नये वर्ष की शुभकामनाएं प्रदान करते रहें। डॉ. यादव ने इस अवसर पर कंपनी कर्मियों को उत्तम स्वास्थ्य और सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। उन्होंने उत्पादन, पारेषण तथा वितरण तीनों कंपनियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ऊर्जावान और प्रकाशवान भविष्य के लिए शुभेच्छाएं प्रदान की। डंगनिया स्थित मुख्यालय परिसर में समस्त विभागाध्यक्ष कार्यालयों में नववर्ष मिलन का सिलसिला चलता रहा।

लायंस क्लब की बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। अन्तरराष्ट्रीय समाज सेवा संस्था लायंस क्लब रायपुर डायमंड द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य और बोर्ड परीक्षा की तैयारी पर शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन भारतीय विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल महावीर नगर में किया गया। प्रशिक्षिका एम जे एफलायन मधु यादव ने बच्चों को बताया कि आत्मविश्वास, समय प्रबंधन, मेडिटेशन, स्क्रीन फासटिंग के द्वारा पढ़ाई पर ध्यान कैसे केन्द्रित कर सकते हैं। परीक्षा का डर अपने मन से निकाल दीजिए। सुबह बिस्तर प्रबंधन के साथ ब्रश करते समय दिन का एक लक्ष्य निश्चित करें। पढ़ाई के स्थान से मोबाइल की दूरी बनाकर रखना चाहिए। फ्लैश कार्ड का प्रयोग कर मुख्य पॉइंट को याद करें। और विषय वस्तु को समझें। प्राचार्य सुशील कुमार साहू, मैडम किरण साहू, क्लब अध्यक्ष लायन नीतू निर्मलकर, लायन हेमंत निर्मलकर ,लायन अरुण सलमन सहित सभी शिक्षक कार्यशाला में शामिल हुए।

मोवा ओवर ब्रिज 6 दिनों के लिए बंद

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर स्थित मोवा ओवर ब्रिज 6 दिनों के लिए बंद रहेगा। अगर आप भी इस रोड से गुजरते हैं तो ये खबर आपके लिए है। दरअसल, मोवा ओवरब्रिज का फ्लाईओवर का वजन बढ़ गया है। जिस वजह से मिलिंग मशीन से पीडब्ल्यूडी कि डामर की परतें उखाड़कर इसकी नए सिरे से डामरीकरण की जाएगी। जिसके चलते यह ब्रिज 3 जनवरी यानी कल से 8 जनवरी तक बंद रहेगा। जिसकों देखते हुए लोनिवि विभाग डामर की परत उखाड़कर ब्रिज की मरम्मत का काम करेगी। इस काम चलते वन-वे करने

वडोदरा में 03 से 11 जनवरी 2025 तक 86वीं इंटर स्टेट जूनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन

86वीं इंटर स्टेट जुनियर एवं यूथ नेशनल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस टीम घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ एवं गुजरात स्टेट टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में बड़ोदा टेबल टेनिस संघ द्वारा वडोदरा में 03 से 11 जनवरी 2025 तक 86वीं इंटर स्टेट जूनियर एवं यूथ नेशनल टेबल टेनिस प्रतियोगिता 2024 आयोजित की जा रही है जिसमें 3 जनवरी 25 से 6 जनवरी 25 तक जुनियर बालिका (एकल/युगल) एवं यूथ बालिका (टीम/एकल/युगल) वर्ग तथा दिनांक 08/01/2025 से 11/01/2025 तक जूनियर बालक (एकल/युगल) एवं यूथ बालक (टीम/एकल/युगल) वर्ग की प्रतियोगिता होगी। उक्त प्रतियोगिता हेतु छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के जूनियर एवं यूथ (बालक एवं बालिका) टीम की घोषणा की गयी।

इस अवसर पर कनाडा के मास्टर्स बैडमिंटन खिलाड़ी एवं राज्य के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल ताम्रकार, संघ पदाधिकारी विनय बैसवाड़े, प्रणय नंद मजुमदार, प्रवीण निरापुरे सहित सभी पदाधिकारियो ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि जुनियर एवं यूथ बालिका टीम आज 01 जनवरी को रवाना हुयी तथा जूनियर एवं यूथ बालक टीम दिनाक 06 जनवरी को रवाना होगी। टीम के कोच श्र मो. मीराज (रायपुर) हैं एवं मेनेजर अपर्णा पांडे (रायपुर) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए राष्ट्रीय अंपायर मून मजुमदार (बिलासपुर) को चुना गया है।

निकाय और पंचायत चुनाव पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने राज्य निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। इससे पहले उन्होंने चुनाव को लेकर राज्यपाल रामेन डेका को भी पत्र लिखा था। राज्यपाल से पत्र का जवाब नहीं मिलने पर अब नेता प्रतिपक्ष महंत ने राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर चुनाव समय पर कराने की अपील की है। इस मामले में उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान के विपरीत कदम उठाकर विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित किया गया। विधानसभा में भी कांग्रेस ने विरोध किया। अब अंतिम हथियार अपनाते हुए निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

राज्य निर्वाचन आयोग को अपना कर्तव्य का निर्वहन कर समय पर चुनाव कराये। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ की पंचायतों (तीनों स्तर) तथा नगरीय निकायों (नगर पंचायत, नगर पलिका परिषद तथा नगर पालिक निगम) का निर्वाचन कराए जाने के लिए भारत का संविधान के अनुच्छेद 243- के तथा 243-जेड ए के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया है।

डीएपी खाद की सब्सिडी बढ़ाने सहित किसानों के हित में लिए गए मोदी-सरकार के निर्णय क्रांतिकारी : भाजपा

■ **प्रदेश प्रवक्ता शर्मा ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त कर कहा : इन निर्णयों का सीधा लाभ लघु एवं सीमांत किसानों को प्राप्त होगा**

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का छत्तीसगढ़ के अन्नदाता किसानों की ओर से इस बात के लिए आभार व्यक्त किया है कि अंग्रेजी नव वर्ष के पहले ही दिन कैबिनेट बैठक कर केंद्र सरकार ने किसान हितैषी अनेक निर्णय लिए हैं। श्री शर्मा ने डीएपी खाद की सब्सिडी बढ़ाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाने, फसल बीमा गणना और फसल आकलन के लिए नई तकनीक विकसित करने के लिए अलग प्रावधान करके किसानों के हित में लिए गए निर्णयों को क्रांतिकारी बताया है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की 2025 की पहली कैबिनेट मीटिंग में सबसे पहले वैश्विक प्रभाव के चलते डीएपी के बढ़ते दाम पर लगाम लगाने के लिए 3,850 करोड़ रुपए का बजट में अतिरिक्त प्रावधान किया है। इसके चलते 50 किलो डीएपी खाद की बोरी अभी भी देश के किसानों को 1,350 रुपए में ही मिलेगी। केंद्र सरकार द्वारा इस बढ़ोतरी से डीएपी में सब्सिडी 69,850 करोड़ रुपए हो गयी है। यह अपने आप में ही एक रिकॉर्ड है। केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों से अपील की है कि डीएपी खाद, या फिर किसी भी खाद की कालाबाजारी होती है, तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

श्री शर्मा ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि मोदी सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा का आवंटन बढ़ाकर 69,515 करोड़ रूपए कर दिया है। इसके अतिरिक्त फसल बीमा गणना के लिए और फसल आकलन के लिए नई तकनीक विकसित करने के लिए 825 करोड रुपए एक अलग प्रावधान किया है। इससे नई तकनीक विकसित होगी और फसल बीमा में फसल आकलन में पारदर्शिता आएगी जो किसानों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री फसल बीमा से देश के लघु एवं सीमांत किसान लवभंवित हुए हैं, इस बढ़ोतरी लघु सीमांत किसानों को अधिकतम बीमा का लाभ प्राप्त होगा।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रकार अन्नदाता किसानों के कल्याण और खुशहाली के लिए अनेक निर्णय लेकर मोदी सरकार ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि केंद्र की मोदी सरकार किसान के हित के लिए सदैव तैयार और तत्पर है। भाजपा छत्तीसगढ़ किसान मोर्चा और सभी कार्यकर्ता और प्रदेश के किसान इस कार्य के लिए मोदी सरकार के

छत्तीसगढ़ के साहित्यकार डॉ. परदेशी राम वर्मा भोपाल में सम्मानित

■ **नवाज़ा गया दुष्यन्त कुमार राष्ट्रीय लोकभाषा अलंकरण से**

रायपुर /भोपाल/नवप्रदेश। सुदीर्घ साहित्य साधना और लोकभाषा में श्रेष्ठ साहित्य सृजन के लिए छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार, भिलाई नगर निवासी डॉ. परदेशीराम वर्मा को भोपाल (मध्यप्रदेश)में सम्मानित किया गया। उन्हें वर्ष 2024 के लिए दुष्यंत कुमार राष्ट्रीय लोकभाषा अलंकरण से नवाज़ा गया।

दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय द्वारा यह राष्ट्रीय अलंकरण एवं स्मृति सम्मान समारोह अपने तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन 30 दिसम्बर 2024 को आयोजित किया गया। समारोह में भिलाई नगर छत्तीसगढ़ के साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा के साथ प्रख्यात साहित्यकार डॉ. ममता कालिया और डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी को भी सुदीर्घ साधना के लिए सम्मानित किया गया। तीनों साहित्यकारों को समारोह के अतिथि सुप्रसिद्ध कथाकार शशांक और दुष्यंत कुमार के सुपुत्र आलोक त्यागी के हाथों यह सम्मान मिला।

इस अवसर पर डॉ. वर्मा को दिए गए प्रशस्ति-पत्र में छत्तीसगढ़ के जनजीवन पर उनके चर्चित कथा लेखन और उन्हें पाँच बार अखिल भारतीय पुरस्कार प्राप्त होने तथा उनके साहित्यिक अवदान की चर्चा हुई। कथाकार शशांक ने कहानी 'लोहार बारी' तथा 'गंगा की वापसी' सहित डॉ. परदेशीराम वर्मा की अन्य कहानियों को समकालीन समाज का आईना बताया। उन्होंने कहा कि इनकी कहानियों से छत्तीसगढ़ का जनजीवन, संघर्ष और अन्य विशेषताएँ सामने आती हैं.प्रशस्ति-पत्र का वाचन विशाखा राजूरकर ने किया। आलोक त्यागी ने कहा कि डॉ. परदेशीराम वर्मा कमलेश्वर के प्रिय रचनाकार हैं। डॉ. वर्मा का बहुत लम्बे समय से हमारे परिवार के साथ परिचय है।

नववर्ष के पर डॉक्टरों ने रक्तदान कर 'रक्तदान महादान' की अनूठी मिसाल पेश की

रायपुर/नवप्रदेश। नववर्ष 2025 के आगमन के साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर में डॉक्टरों और अन्य स्वेच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान कर 'रक्तदान महादान' के वाक्य को सार्थक किया है।

डॉ. सूदित पाल (46वीं बार), डॉ. अविरल मिश्रा(38वीं बार), डॉ. अपूर्वा खंडूजा(07वीं बार) सहित 26 अन्य स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने आज मॉडल ब्लड सेंटर में रक्तदान कर जरूरतमंद मरीज़ों की सहायता की।

डॉक्टरों के इस नेक कार्य के लिए पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.विवेक चौधरी और डॉ. भीमराव अम्बेडकर

स्मृति चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने पैथोलॉजी विभाग और ब्लड सेंटर की सराहना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। मॉडल ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉ. अमित कुमार भारद्वाज के मुताबिक़ यह चिकित्सालय राज्य में सबसे बड़ा शासकीय चिकित्सालय है एवं यहाँ अत्यंत गंभीर और विभिन्न बीमारियों के मरीज़ इलाज करवाने आते हैं तथा ऐसे मरीज़ों को इलाज के साथ रक्त की ज़रूरत होती है। ऐसे मरीज़ों के ज़रूरत के लिए मॉडल ब्लड सेंटर निरंतर तत्पर रहता है और इस तारतम्य में ब्लड सेंटर में कार्यरत डॉक्टरों और अन्य स्टाफ निरंतर रक्तदान करते रहते हैं और मानवता के प्रति अपना फ़र्ज़ निभाते हैं। विदित हो कि पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल 125वीं बार रक्तदान कर चुके हैं और संभवतः छत्तीसगढ़ राज्य के डॉक्टरों में सबसे ज़्यादा बार रक्तदान करने का रिकॉर्ड इन्हीं के नाम दर्ज हैं।

सरकार के किसान विरोधी रवैए के कारण धान खरीदी ठप : दीपक बैज

■ **सरकार अभी से धान खरीदी की तारीख आगे बढ़ाने की घोषणा करे**

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी शुरू हुये डेढ़ माह बीत गये लेकिन सरकार अभी तक धान खरीदी केन्द्रो की व्यवस्था सुधार नहीं पाई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार के किसान विरोधी रवैय्ये के कारण अभी तक लक्ष्य का आधा धान ही खरीदी हो पाया है। किसानों को अपना धान बेचने के लिये परेशान होना पड़ रहा है। परिवहन और मिलिंग के अभाव में सोसायटी में जगह नहीं है टोकन नहीं कट रहा इस कारण धान खरीदी ठप्प पड़ी है। अंतिम एक माह में लक्ष्य 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो पायेगी इसमें भी संशय है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जिन किसानों ने धान बेच भी दिया है। उनको भुगतान के लिये परेशान होना पड़ रहा है। 3100 रूपए के स्थान पर मात्र 2300 के दर से भुगतान हो रहा है। उसमें भी एक साथ पैसा नहीं मिल रहा। वह भी तीन चार किस्तो में दिया जा रहा है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय किसानों को 3100 रूपए धान की कीमत देंगे तथा गांव में काउंटर बना कर एकमुश्त भुगतान किया जायेगा। भाजपा अपना वह वादा भी नहीं निभा रही। किसानों को न 3100 रू. की कीमत मिल रहा न एकमुश्त भुगतान हो रहा, न ही किसी पंचायत में भुगतान का काउंटर बनाया गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि धान खरीदी डेढ़ महीने पूरा हो गया है लेकिन अभी तक मात्र 80 लाख टन धान की खरीदी ही हो पाई है। इसी रफ्तार से धान की खरीदी होगी तो 31 जनवरी तक जो धान खरीदी का निर्धारित लक्ष्य 160 लाख मिट्रिक टन धान खरीदी करने का वह पूरा हो पाना असंभव है, अभी 29 लाख पंजीकृत किसानों में से बमुश्किल से 40 फीसदी किसान ही अपना धान बेच पाये है।

आयोजन

देशभक्ति के नारों से गूंजा क्षेत्र

छत्रपति शिवाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने भव्य तिरंगा यात्रा से किया नववर्ष का स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। शहर के प्रमुख मार्ग आज सुबह सुबह भारत माता और भारतीय सेना के जयकारे से गुंजायमान हो गए जब छत्रपति शिवाजी स्कूल के विद्यार्थियों ने नववर्ष के स्वागत में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल व कोलंबिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण दुबे थे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को देश सेवा का महत्व बताते हुए देश हित में काम करने की अपील की। अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा का शुभारंभ

किया।स्कूल संचालक मुकेश शाह ने बताया कि विद्यार्थियों के मन में देशप्रेम की भावना से नववर्ष का स्वागत करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी स्कूल द्वारा एक जनवरी को विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी भव्य तिरंगा यात्रा आज एक जनवरी को ठीक सुबह सात बजे श्री अंबा देवी मंदिर प्रांगण,सत्तीबाजार से निकाली गई जो वहां से आजाद चौक, तात्यापारा,फूलचौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, कोतवाली चौक,सदर बाजार होते हुए वापस अंबा देवी मंदिर में समाप्त हुई।

यात्रा में सभी विद्यार्थियों के हाथों में तिरंगा झंडा व देशभक्ति के नारों वाली तख्तियां थीं। भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी समेत अनेक महापुरुषों के वेश में,रानी लक्ष्मीबाई व सेना की वर्दी में अनेक विद्यार्थी शामिल हुए। सुसज्जित बघ्घियों पर ये महापुरुष वेशधारी बच्चे सवार थे। जहां एक ओर गाड़ियों में लगे साउंड सिस्टम से देशभक्ति के गाने बजते रहे वहीं दुसरी तरफ शानदार बैंड में बजने वाले देशभक्ति के गीतों पर विद्यार्थी थिरकते चले।

पूरे रास्ते छात्रों ने भारत माता की जय, वंदेमातरम, भारतीय सेना ज़िंदाबाद,वीर शहीद अमर रहे, तिरंगा झंडा ज़िंदाबाद आदि नारों से सभी मार्गों को देशप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया।रास्ते में विद्यार्थियों द्वारा राहगीरो व नागरिकों को निःशुल्क तिरंगा बैच वितरित किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या रशीदा फज़ली,निर्मला बिसेन,मौली चटर्जी,किरण साहू,पार्वती देवांगन,रुपा साहू,माया चौहान समेत अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं शामिल रहे।

सरकार इन सभी शिक्षकों का समायोजन दूसरे पदों पर करे

■ **बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की बर्खास्तगी सरकार का असंवेदनशील कदम : कांग्रेस**

रायपुर/नवप्रदेश। सरकार द्वारा बीएड डीग्रीधारी 2897 शिक्षकों की बर्खास्तगी पर कांग्रेस ने कड़ा विरोध किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा सरकार का यह अविवेकपूर्ण और तानाशाही रवैया है इन शिक्षकों की बर्खास्तगी साय सरकार का असंवेदनशील और अमानवीय कदम है। सरकार चाहती तो इन शिक्षकों की नौकरियां बचाई जा सकती है। हम भाजपा सरकार से मांग करते हैं कि इन शिक्षकों की फिर से बहाली किया जाए। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में जब से बनी है तब से युवाओं को रोजगार देने के बजाय उनकी लगी नौकरी छीनने का काम कर रही है। शिक्षक बड़ी उम्मीद से भारतीय

जनता पार्टी के कार्यालय गए थे लेकिन वहां उनके साथ बक्तमीजी की गई रोते हुए शिक्षकों को मारा गया, पिटा गया। इन 2897 प्रभावित शिक्षकों में से लगभग 70 प्रतिशत शिक्षक अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। मुख्यमंत्री स्वयं अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं, लेकिन दलीय चाटुकारिता में भी गरीब आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा नहीं कर सक रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है तब से प्रदेश के युवाओं के हक और अधिकारों में डाका डाला जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि सरकार यदि चाहे तो इन शिक्षकों की नौकरी बचाने के लिए उन विकल्पों पर भी अमल करके पीड़ित प्रतिभागियों के साथ न्याय किया जा सकता है।

न्यूज गैलरी

विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 78 लाख 20 हजार रुपये की राशि जारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना की मार्गदर्शिका में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए विधायक, विधानसभा क्षेत्र 84-नारायणपुर के अनुशंसा एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग नारायणपुर, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग नारायणपुर के तकनीकी स्वीकृति के आधार पर कलेक्टर श्री बिपिन मांझी के द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 78 लाख 20 हजार रुपये की राशि जारी किया गया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना वर्ष 2024-25 की आबंटित राशि से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नारायणपुर को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त करते हुए प्रशासकीय स्वीकृति जारी किया गया है।

निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु कार्यक्रम जारी

नारायणपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग एतद् द्वारा प्रदेश की समस्त नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन 2024-25 कराये जाने हेतु फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए पूर्व में जारी कार्यक्रम का समय अनुसूची संशोधन करते हुए 01 जनवरी 2025 के प्रतिनिर्देश से कार्यक्रम की समय अनुसूची निर्धारित किया गया है। जिसमें 31 दिसम्बर 2024 मंगलवार से निर्वाचक नामावली की प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावे तथा आपतियां प्राप्त करना एवं मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को निर्वाचक नामावली उपलब्ध कराना, 06 जनवरी 2025 सोमवार अपरान्ह 3 बजे तक दावे आपतियां प्राप्त करने की अंतिम तारीख व समय, 09 जनवरी गुरूवार को दावे आपतियों का निपटारे की अंतिम तारीख, 10 जनवरी शुक्रवार को प्ररूप क-1 में रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, 11 जनवरी शनिवार को प्ररूप क-1 में प्राप्त दावा का निराकरण करने की अंतिम तिथि, निराकरण आदेश पारित होने के 05 दिवस के भीतर दावे आपतियों के निराकरण आदेश के विरूद्ध अपील करने की अंतिम तारीख, 14 जनवरी मंगलवार तक परिवर्धन, संशोधन, विलोपन के प्रकरणों की प्रविष्टि सॉफ्टवेयर में करना, चेकलिस्ट का निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जांच करवाना तथा पी.डी.एफ मुद्रण हेतु जिला कार्यालय को सौंपना एवं अनुपूरक सूची का मुद्रण कराना और अनुपूरक सूची को मूल सूची के साथ संलग्न करना, 15 जनवरी बुधवार को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन कल से

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 04 जनवरी को प्रातः 10 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के अंदर बना डोम में किया जाना है।

नव वर्ष पर संवेदनशील ग्राम पोटाली को मिली नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सौगात

विधायक चैतराम अटामी ने किया शुभारंभ कहा स्वास्थ्य केन्द्र को अधिकतम चिकित्सा सुविधाओं से युक्त करने के लिए करेंगे हर प्रयास

■ **ग्राम पोटाली के साथ-साथ नहाड़ी और मुलेर के ग्रामीण को मिलेगी नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले के वनांचल स्थित ग्रामों में स्वास्थ्य सुविधाओं के निर्बाध संचालन के लिए प्रतिबद्ध जिला प्रशासन के सफल प्रयासों की कड़ी में आज ब्लाक कुआकोंडा के संवेदनशील ग्राम पोटाली में निर्मित नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) का नाम भी जुड़ गया है। जो निःसंदेह इन बीहड़ वनों में निवासरत ग्रामीणों के लिए अत्यंत राहत का सबब है। यह राज्य शासन की उस मंषा को पूर्ण करने का सुखद सोपान है, जो हाषिये में खड़े समुदायों की स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर पहुंच की पूर्ण गांरटी देती है। आज इस नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) शुभारंभ अवसर पर यहां पहुंचे क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि ग्राम पोटाली में प्रारंभ होने वाले उप स्वास्थ्य केन्द्र के बनने से ना केवल ग्राम पोटाली के ग्रामीण बल्कि ग्राम नहाड़ी और मुलेर ग्रामों के ग्रामीण भी चिकित्सा सुविधा से लाभान्वित होगें। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र को आने वाले समय अन्य आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। ताकि स्थानीय लोगों का अपने घर के नजदीक ही उपचार संभव हो सके। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि इस दूरस्थ ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ होना एक बड़ी उपलब्धि है। अब यहां के स्थानीय निवासियों को तुरंत उपचार के लिए दूर स्वास्थ्य केन्द्रों में नहीं जाना पड़ेगा। उप स्वास्थ्य केंद्र में सभी नियमित प्राथमिक स्वास्थ्य जांच,मौसमी बीमारी के उपचार, दवाइयों की उपलब्धता, पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ की सुनिश्चितता के साथ-साथ सभी प्रकार के चिकित्सा टेस्ट कराने के अलावा गंभीर मरीजों को आगे जिला चिकित्सालय रिफर करने के सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस दौरान जनप्रतिनिधि सहित पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला एवं अन्य ग्रामीण जन भी मौजूद थे। कुल मिलाकर पूर्व माओवाद ग्रस्त संवेदनशील ग्राम पोटाली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केन्द्र) का प्रारंभ होना इतना भी आसान नहीं था। कभी माओवाद का खौफतो भौगोलिक परिस्थिति इस स्वास्थ्य केन्द्र के प्रारंभ होने में हमेशा रोड़ा बनती रही है।

स्थानीय निवासियों को तुरंत उपचार के लिए दूर स्वास्थ्य केन्द्र नहीं जाना पड़ेगा

अब यहां के स्थानीय निवासियों को तुरंत उपचार के लिए दूर स्वास्थ्य केन्द्रों में नहीं जाना पड़ेगा। उप स्वास्थ्य केंद्र में सभी नियमित प्राथमिक स्वास्थ्य जांच,मौसमी बीमारी के उपचार, दवाइयों की उपलब्धता, पर्याप्त चिकित्सा स्टाफ की सुनिश्चितता के साथ-साथ सभी प्रकार के चिकित्सा टेस्ट कराने के अलावा गंभीर मरीजों को आगे जिला चिकित्सालय रिफर करने के सुविधा उपलब्ध रहेगी।

35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

विधायक अटामी ने हरी झंडी दिखाकर यातायात जागरूकता रथ को किया रवाना

■ **सड़क पर चलते समय सतर्क रहना अत्यंत महत्वपूर्ण - अटामी**

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली थाना परिसर से आज 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि यह जागरूकता रथ 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक जिले के सभी जगहों व्यापक रूप यातायात नियमों को फोकस करते हुए प्रचार-प्रसार करेगें। इस मौके पर अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सड़क सुरक्षा माह स्वयं के साथ-साथ दूसरे के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक प्रयास है। सड़क पर चलते समय सर्तक रहना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके साथ ही सड़क पर दोनों किनारों की ओर ध्यान देवें और जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें, मोबाइल फोन का उपयोग करते समय सड़क पार बिल्कुल भी न करें। इसके अलावा यदि वाहन चला रहें है तो गति सीमा का पालन करें और संकेतों का ध्यान रखें। हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने आगे कहा कि विशेषतौर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सड़क पर मवेशियों की उपस्थिति से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। खासकर सुबह के समय जब दुष्यंत कम होती है और लोग जल्दबाजी में होते है। इन सभी समस्याओं का समाधान सामूहिक प्रयासों और प्रशासनिक सहयोग से ही संभव है। इसके साथ ही उन्होंने 35 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के सुचारू संचालन के लिए सभी को बधाई एवं नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने सर्वप्रथम समस्त यातायात स्टाफको बधाई देते हुए कहा कि आप सभी चाहे धूप हो,बरसात हो,या ठंडी का मौसम, हर परिस्थिति में अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाते रहे है। यह न केवल हमारे समाज को सुरक्षित बनाने में मदद करता बल्कि आपकी मेहनत और सेवा भावना से अन्य लोग भी प्रेरणा लेते है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मीडिया माध्यम सबसे प्रभावी विकल्प है। इसके जरिये से हम अधिक से अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते है।

सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने का लक्ष्य

सड़क सुरक्षा माह के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय 2024 में सड़क दुर्घटनाओं में कमी को एक उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करते हुए कहा कि 2025 में भी सड़क दुर्घटनाओं को शून्य करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने हेलमेट के उपयोग को प्रोत्साहित करने के अपने अनूठा प्रयास का उल्लेख करते हुए बताया कि इसके तहत बिना हेलमेट वाले चालकों से जुर्माना वसूल कर उन्ही के लिए हेलमेट खरीदने की पहल के अच्छे परिणाम निकले है।

विदाई समारोह

37 वर्षों की सेवा के बाद सेवा निवृत्ति मुख्य लिपिक को विदाई

कांकेर/नवप्रदेश। शहीद राम कुमार यादव शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर में टिकट 24 वर्षों से पदस्थ रही लक्ष्मी कुलहरिया सहायक ग्रेड दो को उनके कल 37 वर्षों के सेवा के पश्चात सेवा निर्मित होने पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन होटल आनंदम में विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित किया गया इस विदाई समारोह में मुख्य अतिथि लक्ष्मी कुलहरिया, अध्यक्षता अंजना श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि गोमती गुंजाम सेवानिवृत लेखपाल, एवं सौरभ कुल्हारिया की उपस्थिति में आयोजित हुआ। विद्यालय परिवार के द्वारा सबसे पहले उन्हें पुष्पगुच्छ

से स्वागत अभिनंदन किया गया तत्पश्चात उनके कुल 37 वर्षों की सेवा का पठन सोनू नाग के द्वारा किया गया इसके पश्चात उन्हें शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष अंजना श्रीवास्तव प्राचार्य ने उनके उत्कृष्ट कार्यो की प्रशंसा की अंत में मुख्य अतिथि लक्ष्मी कुलहरिया सेवानिवृत मुख्य लिपिक, ने अपने सेवाकालीन अनुभव सब के समक्ष साझा किया एवं विद्यालय परिवार को इस आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया इस कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रदीप कुलदीप के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन वाजिद खान ने किया इस विदाई समारोह में मथुरा मेश्राम सहित हायर सेकेंडरी पूर्व माध्यमिक शाला के समस्त स्टाफएवं समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

मेला के सफल आयोजन को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारी

कांकेर/नवप्रदेश। क्षेत्र के विख्यात कांकेर एवं गोविंदपुर वार्षिक मेला के आयोजन के संबंध में अपर कलेक्टर श्री जितेन्द्र कुर्रे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मेला के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, विद्युत, पानी, पार्किंग, साफसफाई एवं स्वास्थ्य सहित मेला स्थलों में नागरिकों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष तथा स्वास्थ्य परीक्षण जांच कक्ष स्थापित करने पर चर्चा हुई।

पुलिस विभाग को मेला स्थल में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने तथा यातायात व्यवस्था के लिए रूट चार्ट बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि कांकेर एवं गोविंदपुर मेला स्थल में संपूर्ण अवधि के लिए कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु एसडीएम कांकेर द्वारा मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई जाएगी। इसी तरह मेला के दौरान विद्युत व्यवस्था के निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग को, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दोनों मेला स्थल में कैम्प लगाकर पर्याप्त चिकित्सकों के दल आवश्यक दवाईयों के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा बैठक में फायर बिग्रेड एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, खाद्य सामग्रियों की जांच, देव स्थलों के आसपास सफाई करने तथा पूजा व्यवस्था, मेला भाठा की साफसफाई, दुकान आबंटन, शौचालय, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण पर कार्यवाही सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने भी अपनी बात रखते हुए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल, नायब तहसीलदार अभिषेक देवांगन, कोतवाली थाना प्रभारी मनीष नागर, कांकेर पार्षदगण, सरपंच गोविन्दपुर श्रीमती सतरूपा कांगे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मेला आयोजन समिति के सदस्यगण उपस्थित थे।

सरकार पटवारियों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराये : पोटाई

किसान कम धान बेचने को मजबूर

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस नेता नितिन पोटाई ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश के किसान सबसे ज्यादा परेशान है एक ओर जहां सरकार किसानों से पूरा धान खरीदी करने से बच रही है वहीं दूसरी ओर किसानों को उनके धान का वास्तविक मूल्य 3100 रुपए प्रति क्विंटल मिलेगा भी या नहीं स्पष्ट नहीं है।नितिन पोटाई ने आगे कहा कि आज प्रदेश के किसान अपने सैकड़ो एकड़ रकबें का धान बेच पायेगें या नहीं यह भी संशय की स्थिति बनी हुई है। क्योंकि प्रदेश के पांच 5 हजार पटवारियों ने पटवारी कार्यालय में तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराने की मांग को लेकर 16 दिसंबर से ऑनलाइन कामकाज बंद कर दिया है जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश के किसान अपने कृषि रकबें में सुधार के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों में किसानों के रकबों में त्रुटि होने की शिकायत मिल रही है। लेकिन राजस्व विभाग में ऑनलाइन कामकाज के बहिष्कार के कारण सारा कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। कृषि रकबे में सुधार नहीं होने से उनके धान के रकबें में कमी हो रही है जिससे उन्हें कम धान बेचने पर मजबूर हो रहे हैं। इधर टोकन सिस्टम होने से रकबा त्रुटि सुधार की संभावना भी लगभग खत्म हो गई है क्योंकि किसानों का एक बार टोकन कटने के बाद त्रुटि सुधार कर पाना तकनीकी तौर पर संभव नहीं है।श्री पोटाई ने आगे कहा कि सोसायटियों में सभी सिस्टम ऑनलाइन होने से किसानों को निराश होना पड़ रहा है यह सब सरकार की गलत नीतियों के कारण हो रहा है।

श्री पोटाई ने आगे कहा कि बड़े खेद का विषय है की पटवारी को तकनीकी संसाधन मुहैया कराने के मामले में सरकार का रुख अब तक नकारात्मक ही रहा है जिसके कारण राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा कामकाज बंद कर दिया गया जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों ...

सतरूपा ने मेहनत और लगन से तरक्की की राह पकड़ ली : नवा रायपुर के स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज में नौकरी कर रही सतरूपा ने मेहनत और लगन से तरक्की की राह पकड़ ली। पहले साल में ही उसे पदोन्नति मिली और उसका वेतन बढ़ा, जिससे उसने अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूती दी। नवा रायपुर में स्क्वायर बिजनेस सर्विसेज ने 180 और टेली परफॉर्मेंस ने 80 पदों पर भर्ती की है। इसके अलावा, टेली परफॉर्मेंस ने 100 और कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना बनाई है और सीएसएम टेक्नोलॉजीज ने 200 प्रोफेशनल्स की भर्ती के लिए आवेदन मंगाए हैं। यह न केवल नवा रायपुर के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए सकारात्मक बदलाव के

लखमा के घर छापेमारी ...

गए नगदी लेन-देन के सबूत हासिल हुए हैं। तलाशी अभियान पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के आवासीय परिसर में चलाया गया था, जो कथित तौर पर आबकारी मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान नकदी में अपराध की आय (पीओसी) के मुख्य प्राप्तकर्ता थे।

इधर, पूर्व सीएम भूपेश भड़के, लगाया ईडी पर बदनाम करने का अरोप

रायपुर। ईडी के खुलासे के बाद प्रदेश में पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के यहां मिले कई आपत्तिजनक सबूत को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। एक्स पर ट्वीट कर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा है कि एजेंसियों पर देश में लोगों को प्रताड़ित और बदनाम करने का आरोप लगाया है। बघेल ने कहा, ये सिर्फ लोगों को बदनाम करते हैं। पूरे देश में ये एजेंसी यही काम कर रही।

न्यायाधीशों के खिलाफ..

के लिए बॉम्बे (मुंबई) में कोई बोट क्लब या आजाद मैदान नहीं है। इसलिए, जब आप कानून की अदालत को संबोधित करते हैं, तो कानूनी तर्क दें। केवल गैलरी के उद्देश्य के लिए तर्क न दें,'। अदालत ने कहा कि वह उन्हें याचिका में संशोधन करने की स्वतंत्रता देने को तैयार है। पीठ ने कहा, 'यदि आप याचिका में संशोधन नहीं करते हैं, तो हम आवश्यक समझे जाने वाले कदम उठा सकते हैं।

याचिकाकर्ताओं को चार हफ्ते का दिया गया समय

पीठ ने कहा कि वह मामले को आगे बढ़ाएगी, लेकिन अधिवक्ता मैथ्यूज जे नेदुम्परा याचिका के कथनों पर विचार करना चाहते हैं और भविष्य की कार्रवाई के बारे में अन्य याचिकाकर्ताओं से परामर्श करना चाहते हैं। 'क्या आप इन कथनों को हटाने जा रहे हैं या नहीं?' पीठ ने कहा, 'इस बात को स्पष्ट करें कि आप इन अपमानजनक कथनों को जारी रखेंगे या नहीं।' इस मामले में याचिकाकर्ताओं को चार सप्ताह का समय दिया गया। याचिका में आरोप लगाया गया है कि वकीलों को दो श्रेणियों में वर्गीकृत करना और अल्पसंख्यकों को 'पक्ष और विशेषाधिकार' प्रदान करना समानता की अवधारणा और संविधान के लोकाचार के विरुद्ध है।

इसमें कहा गया है, 'इस याचिका में अधिवक्ता अधिनियम की धारा 16 और 23(5) को चुनौती दी गई है, जो वकीलों, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और अन्य अधिवक्ताओं के दो वर्ग बनाती है, जिसके बाद वास्तविक व्यवहार में अकल्पनीय तबाही और असमानताएं पैदा हुई हैं, जिसके बारे में संसद ने निश्चित रूप से नहीं सोचा होगा या जिसकी कल्पना नहीं की होगी।' इसलिए याचिका में दिल्ली उच्च न्यायालय की तरफसे हाल ही में लगभग 70 वकीलों को वरिष्ठ पदनाम दिए जाने को रद्द करने की मांग क

आरिफमो. बिहार और ...

मोहम्मद खान की जगह ली है, जिन्हें बिहार के राज्यपाल के रूप में शपथ दिलाई गई है। गोवा सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं गोवा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अर्लेकर बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे हैं।

उन्होंने विभिन्न पदों पर कार्य किया। इनमें गोवा औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष, गोवा राज्य अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग वित्तीय विकास निगम के अध्यक्ष, दक्षिण गोवा के भाजपा अध्यक्ष शामिल हैं। 2021 में उन्हें हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया और बाद में वे बिहार के राज्यपाल बनें।

प्रदेश का पहला सड़क ...

कि प्रत्येक व्यक्ति ट्रैफिक नियमों, चालान प्रक्रिया और सुरक्षित वाहन संचालन के महत्व को गहराई से समझे। ऑडियो, वीडियो सत्र पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रमाण पत्र यह दर्शाएगा कि उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों को समझ लिया है। यह सत्र लोगों को सड़क पर सही निर्णय लेने और सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित करेगा। इससे न केवल ट्रैफिक नियमों के पालन में सुधार होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी कम होगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और जागरूकता बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। यह सुनिश्चित करेगा कि ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने वाला हर व्यक्ति सड़क पर जिम्मेदारी से वाहन चलाए। उन्होंने कहा कि संपूर्ण छत्तीसगढ़ में इस प्रक्रिया की शुरुआत कवर्धा से की गई है। इसे पूरे राज्य में लागू किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले। उपमुख्यमंत्री शर्मा के समक्ष उस समय कार्यालय में लाईसेंस बनवाने के लिए आए नागरिकों ने भी सड़क सुरक्षा अनुभव कक्ष का अवलोकन किया और वहां उपलब्ध जानकारी का लाभ लिया।

अबूझमाड़ के मसपुर में कराया गया सफल संस्थागत प्रसव

■ **शासन-प्रशासन के प्रयासों से सुदूर अंचलों में पहुंच रही सुविधाएं**

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के ओरछा विकासखंड के अंतर्गत स्थित मसपुर, एक सुदूर और दुर्गम क्षेत्र है। यहां के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशान में जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों को चिन्हांकित कर राज्य सरकार के नियद नेल्लानार योजनांतर्गत जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीणों का उपलब्ध कराई जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर अंचलों तक पहुंचाने के इसी क्रम में 11 दिसंबर को मसपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में श्रीमती जूरी उसेंडी का सफल संस्थागत प्रसव कराया गया।

जननी सुरक्षा योजना का लाभः- सफल प्रसव के बाद जूरी उसेंडी को जननी सुरक्षा योजना के तहत् 1,400 रुपये की धनराशि उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई। यह योजना मातृ और शिशु स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए संचालित है।

दुर्गम क्षेत्र में सरकार की उपस्थितिः- मसपुर जैसे सुदूर क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहन और स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता शासन और प्रशासन की उपस्थिति और जिम्मेदारी को दर्शाता है। स्वास्थ्य कर्मियों और अधिकारियों के प्रयासों ने न केवल जूरी के प्रसव को सुरक्षित बनाया बल्कि ग्रामीणों के बीच सरकारी योजनाओं के प्रति भरोसा भी बढ़ाया।

स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तारश्रीमती जूरी उसेंडी को पिछले नौ महीनों से स्थानीय एएनएम द्वारा नियमित रूप से ट्रैक किया जा रहा था। इस दौरान उन्हें चार एएनसी (एंटीनेटल केयर) जांच कराई गईं और संस्थागत प्रसव के महत्व को समझाते हुए जागरूक किया गया।

प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के अनुसार ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शुद्र है : पंडित दिग्विजय शर्मा

■ **बिना गुरु के जीवन सार्थक नहीं हो सकता**

राजनंदगांव/नवप्रदेश। भगवान नारायण ने मनुष्य को अन्य जीवों से अलग बनाते हुए दो चीज प्रदान की है। पहला कर्म की स्वतंत्रता एवं दूसरा चिंतन की स्वायत्तता। व्यक्ति अपने जीवन में अपने कर्म की स्वतंत्रता के कारण मनमानी करता है,भोग विलास में डूब जाता है। व्यसनों के गंदे जाल में फंस जाता है तथा चिंतन की स्वायत्तता के कारण क्या सूनना है क्या काम करना है, मन, कर्म एवं वचन से क्या करना चाहता है, का निर्णय नहीं कर पाता एवं मकड़ी के द्वारा अपने थूक से बुने गए जाले की तरह स्वयं फंस कर मृत्यु को प्राप्त होता है। मनुष्य अपने अलग संसार की रचना करके पदार्थों के मकड़ जाल में फंसकर छटपटाता है और बाहर निकलने का प्रयास करता है किंतु बाहर निकल नहीं पाता और उसका पतन हो जाता है, उक्त उद्गार श्री हनुमान श्याम मंदिर में आयोजित पंच दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस की कथा कहते हुए अरजकुंड निवासी सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित दिग्विजय शर्मा ने व्यक्त किए।

श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से अशोक लोहिया, सोहन देवांगन एवं किशन देवांगन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पूज्य संत श्री ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में धर्म, ध्यान साधना, प्रवचन श्रवण एवं महादेव के प्रति सच्ची श्रद्धा भक्ति रखते हुए अपने जीवन को सफल कर सकता है। दान की महत्व बताते हुए संत श्री ने कहा कि दिया गया दान सत्कर्म कभी निष्फल नहीं जाता। वह किसी न किसी रूप में

हमें प्राप्त होता ही है। सत्यभामा नारद प्रसंग के माध्यम से दान की महिमा बताते हुए संत श्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को दीन दुखियों की सेवा, मंदिर के जीर्णोद्धार, प्यायुधर, प्रकृति संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, गौ संरक्षण के लिए अपनी कमाई में से कुछ ना कुछ हिस्सा दान करना चाहिए। तभी उसकी कमाई सार्थक होगी। हरि व्यापक है, जो भक्ति, प्रेम और समर्पण से प्राप्त होते है। व्यक्ति की राशि के अनुसार वृक्षारोपण की महत्ता बताते हुए संतश्री ने कहा कि मेष राशि के व्यक्ति को नींबू का पेड़, वृषभ राशि के व्यक्ति को आंवला, कन्या राशि के व्यक्ति को केला, कुंभ राशि के व्यक्ति को बरगद, मिथुन राशि के जातक को पीपल का वृक्ष लगाना चाहिए। केले का वृक्ष गुरु बृहस्पति को प्रसन्न करता है, बृहस्पति देवताओं के गुरु है। नारायण एक तुलसी दल से तथा महादेव एक बिल्वपत्र से प्रसन्न हो जाते हैं। हमें प्रकृति संरक्षण करने के लिए बेलपत्र एवं तुलसी को संयमित होकर तोड़ना चाहिए इसके प्रकृति को ठेस न पहुंचे। अन्न में लक्ष्मी का वास होता है उसे व्यर्थ न जाने दें। नारी हमेशा पूजनीय है, चाहे वह बहन हो, बेटी हो या मां हो। इसकी हमेशा पूजा होनी चाहिए। उन्होंने मां दुर्गा के नौ रूपों की व्याख्या करते हुए नारी की महत्ता पर प्रकाश डाला।

संत श्री ने कहा कि मन मक्खी की तरह होता है इसे यह आभास नहीं होता कि वह गंदगी में बैठ रहा है अथवा पूजन स्थल पर। मन को सुमन बनाना है तो उसे नियंत्रित करके प्रभु भक्ति में लगावे। जीवन की सच्चाई जन्म, मृत्यु, जरा एवं व्याधि से है। तीन संक्रमण आधि, व्याधि और उपाधि हमारे पतन का कारण है। महादेव के हाथ में त्रिशूल है, वह तीनों संक्रमणों से छुटकारा दिलाता है। दुख को नष्ट करने की औषधि भजन सत्संग एवं कीर्तन में है।

डॉ. रमन की अनुशंसा पर वार्ड नं.16 में मिली 5 लाख के शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति

राजनांदगांव/नवप्रदेश । शहर के ठाकुर प्यारेलाल चौक, बजरंगबली मंदिर के पास, वार्ड क्रमांक 16 अंतर्गत, कार्यकर्ताओं व वार्डवसियो के समक्ष, पूर्व सांसद मधुसूदन ने शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। ज्ञातव्य है कि वार्ड वासियों की वर्षो पुरानी मांग थी की प्यारेलाल चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के पास शेड निर्माण करवाया जाये, जो विगत कांग्रेस शासनकाल में पूरी नहीं हो पाई थी। इस मांग को पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव ने डॉ0 रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधान सभा एवं विधायक राजनांदगॉव से समक्ष रखते हुए तत्संबंध में राशि स्वीकृति हेतु अनुरोध किया था, जिसपर सहमति जताते हुए डॉ. रमन सिंह की अनुशंसा पर शेड निर्माण कार्य हेतु 5 लाख रू. की राशि स्वीकृत करवाई गई है। उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पूर्व सांसद मधुसूदन ने पंडित ऋषि तिवारी (रिषु महाराज) के समक्ष अपने करकमलों से संपन्न किया। इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन के साथ पार्षद टोपेन्द्र (पारस) वर्मा, नरेन्द्र (मुन्ना) यादव, हर्ष (गुड्डा) संदीप कड़ाऊ, महिला नेत्रीगण सुधा पवार, संगीता मिश्रा, दुर्गा, सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद रहे।

नकल प्रकरण : दोषियों को बचाने 65 दिन में कराया जांच प्रतिवेदन

■ **जांच प्रतिवेदन में बयान बदलवा कर दोषियों को बचाने रची गई साजिश**

खैरागढ़ /नवप्रदेश। मार्च माह मे शहर के कन्या शाला मे दसवीं बोर्ड परीक्षा के दौरान नकल प्रकरण की शिकायत पर दोषी शिक्षको पर कार्यवाही रोकने जोरदार खेल खेला गया । दस मार्च के परचे में शिकायत होने के बाद 22 मार्च तक जांच प्रकरण को जैसे तैसे आगे बढ़ाया गया । लेकिन इसके जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने मे जानबूझकर शिक्षा विभाग अधिकारियों ने बड़ा खेला करते इसमें 65 दिन लगा दिए । इस दौरान पीड़ित छात्रों पर बयान बदलने दबाव बनाया गया । तो उनके बयान पर कोई साक्ष्य प्रस्तुत नही होने का हवाला दिया गया । बोर्ड परीक्षा के दौरान जानबूझकर नकल कराए जाने पर पीड़ित छात्रों ने हर वो घटना अपने बयानों मे बताई लेकिन जिन शिक्षको पर आरोप लगाया गया उनके बयान के आधार पर जांच कर्ता अधिकारियों ने मान लिया कि वहाँ कोई नकल के प्रकरण नहीं हुए । जबकि पीड़ित छात्रों ने शिक्षकों के नाम, उनके द्वारा नकल प्रकरण मे बिना कारण परीक्षा केन्द्र मे आवाजाही, शिकायत नहीं करने का दबाव बनाने सहित अन्य सारी जानकारी अपने बयानों में दी । अधिकारियों ने शिक्षकों को पूरे प्रकरण से बचाने जांच प्रतिवेदन मे जानबूझकर देरी करवाई तो दूसरी ओर जांच प्रतिवेदन में दिए गए बयानों मे भी उलट पलट कर दिया गया । ताकि मामला ज्यादा समय होने के बाद खूद शांत हो जाए । परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद हालंकि पीड़ितों के नंबर कम आने से वे हलाकान रहे । लेकिन इससे शिक्षा विभाग के अधिकारियों, दोषी शिक्षकों पर कोई असर नहीं पड़ा । विवादित शिक्षा अधिकारियों के इस प्रकरण के बाद कई कारनामें लगातार सुर्खियों मे है । इसका खुलासा भी जल्द होगा ।

पीड़ितों को डांटने का आरोप, पालकों का बयान नहीं लिया : नकल प्रकरण की जांच मे दोषी शिक्षकों को बचाने बड़ा खेल किया गया । जांच अधिकारियों पर पहले ही प्रकरण में कोई कार्यवाही न हो पाए ऐसी जांच के लिए दबाव बनाए जाने के संकेत मिले है । पूरे मामले की जानकारी सूचना के अधिकार मे सामने आने के बाद यह भी स्पष्ट हो रहा है कि पीड़ित छात्रों के बयानो को प्रमाणित नही माना गया। जांच के दौरान पीड़ित छात्रों के पालक भी पहुँचें थे लेकिन उनके बयान नही लिए गए ।

जांच प्रतिवेदन बदलने में माहिर हैं अधिकारी – जिपं सभापति विप्लव

मामले की जानकारी होने पर जिपं सभापति विप्लव साहू ने प्रतिक्रिया देते कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत और ऐसे मामलों मे दोषियों को बचाने जांच प्रतिवेदन बदलने मे विभाग के अधिकारी पारंगत है । साहू ने कहा कि अचानकपूर नवांगांव हाईस्कूल प्राचार्य की ग्रामीणों की शिकायत के बाद डीईओं मे शिकायत की गई थी । शिकायत कर्ता वे स्वयं थे । लेकिन स्कूल मे जांच के दौरान उन्हे नही बुलाया गया । वहाँ के तय शिक्षकों और कूछ ग्रामीणो का बयान लेकर संबंधित प्राचार्य के खिलाफ शिकायत को इसी तरह प्रमाणित नही होना बताकर मामले को रफा -दफा करने का प्रयास किया गया । जिले मे शिक्षण और अन्य व्यवस्था मे बड़ा घालमेल किया जा रहा है ।

दुलारदाई डोंगरी में फांसी पर लटके दोनों शवों की हुई शिनाख्तगी

■ **शवों की हुलिया और साक्ष्यों के आधार पर ही परिजनों के द्वारा की गई पहचान**

राजनंदगांव/नवप्रदेश। थाना डोंगरगांव 31 दिसंबर 2024 को थाना प्रभारी निरी. उपेन्द्र कुमार , को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम आमगांव एवं बीजेपार के मध्य स्थित दुलारदाई डोंगरी में अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा फांसी के फंदे मे लटक कर आत्महत्या कर लिया हैं। इस सूचना तस्दीक हेतु थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम गठित कर टीम को लेकर मौके पर पहुंचा सूचना सही पाया , जिसमे दो अज्ञात व्यक्ति पेंड़ पर स्कार्फ का फंदा बनाकर फांसी मे लटक कर आत्महत्या कर लिया हैं , शव पुरी तरह से सड़ी गली अवस्था में होने से शव का पहचान नहीड्ढ हो पायी थी , शव पुरी तरह कंकाल मे तब्दील हो गया था । दोनो पैंट शर्ट पहने हुये थें। जिस पर थाना डोंगरगांव में मर्ग d5 0 117/2024 एवं 118/2024 धारा- 194 BNSS के तहत दो अज्ञात शव का मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही मे लिया गया था, शव की हुलिया एवं साक्ष्यों को ईकठ्ठा कर , थाना डोंगरगांव क्षेत्र के संदेही गुम इंसानों /अपहरण के प्रकरणों के अपहृताओं से मिलान कर पता तलाश किया , जो उक्त दोनो अज्ञात शव का पहचान कर लिया गया हैं जिसकी पहचान गुम इंसान क्र 0-63/2024 -23 अक्टूबर 2024 की गुमशुदा कुमारी जागृति विश्वकर्मा पिता अजीत कुमार विश्वकर्मा, पता - केरेगांव पोस्ट आमगांव थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव के रूप में हुई हैं एवं एक अन्य शव की पहचान कुमारी आरती विश्वकर्मा पिता सुरेश विश्वकर्मा , पता- ग्राम पांगरीकला ,थाना डोंगरगावं जिला राजनांदगांव, छ.ग. के रूप मे उनके परिजनों के द्वारा पहचान की गयी हैं । पहचान होने से शव का पंचनामा कार्यावाही पंचानो के समक्ष , तैयार कर शव का पोस्टमॉर्टम जिला मेडिकल कॉलेज पेंड्री , राजनांदगावं मे विधिवत कराकर शव के कफन दफन के लिए उनके परिजनों को शव सुपुर्दनामा पर दिया गया हैं ।

दूसरे दिन भी पाडादाह ईटार में बंद रही खरीदी

■ **समिति अध्यक्षों ने अधिकारियों से मुलाकात कर परिवहन करने गुहार लगाई**

खैरागढ़/नवप्रदेश। प्रशासनिक व्यवस्था फेल होने से जिले मे लडखड़ाई धान खरीदी केन्द्रों मे परिवहन व्यवस्था नहीं सुधर पाई है। पाडादाह खरीदी केन्द्र में लगातार दूसरे दिन भी जगह नही होने के चलते धान खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह बंद रही । जबकि सूचना के बाद भी परिवहन नहीं किए जाने से ईटार समिति मे लगातार पांच दिनों से धान खरीदी पूरी तरह बंद कर दी गई है । इन केन्द्रों द्वारा पिछले सप्ताह ही खरीदी लायक जगह नही होने, परिवहन कराए जाने के बाद ही धान खरीदी संभव होने की जानकारी डीएमओ सहित जिला प्रशासन को दी गई है। जानकारी देने के बाद भी प्रशासन व्यवस्था बनाने मे नाकाम साबित हो रहा है । जिसके चलते दोनों समितियों मे बुधवार को खरीदी नही हो पाई । जिसके चलते धान बेचने वाहनो मे धान भरकर पहुँचे किसानों को फिर से मायूस होकर लौटना पड़ा । इस दौरान किसानों ने भी जमकर नाराजगी दिखाते कहा कि किराए के वाहनो मे वे धान भरकर पहुँचे है इस तरह बार बार वापस लाने ले जाने से उन्हे आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है । टोकन मे नई तारीख भी समय पर नहीं मिलने से उनके धान की खरीदी बाधित होगी ।

अध्यक्षों ने की एडीएम से मुलाकात

लगातार धान खरीदी मे परिवहन की दिक्कत आने, धान खरीदी बंद रहने से हो रही परेशानी और प्रशासन द्वारा जानकारी दिए जाने के बाद भी हल नही निकालने के चलत पाडादाह, ईटार, मुढ़ीपार और भंडारपूर धान खरीदी केन्द्र के प्राधिकृत अध्यक्षों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुँच एडीएम प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र ठाकुर से मुलाकात कर धान खरीदी बंद होने की जानकारी दी । समिति अध्यक्ष पंकज सिंह ठाकुर, कमलेश भदौरिया, नरोत्तम सिन्हा ने अधिकारियों को बताया कि लगातार परिवहन कराने की सूचना डीएमओ सहित प्रशासन को दी जा रही है । इसके बाद भी परिवहन व्यवस्था नहीं होने से समितियों मे खरीदी बंद है । रोजाना इन समितियों मे 5 हजार क्विंटल से अधिक धान की आवक है । ऐसे में किसानों को वापस भेजने के दौरान रोजाना समिति कर्मचारियों से वाद विवाद की स्थिति सामने आ रही है । समिति अध्यक्षों ने बताया कि इसकी जानकारी देने वे जिला विपणन अधिकारी चंद्रपाल दीवान के पास भी गए थे लेकिन उनके धान खरीदी के दौरान ही अवकाश मे होने की जानकारी मिली ।

सिंधी समाज ने नए वर्ष को विश्व बहराणा साहिब दिवस के रूप में मनाया

भाटापारा/नवप्रदेश । सिंधी समाज का नव वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष चेट्रीचंड्र पर आता है लेकिन अंग्रेजी नव वर्ष जो हमारे लिए मात्र कैलेंडर बदलने की तिथि है इस तिथि को 54 वर्षो बाद चंद्र दर्शन संयोग हो रहा है इस शुभ अवसर पर सिंधी समाज द्वारा अपनी वैदिक परंपरा के अनुसार 1 जनवरी को पूरे विश्व में विश्व बहराणा साहिब दिवस के रूप मनाया गया। समाज के महेश चंदानी ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्व बहराणा दिवस के अवसर पर पूज्य बिरादरी पंचायत एवं सिंधी समाज द्वारा झूलेलाल मंदिर में अपने ईष्ट देवता के स्वरूप पूज्य बहराणा साहब को विधि विधान से बनाकर भगवान झूलेलाल साईं की आरती पूजा कर भगवान से अपने सिंधी समाज व पूरे देश के प्रति सुख,शांति,समृद्धि ,तन्दरूस्ती की कामना की गई।

कटटहा नवांगांव प्राशा में सरस्वती पूजन के साथ मनाया नववर्ष

खैरागढ़/नवप्रदेश। ब्लाक के प्राशा कटटहा नवांगांव में नए साल का स्वागत शिक्षकों और छात्रों ने सरस्वती पूजन के साथ किया । इस दौरान शाला के शिक्षक नीलम कुमार वर्मा ने स्कूली छात्रों को बीते वर्ष मे देश मे हूए प्रमुख घटनाओं, उपलब्धियों सहित अन्य जानकारी दी । प्रपा रामलाल साहू ने इस दौरान सभी छात्रों से नए साल मे बेहतर शिक्षा, अच्छी पढ़ाई, सदगुणो का अनुसरण करने, नियमित शाला आने, साफ सफाई के प्रति सजगता दिखाते इसे लगातार उपयोग मे लाने, की शपथ दिलाई । सरस्वती पूजन के बाद छात्रो को मिष्ठान का वितरण किया गया ।

डबल इंजन की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर फेल : जैन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस कमेटी शहर दक्षिण ब्लॉक के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने अपने एक जारी बयान में कहा कि केंद्र के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत भाजपा सरकार और छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नीत भाजपा सरकार जनहित के हर मोर्चे पर फेल साबित हो रहे हैं। कांग्रेस के द्वारा लगातार जनहित में मुद्दा उठा जाने से भाजपा संगठन और पार्टी की धड़कन बढ़ जाती है। इन दिनों इनकी धड़कन और तेज हो गई है। क्योंकि जनहित के मुद्दों को कांग्रेस जोरशोर से उठा रही है। खिसयानी बिल्ली खम्बा नोचे के तर्ज पर विपक्ष के किसी नेता को जेल भिजवा रही है। तो किसी को किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा रही है। कुछ दिन पहले कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

श्री जैन ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार और केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार इतना तो सत्य है कि देश की प्रबुद्ध जनता की नजरों में गिर चुकी है। देश की जनता महंगाई से बुरी तरह त्रस्त है। केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। तब देश के प्रमुख अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। उस समय महंगाई ऐसी अनाप-शनाप नहीं थी। नियंत्रण में थी भाजपा सरकार के पास महंगाई नियंत्रण के लिए योजना ही नहीं है। सरकार को डर है कि आगामी त्रिस्तरी पंचायती राज चुनाव और नगरी निकाय चुनाव के परिणाम भाजपा के खिलाफ जाएंगे। इसलिए बहाने बाजी करके टालते जा रही है। छत्तीसगढ़ में समर्थन दर पर धान खरीदी योजना में भी भाजपा सरकार की असफलता दिखाई दे रही है। किसान खुद को ठगा महसूस कर रहा है। सोसाइटी में बफर लिमिट से ज्यादा धान हो गया है और धान उपार्जन केंद्रों में धान उठाने में शासन प्रशासन के पसीना छूट रहा हैं। किसान एक मुस्त भुगतान नहीं होने से नाराज है। भाजपा ने चुनाव के समय किसानों को एक मुस्त भुगतान का झूठा वादा किया था। जिसके चक्कर में किसान आ गए अब उन्हें एकमुस्त भुगतान नहीं किया जा रहा है। भूपेश बघेल नीत कांग्रेस सरकार ने किसानों को समर्थन दर पर धान 2500 रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंचाकर किसान हित में बड़ा निर्णय लिया था। उसी की नकल करते हुए भाजपा ने 3100 रुपये प्रति क्विंटल की घोषणा कर सरकार तो बना ली अब देने में टालमटोल कर रही है। सरकारी दफ्तरों पर भी कोई काम नहीं हो रहा है एक-एक काम के लिए जनता को चक्कर काटना पड़ रहा है बेरोजगारों को भी रोजगार के लिए भाजपा सरकार में लगातार चक्कर काटना पड़ रहा है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (वि/यां.) संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-10414/NIT-07/2024-2025/ व ले लि — दिनांक : 01/01/2025

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 10.01.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 27.01.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 28.01.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
कार्य की अवधि 31.12.2025 वर्षा ऋतु सहित
निविदा प्रपत्र की कीमत 750/- रूपये
निविदाकारों की श्रेणी ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी 'द' से 'अ' तक

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	अमानत राशि (रू. में)
	ब्लाक कोरबा जिला कोरबा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के विभिन्न आवासीय भवनों में विद्युतीकरण का कार्य		
7 T0149	स्यांग	4.02	4020.00
7 T0150	अजगरबहार	4.02	4020.00
7 T0151	लाफा	4.02	4020.00
7 T0152	सपलवा	4.02	4020.00
7 T0153	कोरबी	4.02	4020.00
7 T0155	माचाडोली	4.02	4020.00
	जिला-कोरबा अंतर्गत विभिन्न स्थानों में 4 नग शिक्षक आवास गृह आवासीय छात्रावास में विद्युतीकरण कार्य		
7 T0156	वि.ख. कोरबा के अजगरबहार	4.46	4460.00
7 T0157	वि.ख. कोरबा के कुदमुरा	4.46	4460.00
7 T0158	वि.ख. कटघोरा के कटघोरा	4.46	4460.00
7 T0159	वि.ख. कटघोरा के रंजना	4.46	4460.00
7 T0160	वि.ख. करतला के रामपुर	4.46	4460.00
7 T0161	वि.ख. कटघोरा के बरपाली	4.46	4460.00
7 T0162	वि.ख. कटघोरा के करतला	4.46	4460.00
7 T0163	वि.ख. कोरबा के लेमरू	4.46	4460.00
7 T0164	वि.ख. कोरबा के श्यांग	4.46	4460.00
7 T0165	वि.ख. कोरबा केकोरकोमा	4.46	4460.00
7 T0166	कटघोरा जिला कोरबा के एफ टाईप आवासीय ज्यूडीसरी आफिस में विद्युतीकरण कार्य	3.40	3400.00
7 T0167	लोनिवि वि/यां. उपसंभाग कोरबा अंतर्गत दीपका-हरदी बाजार एरिया में बजट/ डिपाजिट/ए.आर./एस. आर./ कंटिनजेंसी मद में संभावित विद्युतीकरण कार्य	4.99	4990.00
7 T0168	लोनिवि वि/यां. उपसंभाग कोरबा अंतर्गत रामपुर एरिया में बजट /डिपाजिट/ए.आर./एस.आर./कंटिनजेंसी मद में संभावित विद्युतीकरण कार्य	4.98	4980.00

नोट –
1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा।
2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बडे लिफाफा-1 के अंदर निविदा सूचना क्रमांक एवं ग्रुप क्रमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी।
3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है।
4. आवेदन के जीएसटी नंबर संलग्न करना अनिवार्य है ।
5. वित्तीय वर्ष 2023-24 का जीएसटी रिटर्न की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. ईपीएफ नंबर की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी–242505043/5

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि/यां)
संभाग बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

क्र.1283 / विद्युत / 2024 — दिनांक 27.12.2024

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा छ.रा.वि. मडल एवं छत्तीसगढ़ अनुज्ञापन मंडल (विद्युत) में उचित श्रेणी में विद्युतीकरण कार्य हेतु पंजीकृत/लाईसेंसी ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रू.लाख में)	निविदा डालने की अंतिम तिथि
1	नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत राजीव गांधी ऑडिटोरियम में लाईट. पंखा एवं डी.जी. सेट प्रदाय एवं स्थापना कार्य। (जिला खनिज संस्थान मद) (द्वितीय निविदा)	33.74	14.01.2025 (T.No.163550)

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेब साईट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

।। स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें।।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

निविदा आमंत्रण तिथि : 31.12.2024

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए Log in करें http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- स.क्र. 01 पत्थलगांव, स.क्र. 2 सूरजपुर एवं स.क्र. 3 से 8 अम्बिकापुर संभाग
03. सं. क्र. 02 से 07 'द' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार, सं. क्र. 01 और 08 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि स.क्र. 1 - 15.01.2025 एवं स.क्र. 2 से 8 - 21.01.2025

सरल क्र.	एन.आई.टी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3	4
1	155	जिला जशपुर के जुनाडीह पुल से कोगाबहरी पहुंच मार्ग लम्बाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)	182.80
2	156	उपसंभाग सूरजपुर अंतर्गत रेस्ट हाउस / सर्कित हाउस भवनों, संभागीय कार्यालय परिसर सूरजपुर के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों, महाविद्यालय भवन, स्कूल भवन, कोर्ट भवन सूरजपुर /प्रतापपुर, जेल भवन, फेमिली कोर्ट सूरजपुर एवं आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में साधारण गरम्मत, अपग्रेडेशन एवं रेनोवेशन कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	92.00
3	157	विकासाण्ड मैनपाट अंतर्गत कोटछाल से गौतम चौक तक लंबाई 0.45 मीटर में सी.सी. सडक निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	33.83
4	158	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 अम्विकापुर के अंतर्गत दरिमा हवाई पट्टी के अंतर्गत साधारण मरम्मत एवं शासकीय आवासीय/ गैर आवासीय भवनों का साधारण मरम्मत कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	39.97
5	159	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 अम्बिकापुर के अंतर्गत एफ 04, डी 01, एफ 10, एफ 12, एफ 6, एफ 5, एफ 12 व एफ 08 एवं अन्य शासकीय आवासीय भवन सिविल लाइन का साधारण मरम्मत एवं रंगाई पोताई का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	39.99
6	160	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 अम्बिकापुर के अंतर्गत व्ही.आई.पी. भवन सिविल लाईन एवं आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	30.00
7	161	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र.1 अम्बिकापुर के अंतर्गत (एफ 13, एफ 9 एवं अन्य) एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई एवं साधारण मरम्मत का कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	29.86
8	162	जिला सरगुजा के मैनपाट में स्टेडियम का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	165.04

जी–242505023/7

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

रतनपुर सहित पोंडी (चपोरा), पचरा, नवागांव, कर्रा में सैकड़ों क्विंटल धान जाम

समर्थन मूल्य में अब तक धान की हुई जितनी खरीदी, उपार्जन केंद्रों से आधे का भी उठाव नहीं

■ अब तक 1.62 करोड़ क्विंटल धान की खरीदी

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले में अब तक समर्थन मूल्य में जितनी धान खरीदी हुई है उसमें आधे से अधिक धान उठाव के इंतजार में उपार्जन केंद्रों में ही रखा हुआ है। बिलासपुर सहित जीपीएम, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा और सक्ती में अब तक एक करोड़ 62 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, जिसमें सिर्फ 80 लाख क्विंटल धान का उठाव उपार्जन केंद्रों से हुआ है। सबसे अधिक रतनपुर के पोंडी (चपोरा), नवागांव, पचरा, भरारी, रतनपुर, कर्रा और लखराम उपार्जन केंद्रों में धान उठाव के इंतजार में है।

जिले में समर्थन मूल्य में धान खरीदी की शुरुआत के समय धान का उठाव ठीक चल रहा था, लेकिन जैसे-जैसे उपार्जन केंद्रों में धान का आवक तेज हुआ उठाव कमजोर होते गया। इस तरह जितनी खरीदी की गई है अब तक उसमें आधे का ही उठाव हो पाया है। उठाव ठीक समय में नहीं होने के कारण उपार्जन केंद्र प्रभारी परेशान हैं और सूखत की स्थिति निर्मित हो सकती है। हालांकि मुंगेली में उठाव की स्थिति अच्छी है, लेकिन बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, कोरबा, सक्ती और जीपीएम में उठाव बहुत धीमी गति से चल रही है। वहीं मौसम खराब हो जाने के कारण भी चिंता का विषय है। हालांकि धान को कैप कवर से ढककर सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। मिलर्स भी डीओ कटने के बाद समय पर धान उठाव नहीं कर रहे हैं, जिससे शासन को भारी नुकसान होने की संभावना है।

मस्तूरी विकासखंड के अधिकांश उपार्जन केंद्र भी जाम

समर्थन मूल्य में धान खरीदी अभी करीब एक माह तक चलेगी और समय पर उठाव नहीं होने के कारण कई उपार्जन केंद्रों में पैर रखने की जगह तक नहीं है। शहर से लगे उपार्जन केंद्र सरकंडा, सेंदरी, बिरकोना, मोपका में जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं मस्तूरी विकासखंड के उपार्जन केंद्रों का है, जहां ठीक से उठाव नहीं होने के कारण प्रबंधक और उपार्जन केंद्र प्रभारी परेशान हैं। उपर से मौसम खराब होने के कारण धान भीगने की स्थिति में है, लेकिन कैप कवर से सुरक्षित रखने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्य मार्ग को छोड़कर अंदर में स्थित उपार्जन केंद्र ओखर, विद्याडीह, भटचौरा, बहतरा में उठाव के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मिलर्स डीओ कटवाकर धान नहीं उठा रहे हैं, जिससे धान में सूखत की स्थिति निर्मित होने की संभावना है।

संग्रहण केंद्रों में भी भंडारण

कस्टम मिलिंग के अलावा संग्रहण केंद्र के लिए भी धान का उठाव किया जा रहा है। जिले में मोपका, बिल्हा और भरनी संग्रहण केंद्र को धान भंडारण के लिए खोला गया है। इसके अलावा मिलर्स द्वारा सीधे उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव किया जा रहा है। बफर लिमिट से ज्यादा जिन उपार्जन केंद्रों में धान है वहां का धान प्राथमिकता से उठाव कर रहे हैं।

शंभू कुमार गुप्ता
डीएमओ, बिलासपुर

■ न्यूज गैलरी

उत्तरी शुष्क हवाओं के कारण बढ़ी ठंड

बिलासपुर/नवप्रदेश। उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन जारी है किंतु एक पश्चिमी विक्षोभ चार जनवरी को उत्तर भारत को प्रभावित करने की संभावना है इसके कारण नमीयुक्त हवाओं का आगमन प्रारंभ होने की संभावना साथ ही हवा के दिशा में भी परिवर्तन होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश में दिनांक 3 जनवरी (4 जनवरी के प्रातःकाल) को न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है इसके विपरीत न्यूनतम तापमान में वृद्धि संभावित है। प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 4 जनवरी से 7 जनवरी तक लगातार वृद्धि होने की संभावना है जिसके कारण न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री के आसपास वृद्धि संभावित है।

ए आई तकनीक आधारित रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ बेहतर रोगी सुरक्षा के लिए स्मार्ट बेड की शुरुआत

नववर्ष पर अपोलो हॉस्पिटल में मरीजों के लिए नवीनतम तकनीक का उपहार

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा हेतु अग्रणी संस्थान अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में छत्तीसगढ़ में पहली बार अपने मरीजों की समुचित देखभाल हेतु एक नई सुविधा ए आई तकनीक आधारित रिमोट मॉनिटरिंग सिस्टम और दूसरी द्वारा विकसित अर्ली वार्निंग सिस्टम के साथ बेहतर रोगी सुरक्षा हेतु स्मार्ट बेड की शुरुआत की है।

अरनव राहा, संस्था प्रमुख अपोलो हॉस्पिटल्स बिलासपुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि अपोलो समूह सदैव बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध रहा है, और इसी क्रम में मरीजों की बेहतर स्वास्थ्य मॉनिटरिंग हेतु इस तकनीक को छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर में आत्मसात किया है, जो कि मरीज के उपचार की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने आगे बताया कि इस तकनीक के माध्यम से मरीज के बिस्तर पर एक सेंसर लगाया जाता है जो कि मरीज के शरीर को कहीं भी स्पर्श नहीं करता और यह सेंसर एक छोटी मशीन से जुड़ा होता है। इसके द्वारा मरीज के रक्तचाप, एस पी ओ 2, पल्स, हार्ट रेट, तापमान आदि की निरंतर रूप से निगरानी की जाती है तथा किसी भी असामान्यता की जानकारी तत्काल ही संबंधित नर्सिंग, स्टेशन दूरस्थ अपोलो कमांड सेंटर हैदराबाद जहां अपोलो समूह के 1800 बेड जुड़े हुए हैं, को तथा संबंधित चिकित्सक को प्रेषित हो जाती है और मरीज के समीपस्थ उपस्थित स्टाफ के द्वारा तुरंत ही मरीज को आवश्यक उपचार प्रदान कर दिया जाता है। इस तकनीक से मरीज के उपरोक्त वर्णित पैरामीटर में होने वाले असामान्य परिवर्तन का तत्काल ही पता लगने से मरीजों को त्वरित उपचार कर उनके जीवन को बचाने में कारगर सिद्ध होता है।

छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम यह तकनीक अपोलो हॉस्पिटल में आरंभ

छत्तीसगढ़ में सर्वप्रथम इस तकनीक अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा आरंभ किया जा रहा है तथा सभी संबंधित स्टाफ एवं चिकित्सकों को संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है, जिसका लाभ अंचल के सभी मरीजों को प्राप्त होगा। उन्होंने आगे बताया। की आरंभिक 10 बिस्तरों के परिणामों को देखने के उपरांत आगे भी इसके विस्तार की योजना बनाई जाएगी।

अधिवक्ता डॉ. लाल सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के अधिवक्ता व एससीबीए के सदस्य बने

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर अधिवक्ता हरीश लाल एवं व्याख्याता अर्पणा लाल के पुत्र डॉक्टर अर्पित लाल हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की सिविल अपिलिएट जूरिस्डिक्शन के अंतर्गत अपना पहला केस जीते और इसके साथ ही साथ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के द्वारा आयोजित इंटरव्यू को पास करके सुप्रीम कोर्ट ऑफ़ इंडिया के अधिवक्ता एवं सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के सदस्य बन गए हैं। अर्पित ने अपनी वकालत अपने पिता अधिवक्ता हरीश लाल के मार्गदर्शन में हाईकोर्ट में शुरू किया। अब अर्पित भारत की सर्वोच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं विभिन्न उच्च न्यायालय के समक्ष लॉ की प्रैक्टिस करते हैं। पिछले वर्ष अर्पित सेल्फ स्टडी से भारत के सबसे शिक्षित राज्य केरल न्यायिक सेवा को अपने पहले प्रयास में पास किया था हालांकि मलयालम भाषा के पेपर में डिसक्वालीफाई होने पर उनका अंतिम चयन नहीं हुआ। केरल न्यायिक सेवा को मध्य भारत क्षेत्र से पास करने वाले अर्पित पहले अभ्यर्थी बने। अर्पित छत्तीसगढ़ राज्यपाल के द्वारा पुरस्कृत है और छत्तीसगढ़ राज्य में सबसे ज्यादा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अर्पित के नाम पर है और थियोलॉजी के क्षेत्र में विश्व के सबसे युवा डॉक्टरेट डिग्री धारक है। इसके साथ ही साथ अर्पित की कई आश्चर्यजनक उपलब्धियां है और उन्हें बहुत से सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता बनकर, नई दिल्ली से अपने नगर कोटा में प्रथम आगमन पर संयुक्त मसीही समाज करगी रोड कोटा के द्वारा सीएनआई चर्च परिसर में संयुक्त मसीही समाज के पास्टर एवं चर्च के सदस्यों के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया।

सुबह 6 बजे से सभी जोन कमिश्नर निकलें फील्ड पर, लायंस की टीम भी उतरी मैदान में

■ नए साल की स्वच्छ शुरूआत, नए वार्डों में मैकेनाइज्ड और मैन्युअल सफाई शुरू

बिलासपुर/नवप्रदेश। नए साल का पहला दिन शहरवासियों के लिए एक अच्छी और स्वच्छ सवेरा लेकर आया। व्यवस्थित साफ-सफाई की बांट जोह रहे नए वार्ड के रहवासियों को 1 जनवरी को सुबह मिली मैकेनाइज्ड और मैन्युअल स्विपिंग की सौगात, जिससे आने वाले दिनों में पुराने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सफाई और सर्वेक्षण में बिलासपुर के बेहतर रैंक आने की उम्मीद है। नगर निगम सीमा में जुड़े नए क्षेत्रों की सड़कें और गलियां भी अब साफ-सूथरी नजर आएगी। अब तक नगर निगम के पुराने क्षेत्रों में साफ-सफाई का काम संभालने वाली लायंस सर्विसेस कंपनी ने नए जुड़े वार्डों में भी मैकेनाइज्ड और मैन्युअल सफाई शुरू कर दिया है। मैकेनाइज्ड और मैन्युअल स्विपिंग का दायरा बढ़ाते हुए नगर निगम ने स्वीकृति मिलने के बाद 18 नए वार्ड जिसमें 15 पुराने ग्राम पंचायत, 2 नगर पंचायत और 1 नगर पालिका शामिल है, वहां इस व्यवस्था को लागू करने का पिछले दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में एग्रीमेंट किया था। जिसमें 1 जनवरी 2025 से प्रारंभ करने की तैयारी थी। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर साल के पहले दिन इसे शुरू कर दिया गया।

449 नए आवासीय बीट, 45 व्यावसायिक बीट, 790 की नई टीम

नए क्षेत्रों में व्यवस्थित सफाई के लिए पूरे क्षेत्र के लिए 449 नए आवासीय बीट, 45 व्यावसायिक बीट निर्धारित किए गए है, जिसके जरिए सफाई कार्य किए जाएंगे, इसके अलावा सभी मुख्य मार्गों जिसमें हाइवे भी शामिल है, कुल 11 किमी का मैकेनिकल सफाई किया जाएगा। पुराने क्षेत्र को अभी 400 आवासीय और 75 व्यावसायिक बीट में बांटकर सफाई कार्य किया जा रहा हैं, जिसमें 775 कर्मी कार्यरत हैं। नए क्षेत्रों में इस व्यवस्था के तहत कार्य शुरु होने पर पूरे शहर में कुल 849 आवासीय बीट, 120 व्यावसायिक बीट हो जाएंगे और 1565 सफाई कर्मी मिलकर पूरे शहर को स्वच्छ रखेंगे।

आप ने निकाय चुनाव के लिए प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति की गठित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी ने नगरीय निकाय चुनाव के लिए प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति का गठन किया है। आम आदमी पार्टी ने आज शाम छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरी निकाय चुनाव हेतु प्रदेश स्तरीय चुनाव समिति का गठन कर समिति के सदस्यों की सूची जारी कर दी। बिलासपुर से प्रदेश स्तरीय समिति में जिला अध्यक्ष ग्रामीण खगेश चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला एवं प्रदेश यूथ विंग अध्यक्ष अरुण नायर को भी स्थान मिला।

मोपका के सरकारी जमीन में अवैध कब्जा की जांच करने कलेक्टर ने बनाई टीम

■ 10 जनवरी तक काबिज लोगों से मांगे प्रमाणित दस्तावेज

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोपका में सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा की जांच करने के लिए कलेक्टर ने टीम गठित कर दिया है। खसरा नंबर 992 और 993 में काबिज लोगों से 10 जनवरी तक तहसील कार्यालय में दस्तावेज जमा करने के लिए कहा गया है। इसके बाद दिए दस्तावेजों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत मोपका की सैकड़ों एकड़ सरकारी जमीन गायब है। राजस्व रिकॉर्ड में तो सैकड़ों एकड़ जमीन सरकारी दिखा रहा है लेकिन मौके पर पूरी बस्ती बस गई है। यही नहीं चर्च और कालोनियां बन चुकी है। पिछले 20-22 साल में जितने भी तहसीलदार और एसडीएम बने सबने आंख मूंदकर सरकारी जमीन में अवैध कब्जा कराया। यहां तक कि चर्च के नाम जमीन एलाट कर दी गई और रातों रात चर्च बन गए। भू-माफियाओं ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से मिलकर न केवल प्लाट बेचे, कालोनियां भी बसा ली। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर कई शिकायतें हुई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। यही कारण है बेजा कब्जाधारियों के हौसले बुलंद होते गए। अब कलेक्टर अवनीश शरण ने मामले की जांच कराने का निर्णय लिया है। यही कारण है कि उन्होंने मोपका के खसरा नंबर 992 और 993 से संबंधित बेजा कब्जा की जांच कराने के लिए एक टीम का गठन किया है। इन दोनों खसरे की भूमि निस्तार पत्रक में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। कलेक्टर द्वारा जांच टीम गठित करने के बाद एसडीएम ने एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया है।



ढाबे में शराब बेच रहा भाजपा का पूर्व पार्षद गिरफ्तार

रतनपुर/नवप्रदेश। रतनपुर के ढाबे में शराब पिलाने और बेचेने की लगातार शिकायत के बाद रतनपुर पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व पार्षद को गिरफ्तार किया है। नए साल के आगमन पर रतनपुर पुलिस ने ढाबों में अवैध शराब बिक्री और शराब बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए पुलिस कप्तान रजनेश सिंह निर्देश मिलने के बाद इस कार्यवाही को अंजाम दिया। इस दौरान खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताने वाले ढाबा संचालक जयप्रकाश कश्यप ने अपनी धौस दिखाने की भी कोशिश की लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी और पूर्व पार्षद के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। 31 दिसंबर की रात रतनपुर पुलिस ने जय ढाबा, बाईपास मेनरोड में दबिश दी। पुलिस को देखकर ढाबा संचालक और उसके कर्मचारियों ने शराब की बोतलें बाहर फेंक दीं। पुलिस ने वीडियो बनाकर इन बोतलों को बरामद कर ढाबा संचालक जयप्रकाश कश्यप के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। जयप्रकाश कश्यप जो खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताता था, पुलिस के खिलाफ दबाव बना रहा था। हालांकि इसके बावजूद पुलिस ने उसे चेतावनी दी थी। यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी कश्यप के खिलाफ शराब बेचने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अवैध शराब, गॉजा और कबाड़ के व्यापारियों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। 1 जनवरी और 2 जनवरी को भी पुलिस ने ऐसे अवैध कामों के खिलाफ मुहिम जारी रखी है। जिले के लगभग हर थाने क्षेत्र में स्थित ढाबों में अवैध रूप से मदिरा की बिक्री और सेवन करवाया जा रहा है, लेकिन बिलासपुर का आबकारी विभाग का अमला सिर्फ कच्ची शराब, महुआ और लहान की धरपकड़ कर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रहा है। वही जो काम आबकारी विभाग का है वह काम पुलिस प्रशासन करता नजर आ रहा है।

ढाबा संचालक ने दिखाई धौस, पुलिस ने बनाया वीडियो

त्रिलोक ने सहयोगियों सहित नेता प्रतिपक्ष को दी नववर्ष की बधाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के कांग्रेस नेता त्रिलोकचंद्र श्रीवास, राष्ट्रीय समन्वयक-अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, प्रभारी-उत्तर प्रदेश तथा गुजरात ने आज नूतन वर्ष के अवसर पर रायपुर जाकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत को अपने सहयोगियों जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी पंडित नवल किशोर शर्मा मोहन जायसवाल मनोज श्रीवास मुकेश अग्रवाल पार्थ कुमार के साथ नूतन वर्ष की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर डॉक्टर महंत ने त्रिलोक श्रीवास सहित सभी जनों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

रेलवे

सहायक सिग्नल व दूरसंचार इंजीनियर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर दे चुके हैं सेवाएं

तरूण प्रकाश ने रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार संभाला

बिलासपुर/नवप्रदेश। तरूण प्रकाश ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर पदभार ग्रहण किया। इस नियुक्ति से पहले वे रेलवे बोर्ड में प्रधान कार्यकारी निदेशक (सिग्नल एवं दूरसंचार)/विकास के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। तरूण प्रकाश भारतीय रेल सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने आईआईटी रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन में बी.टेक. और आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में एम.टेक. की डिग्री प्राप्त की है। प्रबंधन क्षेत्र में उन्होंने बिकोन्नी मेलॉन और आईएसबी हैदराबाद से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने मलेशिया और सिंगापुर जैसे देशों के ख्याति प्राप्त संस्थानों से अध्ययन और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। तरूण प्रकाश, महाप्रबंधक ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले भी प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके नेतृत्व और तकनीकी दक्षता से रेलवे को उस समय व्यापक लाभ प्राप्त हुआ था। उन्होंने अपनी रेल सेवा की शुरुआत उत्तर रेलवे में सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में की थी और इसके बाद विभिन्न महत्वपूर्ण पदों जैसे उत्तर रेलवे में मुख्य संचार इंजीनियर, मुरादाबाद मंडल में मंडल रेल प्रबंधक और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में अपनी सेवाएं दीं है।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उन्नत कार्यों को दे रहा गति

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे वर्तमान में प्रमुख स्टेशनों के पुनर्विकास और अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के उन्नयन कार्यों को गति दे रहा है। साथ ही रेलवे की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए दोहरीकरण, तीसरी और चौथी रेल लाइनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है तथा सभी महत्वपूर्ण रेलखंडों में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग के कार्य भी तीव्र गति से किए जा रहे है। महाप्रबंधक के रूप में तरूण प्रकाश के नेतृत्व में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अधोसंरचना और यात्री सुविधाओं के कार्यो को और भी अधिक ज्यादा गति मिल सके।

न्यूज गैलरी

राजस्व, कृषि व मंडी की संयुक्त टीम ने की 312 बोरी धान जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में कलेक्टर राहुल देव के मार्गदर्शन में जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से लगातार जारी है। वहीं अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचियों-बिचौलियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। लोरमी एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार क्षेत्र में राजस्व, कृषि एवं मंडी की संयुक्त टीम द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान ग्राम डिंडोरी में श्री पुष्पराज साहू द्वारा अवैध धान 312 बोरी (125 क्विंटल) भंडारण पाया गया। पूछताछ करने पर पुष्पराज द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज पेश नहीं किए जाने के कारण संपूर्ण धान की जब्ती की कार्यवाही की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार सीपी सोनी एवं शांतनु तारम, आर.ए.ई.ओ. रामेश्वर ध्रुव, अशोक क्षत्रिय, उप निरीक्षक विहर्षवर्धन पाटले और भूपेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

रायगढ में 2 बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत, 5 युवक घायल

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिला के अमलीडीह रोड पर दो बाईक आमने सामने से टकरा गई। इससे बाईक सवार 5 युवक घायल हो गए। जिसमें एक युवक को गंभीर चोट पहुंची। जिसे ईलाज के लिए रायगढ़ रिफर किया गया है। घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात करीब साढ़े 8 बजे घरघोड़ा के अमलीडीह के पास भालूमार जाने वाले तिराहे के पास तेज रफ्तार दो मोटर सायकिल सामने से टकरा गई। इससे बाईक में सवार अमलीडीह का रहने वाला बबलू निषाद 22 साल, हेमसागर निषाद 23 साल, तरूण लाल राठिया 23 साल, भेण्ड्रा निवासी भुजगेन्द्र सारथी 23 साल व एक अन्य युवक गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों ने जब घटना को देखा, तो तत्काल मौके पर पहुंचे और डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद डायल 112 के जवान वहां पहुंचे और घायलों को ईलाज के लिए घरघोड़ा अस्पताल ले जाया गया। जहां घायलों का ईलाज शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि इस घटना से एक युवक को गंभीर चोट पहुंची।

नगर के बीचों-बीच बहने वाली आगर नदी कभी जीवनदायिनी नदी के रूप में पहचानी जाती थी

आगर नदी इस बार ठण्ड में ही सूखने लगी, नगर को नहीं मिल रहा एनीकट का लाभ

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर के मध्य में बहने वाली आगर नदी इस बार ठण्ड के मौसम से ही सूखने लगी। नदी में नालियों का गंदा पानी बह रहा है। जल संसाधन विभाग द्वारा बड़ा बाजार में बनाए गए एनीकट का लाभ नगर को नहीं मिल पा रहा है।

नगर के बीचों-बीच बहने वाली आगर नदी कभी जीवनदायिनी नदी के रूप में पहचानी जाती थी। चार-पाँच वर्ष पूर्व आगर नदी में बारहो महिने पानी रहता था। जनवरी माह में ही पानी सुखने लग गया था। नदी में अब नालियों का पानी ही नजर आता है। शहर की सभी नालियों का गंदा पानी नदी से जुड़ा हुआ है। जिसके कारण नदी में गंदे पानी का बहाव होते रहता हैं। जिसके चलते नदी में सड़ांध उत्पन्न होने लगा है। बहती नदी में साफ पानी देखने के लिए शहर वासियों को तरसना पड़ रहा है। नगर पालिका कार्यालय के पीछे पचरी घाट, कचहरी घाट, पुलपारा, बड़ा बाजार, मलाई घाट आदि में लोगों का निस्तारी होता था। जल स्तर बढ़ाने के नाम से पेण्डारा कापा के पास बनाया गया स्टाप डेम रख रखाव के अभाव में गंदे पानी से भर गया है। वर्तमान में नदी का पानी पूरी तरह से सूख गया है। बड़ा बाजार में सिंचाई विभाग द्वारा बनाया गया एनीकट में ऊंचाई कम होने से एनीकट के पास पानी का भराव नहीं रहता। नदी के किनारे बहने वाले नाली के पानी के लिए नदी के किनारे बड़ा सा नाला बनाने के लिए योजना भी आधी-अधूरी रह गई। नदी के

सौंदर्यीकरण के तहत नदी के किनारे-किनारे सड़क एवं चौपाटी बनाये जाने की योजना पूर्व में बनाई गई थी। सरकार बदलने के बाद योजना तो बनी किन्तु कार्य रूप चार साल बीत जाने के बाद भी परिणीत नही हो पाई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुंगेली नगर आगमन पर घोषणा तो की गई थी। किन्तु अभी भी इसे अमलीजामा नही पहनाया जा सका है। अब देखना यह है कि जनप्रतिनिधि इस योजना को कब तक अमली जामा पहनाते है।

स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा

नदी किनारे सौंदर्यीकरण के नाम पर योजना का प्रारूप रायपुर भेजा गया है। स्वीकृति नही मिल पाई है। स्वीकृति मिलते ही कार्य प्रारंभ किया जायेगा।
-आशीष तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, मुंगेली

यदि यह योजना तैयार हो जाती है तो आवागमन के साथ ही नालियों का गंदा पानी की निकासी की अलग से व्यवस्था हो जाएगी। समय रहते यदि इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ी के लिए आगर नदी सिर्फ इतिहास बन कर रह जायेगी।

74432 मीट्रिक टन का डीओ जारी, 36143.96 मीट्रिक टन धान का हुआ उठाव

जिले में अब तक 145892.68 मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

बलरामपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के मार्गदर्शन में किसानों से सुचारू रूप से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में अब तक 49 समितियों में कुल 145892.68 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। जिले के सहकारी समिति कपिलदेवपुर में 25000 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

इसी प्रकार बादा में 16158.40, कुसमी में 30856, जवाहरनगर में 14996.80, कामेश्वरनगर में 58260.40, कोदवा 10404.80, गोपालपुर में 19590, भेंडरी 14186.80, चांदो में 38036.80, जमड़ी में 69512.80, जिगड़ी में 16075.20, जोकापाट (भरतपुर) में 7948.40, डूमरपान में 30726.80, डिण्डो में 40031.20, डीपाडीह में 20490, डोंगरो में 20442, गांजर में 13457.60, त्रिकुण्डा में 41824.80, बगरा में 26239.20, तातापानी में 29967.20, धंधापुर में

38753.60, डौरा में 28666, पस्ता में 16451.20, बड़कागांव में 38764.80, बरतीकला में 39351.20, बरदर में 25270, आरा में 13612.80, बरियों में 35856.80, बलंगी में 24112.80, बलरामपुर में 43378.40, बसंतपुर में 37634.40, भुलसीकला में 12994.40, भंवरमाल में 42674, रामानुजगंज में 30312.40, महाराजगंज में 44766.40, महावीरगंज में 24460.80, विजयनगर में 4009.60, रघुनाथनगर में 29574.40, रनहत में 34569.20, राजपुर में 51071.20, दोलंगी 21883.20, रामचन्द्रपुर में 24903.60, रामनगर में 40977.20, वाड्रफनगर में 27834, स्याही में 86871.60, विरेन्द्रनगर में 41209.60, सरना में 33419.60, सेवारी में 35894.80एवं सामरी में 9814.80 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है।

25946 किसानों को किया गया पैसे का भुगतान

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर जिले के 49 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। जिले में 50 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक 145892.68 मीट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है।

अवैध धान के परिवहन पर की जा रही कार्यवाही

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन प्रक्रिया के दौरान अवैध धान भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले में सूचना तंत्र को मजबूत बनाते हुए अवैध परिवहन की हर सूचना पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। खाद्य अधिकारी ने जानकारी दी है कि धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए जिले में 21 चेकपोस्ट बनाए गए हैं और कुल 34 प्रकरण बनाए गए जिसमें से 1469.20 क्विंटल धान एवं 33 वाहन जप्त किया गया।

राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव के द्वारा जिले के सभी पटवारी को फील्ड में भेज कर बी-वन का वाचन करने एवं अभियान चलाकर नामांतरण, बंटवारा, नक्शा बटांकन आदि राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में पथरिया एसडीएम बी.आर. ठाकुर द्वारा तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

एसडीएम श्री ठाकुर ने बताया कि हल्का पटवारी गांव में उपस्थित होकर बी-वन का वाचन करेंगे और जो खातेदार बी-वन वाचन के समय उपस्थित नहीं हुए हैं उनके घर-घर जाकर त्रुटि सुधार, फौती नामांतरण की जानकारी प्राप्त करेंगे और इसका दैनिक रिपोर्ट प्रतिदिन प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि वीडियो कॉल के माध्यम से सभी पटवारियों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है और इसकी सतत मॉनिटरिंग के लिए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। श्री ठाकुर ने बताया कि अनुविभाग के थाना प्रभारियों की बैठक कर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। इस संबंध में राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी को असामाजिक तत्वों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर द्वारा शैक्षणिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि में गुटका तंबाकू आदि नशीले पदार्थ के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने के लिए संबंधित दुकानों एवं ठेला संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अनुविभाग के राजस्व अधिकारियों को इस संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। धान खरीदी को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नियमित भौतिक सत्यापन, अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बैठक में पथरिया तहसीलदार छाया अग्रवाल, सरगांव तहसीलदार अतुल वैष्णव सहित अन्य राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

नए साल में गार्डन एवं मंदिरों में लोगों की लगी रही भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। नए साल में गार्डन एवं मंदिरों में लोगों की भीड़ लगी रही। युवा वर्ग नव वर्ष को यादगार बनाने के लिये पिकनिक स्पॉट पर मनाते रहे। गली-मोहल्लों में महफिल सजाई गई और देर रात लोग डीजे की धुनों पर झूमते-नाचते रहे। घड़ी में 12 बजते ही शुरू हुआ उल्लास पूरे रात जारी रहा। पटाखों और आतिशबाजी के बीच नए साल की शुरूआत की गई। दूसरे दिन 1 जनवरी को लोग एक-दूसरे को नये वर्ष की शुभकामना देते रहे।

नव वर्ष 2025 के स्वागत करने के लिये युवा वर्ग दो-तीन दिन पूर्व से ही तैयारी में जुट गये थे। लोग न्यू ईयर मनाने के लिए उत्साहित नजर आये। बीती रात सड़को पर हैप्पी न्यू ईयर, वैलकम 2025 आदि नारे लिखकर 31 दिसंबर का सेलीब्रेट करते रहे। रात्रि में बच्चे एवं युवा आतिशबाजी कर नये साल का स्वागत करते रहे। सड़क गलियों से लेकर घरों में लोगों ने जश्न मनाते हुए रात के तीसरे पहर तक धमाल मचाया। मोहल्लों में अलग-अलग महफिल सजी रही और लोग

पकवानों का लुत्फ उठाते रहे। शांती और सौहार्द्रपूर्ण माहौल के बीच नववर्ष 2025 का आगाज हुआ। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर खुशियां बांटी। बधाई देने का सिलसिला रात 12 बजे से ही शुरू हो गया। जिसकी वजह से मोबाइल व इंटरनेट के सिग्नल भी व्यस्त हो गए और लोगों को एक दूसरे को कॉल करने व संदेश भेजने में असुविधा हुई। वाट्सएप के जरिए लोग एक-दूसरे को नए वर्ष की बधाईयां देते रहे। जिले में नए साल की खुशियां मनाने के लिए हॉटल और डांस फ्लोर की कमी लोगों को खली। इसी वजह से लोगों ने अपने बच्चों और घरवालों के साथ पार्टी का आयोजन कर केक काटे तो कई जगह में डीजे व फटाके के साथ मौज मस्ती व धूम मचाई गई। लोगों ने नये वर्ष का शुभारंभ पिकनिक स्पाट, मंदिर, जंगल एवं दर्शनीय स्थलो में मनाते रहे। नववर्ष की सुबह से ही श्रद्धालु महिलाओं एवं बच्चें नगर के शंकर मंदिर, महामाया मंदिर एवं सांई मंदिर में जाकर वर्ष के प्रथम दिन की शुरूआत की। लोग दिन भर एक-दूसरे को नये वर्ष की बधाई तथा मोबाइल पर मेसेज में लगे रहे। नये वर्ष का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में मद्य प्रेमी शराब दुकान में शराब खरीदने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे। फ्लस्वरूप अच्छी खांसी भीड़ लग गई। बीते साल की खट्टी-मीठी यादों को शहर भूल गया।

गांधी चौक दुकानों के आबंटन की कार्रवाई 6 जनवरी को

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अम्बिकापुर के सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर ने बताया कि नगर पालिक निगम अम्बिकापुर द्वारा मुख्यमंत्री स्वावलम्बन योजनांतर्गत निर्मित गांधी चौक डाटा सेन्टर के नीचे अम्बिकापुर स्थित दुकानों के आबंटन की कार्यवाही 06 जनवरी 2025 को अपरान्ह 03:00 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर सरगुजा की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा लाटरी पद्धति से किया जाना है। उक्त समयावधि में आवेदनकर्ता कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में उपस्थित होंगे, पात्र हितग्राही के उपस्थित ना होने की स्थिति में कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उल्लास के साथ मनाया नया साल का जश्न

लखनपुर/नवप्रदेश। भूली बिसरी यादों के साथ लोगों ने पुराने साल 2024 को अलविदा कहा वही नये साल 2025 का तहेदिल से स्वागत किया। रतजगा कर युवा वर्ग देर रात ढलने तक आतिशबाजी करते हुए डीजे साउण्ड सिस्टम पर थिरकते रहे कहना लाजिमी होगा कि - नये साल के आगमन के खुमार में बीते साल की आखरी रात भी जागती रही। नगर लखनपुर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों में नया साल का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। देर ढलती रात तक पटाखों की शोर फिजा में गुंजती रही। नये वर्ष के स्वागत में सारा आलम डुबा रहा। लोग अपने मनपसंद मुनासिब पर्यटन स्थलों पर पहुंच

नया साल मनाया। खास कर पर्यटक कुंवरपुर जलाशय, केदई फाल, टाईगर प्वाइंट मैनपाठ तातापानी ,रामगढ़ महेशपुर, झूमका बांध घुनघुटटा बांध सारासोर पर्यटन स्थल के पनह में पहुंच नये साल का लुत्फ उठाया। पर्यटक पहुंचे वहीं कुछ आस्थावान अपने पूज्य देवताओ के दर्शन पूजन कर पूरे साल की खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। सूरज के पहली किरण के साथ खुश गवार माहौल में दिन बुधवार को साल 2025 का शुभारंभ हुआ। लोगों ने अपने अंदाज में दोस्तों रिस्तेदारो को नये साल के आगमन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ठिठुरन भरी सर्द हवाओं और घने कोहरे के दरमियान नया साल का पदार्पण हुआ। युवा वर्ग मस्ती में झूमते रहे। नये साल के जश्ने मेहफिल में दोस्तों यारों के बीच खाने खिलाने के साथ पीने पिलाने का दौर भी चलता रहा। जो आने वाले सप्ताह भर तक जारी रहेगा।

जलाशय में नाव पलटी, लाइफ जैकेट से बचे लोग

रायगढ़/नवप्रदेश। शहर से 6 किमी दूर जेएसपीएल-खरसिया रोड पर स्थित टीपाखोल जलाशय में नए साल पर नौका विहार कर रहे लोगों की नाव पलट गई। नाव में महिला, पुरुष व बच्चे सवार थे। गनीमत रही कि लोगों ने लाइफ जैकेट(सेफ्टी जैकेट) पहना हुआ था। नाव जहां पलटी, वहां गहराई कम थी। जलाशय में चल रही दूसरी नौका के सैलानियों ने मदद की और पानी में गिरे लोगों को बचाया। इससे बड़ा हादसा टल गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद तुरंत पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। नए साल के पहले दिन शहर के उद्यान, मंदिर, आश्रमों में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। शहर से लगे पर्यटन स्थल भी गुलजार रहे। टीपाखोल शहर के नजदीक प्रमुख पर्यटन स्थल है। पहाड़ों से घिरे जलाशय में नौका विहार के साथ पिकनिक करने बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

मौसम | जिले में सुबह से बादल छाने के साथ ही कोहरा छाया रहा व ठंडी हवाओं के कारण लोग ठिठुरन से परेशान रहे

गौरेला पेंड्रा मरवाही में नए साल के साथ बढ़ी कड़ाके की ठंड, शीतलहर का अलर्ट

पेंड्रा/नवप्रदेश। जिले में मौसम नए साल के साथ ही एक बार फिर कड़ाके की ठंड में बदल चुका है. बीच में एक-दो दिन ठंड से राहत मिलने के बाद अब फिर ठंडी हवाओं ने अपना कहर बरपाना शुरू कर दिया है. जिले में सुबह से बादल छाने के साथ ही कोहरा छाया रहा साथ ही ठंडी हवाओं के कारण लोग ठिठुरन से परेशान रहे. इन हवाओं के चलते पेंड्रारोड के तापमान में भारी गिरावट देखने को मिला आज बुधवार को पेंड्रारोड का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ वही मौसम विभाग ने शीतलहर का अलर्ट भी जारी किया है. सुबह पेंड्रा से अमरकंटक

तक करीब 40 किलोमीटर के दायरे में घना कोहरा छाया रहा. जिससे विजिबिलिटी कम हो गई, विजिबिलिटी कम होने से वाहन के रफ्तार पर असर पड़ा है चालक वाहन की लाइट जला धीमी रफ्तार में गाड़ी चला रहे हैं जिले के बंजारी घाट, करंगरा घाट, ज्वालेश्वर घाट में भी कोहरा छाया रहा. हालाकि 10 बजे के बाद जिले में सूरज की किरणे देखने को मिली. जिससे लोगो को थोड़ी ठंड से राहत मिली। गौरेला पेंड्रा मरवाही इलाके में सर्दी की सितम जारी है. कड़ाके की ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है लोग गर्म कपड़ों के साथ ही अलाव का सहारा ले रहे हैं वहीं अमरकंटक के तराई बसे ग्रामीण इलाकों में उसकी बंदे जमने लगी है, गिरते तापमान के कारण पेंड्रारोड सबसे ठंडा रहा, यहां तापमान सबसे कम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़ के साथ ही जिले में तापमान अभी और गिरेगा. पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण प्रदेश में दो दिन तक बारिश हुई जिसके बाद शीतलहर शुरू हो गई. शीतलहर और कोहरे से प्रभावित जिलों में स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है, इसलिए एहतियात बरतने की सलाह दी गई है।

14 से 16 जनवरी तक चयनित प्रतिभागी देंगे अपनी प्रस्तुति

बलरामपुर। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ नोडल अधिकारी (तातापानी महोत्सव) रेना जमील के मार्गदर्शन में मकर संक्रांति पर्व पर आयोजित होने वाले तातापानी महोत्सव 2025 में जिले के युवाओं की प्रतिभा हेतु मंच प्रदान किया जाना है। जिसमें चयनित प्रतिभागी 14 से 16 जनवरी 2025 तक अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम में गायन, संगीत वादन, पिक्चर आर्टिटस्ट, एकल नृत्य, स्व लिखित काव्य पाठ, कॉमेडी विधा शामिल है। इसके लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है। जिसके लिए समस्त महाविद्यालय स्तर पर प्राचार्य महाविद्यालय बलरामपुर एन.के. देवांगन एवं जिले के समस्त विद्यालयों हेतु सहायक जिला परियोजना अधिकारी मनोहर जायसवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही कलेक्टर कटारा द्वारा तातापानी महोत्सव 2025 में स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त कार्यक्रम हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए चयन टीम का गठन किया है।

मासिक पत्रिका 'छत्तीसगढ़ जनमन' पाकर खिले युवाओं के चेहरे

■ जिला ग्रंथालय में जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका का किया गया वितरण

बालोद/नवप्रदेश। जनसंपर्क विभाग की मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन पाकर बालोद जिले के जिला ग्रंथालय के युवाओं में खुशी आई है। युवाओं ने जनमन पत्रिका को पाकर अत्यंत हर्षपूर्वक और उत्सूकता के साथ उसका पठन किया है। इस माह छत्तीसगढ़ जनमन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के 01 साल की उपलब्धियों पर आधारित है। जिसे 'आकार ले रहा विकसित, सुशासित छत्तीसगढ़' शीर्षक के साथ प्रकाशित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से विगत एक साल में शासन की उपलब्धियों की



विस्तृत जानकारी आकर्षक ढंग से प्रदर्शित की गई है। जिसमें सरकार का विकास पर जोर, नक्सलवाद हुआ कमजोर, पर्यटन विकास, नई औद्योगिक नीति, अधोसंरचना विकास, किसानों की उन्नति, स्वस्थ्य छत्तीसगढ़, महिलाओं की आर्थिक समृद्धि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, भ्रष्टाचार से जंग, सुशासन एवं पारदर्शिता, छत्तीसगढ़ की नई शिक्षा नीति, आदिवासी विकास, युवा और रोजगार से जुड़ी पहल, रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना सहित गुड गवर्नेंस, देश व राज्य की प्रमुख बड़ी खबरे, खेल समाचार, छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों की जानकारी दी गई है।

मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन पाकर सु दामिनी यादव ने बताया कि वह पहली बार यह पत्रिका पढ़ रही है। जिसमें उसे छत्तीसगढ़ी पहेली बहुत ही दिलचस्प लगी। उसने छत्तीसगढ़ी पहेली देखते ही उसे हल करने का मन बना लिया है। दामिनी ने बताया कि जनमन पत्रिका में योजनाओं के बारे में सीमित शब्दों में विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसे पढ़कर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आसानी से समझी जा सकती है। उसने बताया कि जनमन पत्रिका में सरकार द्वारा पर्यटन विकास हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई है। जिसमें बस्तर के धुड़मारास गांव में पर्यटन को विकसित करने किए गए कार्य बहुत ही सराहनीय है। इसके साथ ही बेटियों के हित में लिए गए निर्णय जिसमें मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 50 हजार रुपए में से 35 हजार रुपए विवाहित कन्या के बैंक खाते में स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है। जो काफी अच्छी लगी। दामिनी ने कहा कि वह अब मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन नियमित रूप से पढ़ेगी। जनमन से उसे बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारी एक ही जगह पर इस पत्रिका में मिल जाती है।

■ न्यूज गैलरी

सांकरा में कलश यात्रा निकालकर शिवमहापुराण कथा का शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश ।ग्राम सांकरा के मानस मंच में 01 जनवरी2025 से 07 जनवरी2025 तक श्री शिवमहापुराण कथा आयोजन श्री राधे राधे सत्संग परिवार एवं ग्रामवासी सांकरा द्वारा किया जा रहा है इसके पूर्व सांकरा के पेट्रोल पंप के सामने से कथा वाचक को आकर्षक रथ में विराजमान कर वार्डवासी गौरीशंकर चौक के महिलाएं द्वारा क्लश शोभायात्रा निकाली गई इस दौरान कथा वाचक उज्जैन धाम सहित कन्हैयालाल निर्मलकर,भीम साहू (झंडा वाला), गुलाल राम साहू सहित पारस साहू, लुनकरण साहू, तुला राम साहू, थरेनदर साहू, झुम्मन साहू,कुमेश साहू, संजय श्रीमाली, पिलसाय साहू, सहित महिलाएं बच्चे ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एक ही दिन में उखड़ा चालू नव निर्माण डामरीकरण मार्ग

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के ग्राम उमरगांव में विगत दिनों से चल रहा डामरीकरण निर्माण कार्य जो एक ही दिन में उस मार्ग का डामरीकरण हुआ था वह उखड़ गया जिसके चलते ग्रामवासियों ने संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों के प्रति आकरोश जाहिर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उमरगांव के वार्ड क्रमांक 13 ,14 में विगत दिनों नव निर्माण डामरीकरण मार्ग किया गया था वह एक ही दिन में उखड़ गया इस लापरवाही पूर्वक कार्य को देखकर ग्रामवासियों में नाराजगी जताया वहीं समाजिक कार्यकर्ता उमरगांव महेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि गुणवत्ताविहीन निर्माण कार्य के चलते एक ही दिन में डामर जो सड़क पर बिछा था वह उखड़ गया जो निर्माण कार्य में घोर भ्रष्टाचारी बया कर रहा है । इस निर्माण कार्य में घोर लापरवाही करने वालो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग महेश कुमार अग्रवाल समाजिक कार्यकर्ता उमरगांव, संतोष कामडे,डीकू साहू शिवचरण दास,नुतन, देवेन्द्र,शिवनिषाद,फगनू, गिरवर,रोशन साहू ने, दिलीप,अजय ध्रुव, गौतम, रोहित,जयकरण,पिन्टू इत्यादि ने किया है।

माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल में न्योता भोज का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल में न्योता भोज महेन्द्र कुमार सोरी शिक्षक द्वारा जन्मदिन एवं नए साल पर न्योता भोज में केला और भजिया बच्चों को खिलाया गया। जिसे सभी बच्चों ने पूरी रुचि से ग्रहण किया और ग्राम से भी प्रमुख व्यक्ति डेविड ठाकुर और प्राथमिक विद्यालय महमल्ला मॉल के प्रधान पाठक लोकेश्वर ध्रुव जी माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल के प्रधान पाठक कोमलुराम नेताम तथा शिक्षक गण उमेश्वरी साहू, कौशलेश कुमार सिंहा रसोइया बसंत बाई अरूण कुमार, सफाई कर्मी नरसिंह वट्टी भी न्योता भोज का स्वाद लिए। सोरी शिक्षक को शाला के सभी बच्चों ने तथा शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला महमल्ला मॉल के पदाधिकारीगण एवं सभी ग्रामवासी ने बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

जिले में 5 जनवरी को मुख्यमंत्री प्रवास कार्यक्रम प्रस्तावित

गरियाबंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का गरियाबंद जिले में प्रवास कार्यक्रम 05 जनवरी 2025 को संभावित है। मुख्यमंत्री साय जिला प्रवास के दौरान विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यो का लोकार्पण शिलान्यास करेंगे। साथ ही हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर सामग्रियों का वितरण करेंगे। विभागीय स्टॉलो का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही मंचीय कार्यक्रम के माध्यम से आमजनों को संबोधित भी करेंगे। मुख्यमंत्री प्रवास के तैयारियों के संबंध में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कार्यक्रम स्थल की तैयारी, हेलीपेड व्यवस्था, टेंट, साफ–सफाई, मंच की तैयारी, सामग्री वितरण, सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं की तैयारी शुरू कर सभी कार्यो को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा सहित अन्य जिला अधिकारीगण मौजूद रहे।

जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने नए साल के पहले ही दिन डिप्टी सीएम अरुण साव उतरे फिल्ड पर

इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का किया औचक निरीक्षण

■ अगमधाम–खंडवा मल्टी–विलेज योजना से 50 गांवों में पहुंचेगा पेयजल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव जल जीवन मिशन के कार्यों को गति देने नए साल के पहले ही दिन फील्ड पर उतरे। वे बुधवार को सिमगा विकासखंड अंतर्गत अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना का काम देखने पहुंचे। उन्होंने दामाखेड़ा के पास ग्राम तोरा में शिवनाथ नदी के चक्रवाय एनीकट पर योजना के लिए तैयार हो रहे इंटेकवेल और ग्राम किरवई में निर्माणाधीन वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के कार्यों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों कार्यों के निर्माण में तेजी लाते हुए समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक, जल जीवन मिशन के संचालक सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे और पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा भी मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज योजना के इंटेकवेल और वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का बारिकी से निरीक्षण किया। उन्होंने किरवई में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की ड्राइंग-डिजाइन देखकर जल शोधन की प्रक्रिया समझी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसी से निर्माण कार्यों में उपयोग हो रहे सामग्रियों एवं निर्माण की गुणवत्ता की टेस्टिंग के बारे में पूछा। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को दोनों साइट्स का नियमित भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साव ने निर्माण एजेंसी से कहा कि इस पूरे क्षेत्र में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति के लिए यह एक बड़ी और महत्वपूर्ण योजना है। इससे 50 गांवों को पेयजल मिलेगा। इसके सभी घटकों का काम अच्छा होना चाहिए। उन्होंने पाइपलाइन बिछाने और गांवों में टंकी निर्माण के कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। शिवनाथ नदी पर तोरा गांव में बने चक्रवाय एनीकट से पानी लेकर गांव-गांव में निर्मित पानी टंकियों के माध्यम से हर घर में नल से जल की आपूर्ति की जाएगी। करीब 75 करोड़ रुपए लागत की इस योजना का 40 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

15 हजार परिवार होंगे लाभान्वित

करीब 75 करोड़ की योजना,15 हजार परिवार होंगे लाभान्वित- अगमधाम-खंडवा मल्टी-विलेज जल प्रदाय योजना से सिमगा विकासखंड के 50 गांवों के 15 हजार से अधिक परिवारों को शुद्ध पेयजल मिलेगा। शिवनाथ नदी पर तोरा गांव में बने चक्रवाय एनीकट से पानी लेकर गांव-गांव में निर्मित पानी टंकियों के माध्यम से हर घर में नल से जल की आपूर्ति की जाएगी।

आतिशबाजी व पुष्प वर्षा से किया स्वागत

संत समागम मेला के शुभारंभ पर निकली शोभायात्रा का राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने किया स्वागत

■ गुरु का आशीर्वाद लेकर की क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना

बेमेतरा/नवप्रदेश । पंथ श्री हुजुर उग्र नाम साहब की स्मृति में चार दिवसीय संत समागम मेला का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्व हिंदू सनातन संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने गुरु का आशीर्वाद लेने के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष व उनके समर्थकों ने सिग्नल चौक के पास शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा व आतिशबाजी कर भव्य स्वागत किया।

ग्राम कापा में श्रीमन महागणेश यज्ञ प्रारंभ

श्रीमन गणेश महायज्ञ में लगातार उमड़ रहे श्रद्धालुओं की भीड़

बेमेतरा/नवप्रदेश। नव वर्ष पर श्रद्धालुओं ने किया हवन कुंड का परिक्रमा.... ग्राम कापा में आयोजित 10 दिवसीय श्रीमन महागणेश यज्ञ का शुभारंभ हो चुका है 30 दिसंबर से भव्य कलश यात्रा के साथ जहां इस यज्ञ का शुभारंभ हुआ वही काफी संख्या में श्रद्धालु लगातार यज्ञ स्थल पर पहुंचकर यज्ञ स्थल पर बनाए गए हवन कुंड का परिक्रमा भक्ति के साथ कर रहे हैं आज नव वर्ष 2025 के शुभारंभ और दिन बुधवार होने के चलते काफी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर पहुंचकर हवन कुंड की परिक्रमा कर अपनी श्रद्धा व भक्ति बता रहे थे.

यज्ञ स्थल पर विशाल पंडाल का भी निर्माण... दिन में जहां श्रद्धालु यज्ञ स्थल पर हवन कुंड की परिक्रमा कर रहे थे वहीं आयोजन स्थल पर ही विशाल पंडाल का निर्माण भी किया गया है जहां पर प्रतिदिन प्रवचन कभी आयोजन किया गया है हवन कुंड की परिक्रमा के पश्चात श्रद्धालु प्रवचन एवं सत्संग का भी लाभ उठा रहे हैं हालांकि आयोजन का आज तीसरा दिन रहा तथा श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा हो रही है वही आज नव वर्ष के चलते काफी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचकर अपनी श्रद्धा पर भक्ति के साथ परिक्रमा में लग रहे। आयोजन स्थल पर भोग भंडारा का भी आयोजन... आयोजन समिति के द्वारा दूर-दूर से पहुंच रहे श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल पर ही भोजन भंडारे की भी व्यवस्था पूरे दिन की गई है तथा इस भोजन भंडारे में कवर्धा से पहुंचे रोहित यादव की 45 लोगों की टीम पूरे दिन और रात लगी हुई है जो श्रद्धालुओं के लिए भोग भंडारा के व्यवस्था में लगे हुए. अंचल में पढ़ रही इन दिनों काफी ठंड के बावजूद जिस तरह से आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है वह निश्चित रूप से लोगों की श्रद्धा ही कहीं जा सकती है

राजिम विधायक रोहित साहू की पहल लाई रंग

71. 01 लाख रूपये की लागत से होगा नगर की इष्ट देवी शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधायक रोहित साहू के प्रयासों से राजिम नगर की प्राचीन इष्ट देवी माँ शीतला तालाब का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार किया जाएगा। इसके लिए राज्य शहरी विकास अभिकरण ने राज्य परिवर्तित योजना मद से 71.01 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए विधायक रोहित साहू ने बताया कि लंबे समय से शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार की मांग नगरवासियों द्वारा की जा रही थी । जिसके बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भेंटकर

राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया था जिस पर उन्होंने नगरवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए राशि की स्वीकृति प्रदान की है।विधायक साहू ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ के प्रयाग कहे जाने वाले राजिम को एक नया आकार दिया जा रहा हैं। भगवान राजीव लोचन की नगरी राजिम के विकास के लिए हमारी सरकार कृत संकल्पित है। इसके पूर्व ही नगर के पथर्रा वार्ड स्थित शीतला तालाब के सौंदर्यीकरण हेतु स्वीकृति मिली थी ।

युवा संगठन दुर्गा चौक बिरगुड़ी के तत्वाधान में राज्य स्तरीय डी जे डांस प्रतियोगिता आयोजित

■ सामुहिक नृत्य पर प्रथम स्थान जय मां दन्तेश्वरी डांस ग्रुप बांसकोट

नगरी/नवप्रदेश। युवा संगठन दुर्गा चौक बिरगुड़ी के तत्वधान में राज्य स्तरीय डी जे डांस प्रतियोगिता रखा गया था जिसमें मुख्य अतिथि हूमित लिमजा(उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी) ,अध्यक्षता अनिता मरकाम(सरपंच ग्राम पंचायत बिरगुड़ी) विशेष अतिथि अकबर कश्यप,प्रमोद कुंजाम, प्रेमांशु प्रजापति,मनोहर दास मानिकपुरी, युवा संगठन अध्यक्ष बुधेश नायक नीरज नाग संजय समुन्द उपस्थिति थे युवा संगठन दुर्गा चौक बिरगुड़ी में राज्यस्तरीय डी जे डांस का प्रतियोगिता सामुहिक नृत्य प्रथम स्थान जय मां दन्तेश्वरी डांस ग्रुप बांसकोट (बस्तर),द्वितीय स्थान जय मां महामाया डांस ग्रुप मोदे सांकरा, तृतीय स्थान भद्रकाली डांस ग्रुप उमरगांव,युगल नृत्य प्रथम स्थान खुश्बू श्याम महासमुंद, द्वितीय स्थान जुड़वा बहन

भनसुली तृतीय स्थान - गौरी अंकिता सिंगार वाही नरहरपुर,एकल नृत्य प्रथम स्थान निकीता यादव बेलरगांव, द्वितीय स्थान - नंदनी नेताम कौहाबाहरा दुगली, तृतीय स्थान रिंकी ध्रुव बेलरगांव है जिसमे अध्यक्ष बुधेश नायक उपाध्यक्ष नीरज नाग सचिव संजय समुंद सह-सचिव बुधेश नायक संरक्षकगण समस्त ग्रामवासी बिरगुड़ी सदस्यगण दानेश्वर कश्यप, विकास नाग, पोखन यादव, युवराज कश्यप, सोम देव. मुकेश बोरझरिया पारस समुंद, टोमन साहू, लोचन सोम. कौशल पुजारी. नूतन समुंद. विकास निषाद, वेद प्रकाश नाग, एवं समस्त सदस्यगण युवा संगठन दुर्गा चौक बिरगुड़ी आयोजन किया गया।

कामयाबी

गरिया बंद में विगत वर्ष की तुलना में वर्ष 2024 में विभिन्न अपराधों में कमी लाई गई

वर्ष 2025 में अपराध पर बेहतर अंकुश लगाने बनाई गई कार्ययोजना

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस द्वारा वर्ष 2024 के अपराधिक प्रकरणों में प्राप्त सफलता एवं अपराध का डाटा पेश किया गया। महिलाओं पर घटित अपराध जैसे हत्या, बलात्कार, अपहरण, दहेज मृत्यु, शीलभंग, यौन उत्पीड़न आत्म हत्या के लिए प्रेरित करना, टोनही प्रताडना एवं अन्य भादवि व बी.एन.एस. वर्ष 2023 में कुल 612 प्रकरण एवं वर्ष 2024 में 463 प्रकरण दर्ज कर 24 प्रतिशत कमी लाया गया। डकैती वर्ष 2024 में 03 प्रकरण दर्ज की गई सभी प्रकरणो में आरोपी जेल में निरूद्ध है। चोरी एवं नकबजनी के वर्ष 2023 में कुल 128 और वर्ष 2024 में 109 प्रकरण दर्ज 20

प्रतिशत की कमी लाया गया। इसी प्रकार धोखाधडी के वर्ष 2023 में 40 एवं वर्ष 2024 में 22 प्रकरण दर्ज 45 प्रतिशत की कमी लाया गया। इसी क्रम में वर्ष 2024 में साइबर फायनेसियल फ्रॉड के 185 प्रकरणों में 8,61,911 रूपये होल्ड कर 3,40,565 में पीडित को रकम वापसी कराया गया साथ ही साइबर सेल द्वारा 36 गुम मोबाइल को रिकबर कर मोबाइल धारक को वितरण किया गया है। आबकारी अधिनियम के तहत वर्ष 2023 में कुल 702 प्रकरणों में 1485 लीटर शराब जप्त एवं वर्ष 2024 में 775 प्रकरण में 1987 लीटर जप्त की गई है। इस प्रकार 502 लीटर अधिक शराब जप्त किया गया है साथ वर्ष 2024 में कुल 101 प्रकरणों में कुल जप्त शराब 435 लीटर को गठीत टीम द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में नष्ट किया गया। इस प्रकार नशे के विरूद्ध गांजा वर्ष 2023 में 36 प्रकरणों में 57 आरोपियों से 416 किलो ग्राम गांजा एवं 765 नग नशीली टेबलेट एवं वर्ष 2024 में 31 प्रकरणो में 49 आरोपियों से 615 किलो ग्राम गांजा व 423 नग नशीली टेबलेट जप्त की कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार जुआ एवं सट्टा के वर्ष 2023 में 53 प्रकरण में 2,72,530 रूपये जप्त एवं वर्ष 2024 में 98 प्रकरण में 3,50,723 रूपये जप्त की गई है। इस प्रकार जुआ एवं सट्टा में कार्यवाही कर 85 प्रतिशत की वृद्धि लाया गया। इस प्रकार गुम इंसान वर्ष 2023 में 388 जिसमें दस्तायाब 367 एवं वर्ष 2024 में गुम इंसान 448 में 396 में दस्तायाब कर 89 प्रतिशत सफलता प्राप्त किया गया। इसी प्रकार पशु क्रुरता निवारण अधि0 के तहत 2024 में 03 प्रकरणो में कार्यवाही की गई। सड़क दुर्घटनओं में कमी लाने हेतु शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 33 प्रकरणों में कुल 1,40,000 रूपये का अर्थदण्ड माननीय न्यायालय के द्वारा दण्डित किया गया।

संत कवि पवन दीवान की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

राजिम/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजिम स्थित आश्रम में ब्रह्मलिन स्वामी अमृतानंद पवन दीवान के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आश्रम समिति के ट्रस्टी गण एवं गणमान्य नागरिक, स्वामी जी के शिष्य गण, भक्तगण उपस्थित रहे। प्रातः काल से ही आश्रम के पूरे बटुक छात्र उनकी स्मृति में पादुका पूजन एवं श्री बटुकेश्वर नाथ जी का अभिषेक पूजन एवं हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। पूजा कार्यक्रम में गुरु पूजन के पश्चात पंचांग पूजन, गणपति पूजन, श्री गुरु चरण पादुका पूजन, हनुमत पूजन, रुद्राभिषेक, होम शिवार्चन आरती का कार्यक्रम संपादित किया गया।

न्यूज गैलरी

मनीष सिंघल को महासचिव पद पर किया नियुक्त

नई दिल्ली। एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने उद्योग जगत के दिग्गज मनीष सिंघल को महासचिव पद पर नियुक्त किया। चैंबर ने एक बयान में कहा कि सिंघल दीपक सूद की जगह लेंगे। दीपक सूद ने पिछले पांच वर्षों से चैंबर का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया और अब उनके इस पद को सिंघल संभालेंगे। सिंघल इससे पहले फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के उप महासचिव के रूप में काम कर चुके हैं। उन्होंने टाटा मोटर्स, आयशर (वोल्वो), टाटा ऑटो कॉम्प सिस्टम्स, मोजर बेयर इंडिया और बीईएमएल सहित कई अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ भी काम किया है। एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने कहा, हम चैंबर के पुनर्निर्माण में दीपक सूद के अपार योगदान के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। सूद के नेतृत्व में चैंबर की अब एक मजबूत बैलेंस शीट है। नायर ने सिंघल का स्वागत किया। चैंबर के अध्यक्ष ने कहा, पॉलिसी एडवोकेसी और इंटरनेशनल बिजनेस में सिंघल का एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है, जो चैंबर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेगा। एसोचैम 1920 से भारत का सबसे पुराना शीर्ष चैंबर है। चैंबर 4,50,000 से ज्यादा सदस्यों के अपने नेटवर्क के साथ भारतीय इकोनॉमी इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए कार्रवाई योग्य पॉलिसी एडवोकेसी लाता है। इसमें बड़े कॉरपोरेट और एमएसएमई शामिल हैं। इस बीच, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठक में, चैंबर ने एमएसएमई और डेटा सेंटर, डेटा होस्टिंग, क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे न्यू एज बिजनेस के लिए लिए अनुमानित कराधान के दायरे को बढ़ाने सहित निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपायों की मांग की है। नायर के अनुसार, इससे पूर्व-निर्धारित आधार पर आय की गणना कर अनुपालन को सरल बनाने में मदद मिलेगी, जिससे कर विवाद और मुकदमेबाजी की आशंका कम होगी। नायर ने स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ एमएसएमई विश्वविद्यालयों की स्थापना की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने देश भर में एमएसएमई के लिए इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर टाउनशिप (पुराने इंडस्ट्रियल एस्टेट डेवलपमेंट प्रोग्राम का रिवाइज्ड वर्जन) विकसित करने की भी बात कही।

कैबिनेट ने डीएपी पर सब्सिडी की समय सीमा बढ़ाने मंजूरी दी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनट की बैठक ने बुधवार को किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी की लगातार उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 1 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) पर एनबीएस सब्सिडी से अलग 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन (एमटी) के एकमुश्त विशेष पैकेज के विस्तार के फर्टिलाइजर डिपार्टमेंट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। कैबिनेट द्वारा जारी किए गए बयान में कहा गया कि इस फैसले से किसानों को सब्सिडी वाली, सस्ती और उचित कीमतों पर डीएपी की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी। बयान में आगे कहा गया है कि किसानों को सस्ती कीमतों पर डीएपी फर्टिलाइजर की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए स्वीकृत एनबीएस सब्सिडी के अलावा 3,500 रुपये प्रति मीट्रिक टन की दर से डीएपी पर विशेष पैकेज 1 जनवरी, 2025 से अगले आदेश तक प्रदान किया जाएगा। सरकार फर्टिलाइजर निर्माताओं और आयातकों के माध्यम से किसानों को सब्सिडी वाले मूल्यों पर पीएंडके फर्टिलाइजर के 28 ग्रेड उपलब्ध कराती हैं। पीएंडके फर्टिलाइजर पर सब्सिडी 1 अप्रैल, 2010 से एनबीएस योजना द्वारा दी जा रही है। बयान में कहा गया है, किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, भारत सरकार ने डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) उर्वरक की कीमत को अपरिवर्तित रखते हुए किसानों को बड़ी राहत दी है।

पिछले साल इसी अवधि में सरकार ने 26.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे

अप्रैल-नवंबर में भारत का राजकोषीय घाटा 8.47 लाख करोड़

नई दिल्ली। हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से नवंबर तक के पहले 8 महीनों के लिए भारत का राजकोषीय घाटा 8.47 लाख करोड़ रुपये दर्ज किया गया। जो वित्त वर्ष के लिए पूरे साल के अनुमान लक्ष्य का 52.5 प्रतिशत है। यह एक मजबूत व्यापक आर्थिक वित्तीय स्थिति को दर्शाता है क्योंकि राजकोषीय घाटा पूरी तरह नियंत्रण में है और सरकार कंसोलिडेशन पाथ पर बनी हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों के लिए शुद्ध कर प्राप्तियां 14.43 लाख करोड़ रुपये या वार्षिक लक्ष्य का 56 प्रतिशत रहीं, जो पिछले साल की समान अवधि के 14.36 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। आठ महीनों के लिए कुल सरकारी व्यय 27.41 लाख करोड़ रुपये रहा, जो केंद्रीय बजट में निर्धारित वार्षिक लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। पिछले साल इसी अवधि में सरकार ने 26.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में राजकोषीय घाटे को 2023-24 के 5.6 प्रतिशत से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.9 प्रतिशत पर लाना है। सरकार का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे को 16.13 लाख करोड़ रुपये पर सीमित रखना है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान 1 अप्रैल से 10 नवंबर तक भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह, जिसमें कॉर्पोरेट कर और व्यक्तिगत आयकर शामिल हैं, 15.4 प्रतिशत बढ़कर 12.1 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह, बढ़ती आर्थिक गतिविधियों के कारण जीएसटी संग्रह में भी जोरदार वृद्धि हुई है। कर संग्रह में उछाल से सरकार के खजाने में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए धन उपलब्ध होता है। साथ ही गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश करने के लिए भी धन जुड़ता है। इससे राजकोषीय घाटे को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है और अर्थव्यवस्था के आर्थिक बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाता है। कम राजकोषीय घाटे का मतलब है कि सरकार को कम उधार लेना पड़ता है जिससे बैंकिंग सिस्टम में बड़ी कंपनियों के लिए उधार लेने और निवेश करने के लिए अधिक पैसा बचता है। इसके परिणामस्वरूप, उच्च आर्थिक विकास दर और अधिक नौकरियों का सृजन होता है। इसके अलावा, कम राजकोषीय घाटा मुद्रास्फीति दर को नियंत्रित रखता है जो अर्थव्यवस्था के बुनियादी ढांचे को मजबूत करता है और स्थिरता के साथ विकास सुनिश्चित करता है।

5.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

भारत का कोयला उत्पादन दिसंबर 2024 में बढ़कर 97.94 मिलियन टन

नई दिल्ली। कोयला मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, भारत का कुल कोयला उत्पादन दिसंबर 2024 के दौरान 5.33 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज करते हुए 97.94 मिलियन टन (एमटी) पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 92.98 एमटी था। कैप्टिव और दूसरी खदानों ने 18.95 एमटी उत्पादन किया, जो पिछले साल की इसी अवधि में 14.62 एमटी की तुलना में 29.61 प्रतिशत की शानदार वृद्धि को दर्शाता है। बयान में कहा गया है कि 24 दिसंबर तक क्यूमलेटिव कोयला उत्पादन में भी शानदार वृद्धि देखी गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 में 726.29 एमटी तक पहुंच गया, जबकि यह वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 684.45 एमटी था, जो 6.11% की वृद्धि दर्शाता है।

कोयला डिस्पैच के मामले में, 24 दिसंबर के आंकड़े बढ़कर 92.59 मीट्रिक टन हो गए, जबकि दिसंबर 2023 में यह 87.06 मीट्रिक टन था, जो 6.36 प्रतिशत की वृद्धि दर है। कैप्टिव और दूसरे खदानों से डिस्पैच 18.13 मीट्रिक टन रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 31.83 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, दिसंबर 2024 तक क्यूमलेटिव कोयला डिस्पैच वित्त वर्ष 2024-25 में 750.75 मीट्रिक टन तक पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 में यह 711.07 मीट्रिक टन था, जो 5.58 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्शाता है। कोयला मंत्रालय ने कहा कि वह उत्पादन बढ़ाने और देश की बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के उद्देश्य से काम कर रहा है।कोयला उत्पादन और डिस्पैच में लगातार वृद्धि से कोयले में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आत्मनिर्भर भारत के विजन को पूरा करने में मदद मिलेगी।घरेलू उत्पादन में वृद्धि के कारण वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान भारत का कोयला आयात 3.1 प्रतिशत घटकर 149.39 मिलियन टन (एमटी) रह गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 154.17 मीट्रिक टन था।कोयला मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि अप्रैल 2024 से अक्टूबर 2024 तक कोयला आधारित बिजली उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 3.87 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है, लेकिन इसी अवधि के दौरान थर्मल पावर प्लांट द्वारा मिश्रण उद्देश्यों के लिए आयात में 19.5 प्रतिशत की कमी आई है।

301 कंपनियां हुई लिस्ट

2024 में एनएसई का मार्केट कैप 21 प्रतिशत बढ़कर 438 लाख करोड़ हुआ

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार के लिए 2024 ऐतिहासिक रहा। इस दौरान नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मार्केट कैप 31 दिसंबर, 2024 तक सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 438.9 लाख करोड़ रुपये (5.13 ट्रिलियन डॉलर) हो गया है, जो कि 29 दिसंबर, 2023 को 361.05 लाख करोड़ रुपये (4.34 ट्रिलियन डॉलर) था। एनएसई द्वारा मंगलवार को जारी किए गए डेटा में बताया गया कि 2024 में एनएसई पर कुल 301 कंपनियां लिस्ट हुई हैं। इसमें से 90 मेनबोर्ड और 178 एसएमई कंपनियां थी।

वहीं, 33 कंपनियों की डायरेक्ट लिस्टिंग हुई है। 2024 में 90 मेनबोर्ड कंपनियों का आईपीओ आया था। इन सभी कंपनियों ने कुल मिलाकर 1.59 लाख करोड़ रुपये की राशि जुटाई है। मेनबोर्ड कंपनियों में औसत आईपीओ साइज 1,772 करोड़ रुपये था। इस साल सबसे बड़ा आईपीओ हुंडई मोटर इंडिया ने पेश किया था। इसका साइज 27,859 करोड़ रुपये था। सबसे छोटा 72 करोड़ रुपये का आईपीओ विभोर स्टील ट्यूब द्वारा पेश किया गया था।

इस साल 178 एसएमई कंपनियों ने आईपीओ के जरिए 7,348 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एसएमई आईपीओ का औसत साइज 41 करोड़ रुपये था। सबसे बड़ा एसएमई आईपीओ दानिश पावर ने पेश किया था। इसका इश्यू साइज 198 करोड़ रुपये था। साल का सबसे छोटा एसएमई आईपीओ एचओएसी फूड्स इंडिया लिमिटेड द्वारा पेश किया गया था। इसका साइज 6 करोड़ रुपये था। 2024 में निफ्टी-50 ने सालाना आधार पर 8.8 प्रतिशत का रिटर्न दिया है।31 दिसंबर, 2024 को कारोबार बंद होने के बाद इसकी वैल्यू 23,645 थी, जो कि 29 दिसंबर, 2023 को 21,731 थी। एनएसई के सूचकांकों में सबसे अधिक 27.4 प्रतिशत का रिटर्न निफ्टी नेक्स्ट 50 इंडेक्स ने दिया है।

वक्रांगी लिमिटेड ने श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस के साथ समझौता किया

अपने नेटवर्क में जीवन बीमा उत्पादों को भी बेचेगी

नई दिल्ली। वक्रांगी लिमिटेड (बीएसईः 511431, एनएसईः वक्रांगी), भारत के सबसे बड़े लास्ट माइल डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्मों में से एक, ने श्रीराम लाइफइंश्योरेंस के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी टाई-अप की घोषणा की है। यह साझेदारी देश भर में वाक्रांगी केंद्रों के माध्यम से व्यापक जीवन बीमा उत्पादों तक आसान पहुंच प्रदान करने का लक्ष्य रखती है।

इस सहयोग के माध्यम से, वक्रांगी केंद्र, जो अंडर सर्वड़ और अन सर्वड़ क्षेत्रों में स्थित हैं, जीवन बीमा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला की ऑफर कर सकेंगे। इस साझेदारी का लाभ उठाकर, हम बीमा समाधान की पहुंच और अफोर्डेबिलिटी को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे ग्राहक वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सकें।

इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, वक्रांगी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री वेदांत नंदवाना ने कहा, हमें श्रीराम लाइफइंश्योरेंस के साथ भागीदारी करने पर गर्व है ताकि हम अपनी आवश्यक सेवाओं के पोर्टफोलियो का विस्तार कर सकें। यह पहल हमारे वित्तीय समावेशन के दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है और हर भारतीय, चाहे वह कहीं भी हो, के लिए उच्च गुणवत्ता वाले बीमा उत्पादों तक अंतिम मील पहुंच प्रदान करने का कार्य करती है। वक्रांगी केंद्र विशेष रूप से ब्रांडेड फॉर्मेट आउटलेट हैं जो बैंकिंग, बीमा, एटीएम, सहायक ई-कॉमर्स, ई-गवर्नेंस और समग्र स्वास्थ्य देखभाल में उत्पादों और सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला की पेशकश करते हैं।

भारत के आठ कोर सेक्टर उद्योगों का उत्पादन नवंबर में 4.3 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। हाल ही में जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में सीमेंट और स्टील उत्पादन में मजबूत वृद्धि के कारण भारत के आठ कोर सेक्टर उद्योगों का उत्पादन सालाना आधार पर 4.3 प्रतिशत बढ़ा।नवंबर के आंकड़े अक्टूबर में बुनियादी ढांचे के उत्पादन में रिवाइज्ड 3.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में तेजी को दर्शाते हैं।

नवंबर में सीमेंट उत्पादन में 13 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि हुई, जबकि स्टील उत्पादन में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले महीने की रिवाइज्ड 5.2 प्रतिशत वृद्धि से थोड़ा कम है।बिजली उत्पादन में 3.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अक्टूबर में रिवाइज्ड 2 प्रतिशत वृद्धि से बेहतर है।उर्वरक उत्पादन में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो अक्टूबर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि से शानदार सुधार है।हालांकि, कच्चे तेल के उत्पादन में 2.1 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि अक्टूबर में इसमें 4.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। प्राकृतिक गैस उत्पादन में 1.9 प्रतिशत की गिरावट आई, जो पिछले महीने दर्ज की गई 1.2 प्रतिशत की गिरावट से थोड़ा अधिक है। कोयला उत्पादन में अक्टूबर में 7.8 प्रतिशत की तुलना में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रिफाइनरी उत्पाद उत्पादन में पिछले महीने में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई।अप्रैल-नवंबर की अवधि के लिए, बुनियादी ढांचे के उत्पादन में 4.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में देखी गई 8.7 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में धीमी है।

इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन में शामिल वस्तुओं के भार का 40.27 प्रतिशत आठ कोर इंडस्ट्री से बनता है। यह नवंबर में औद्योगिक विकास दर के लिए एक अच्छा संकेतक बने हुए हैं।आईसीआरए की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, नवंबर 2024 में कोर सेक्टर की वृद्धि दर बढ़कर 4.3 प्रतिशत हो गई, जो अक्टूबर 2024 में रिवाइज्ड 3.7 प्रतिशत थी। इसके 8 घटकों में से आधे में सुधार हुआ है। वहीं कोर सेक्टर के प्रदर्शन में उछाल विशेष रूप से सीमेंट उत्पादन की तेज वृद्धि से जुड़ा था।

खेल

मनु-गुकेश समेत 4 को मिलेगा खेल रत्न

***नेशनल खेल अवॉर्ड का ऐलान; 30 खिलाड़ियों को दिया जाएगा अर्जुन पुरस्कार**

दिल्ली। नेशनल स्पोर्ट्स अवॉर्ड के लिए चयनित खिलाड़ियों का ऐलान कर दिया गया है। शूटर मनु भाकर और वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश समेत 4 खिलाड़ियों को खेल रत्न मिलेगा।

इसमें हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्लेयर प्रवीण कुमार का नाम भी शामिल है। 30 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार दिया जाएगा। मनु ने पेरिस ओलिंपिक में डबल मेडल जीते थे मनु भाकर ने अगस्त-सितंबर महीने में आयोजित पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारत ने पेरिस ओलिंपिक में ब्रॉन्ज जीता हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय हॉकी टीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में ब्रॉन्ज और एशियन गेम्स 2022 में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं, हरमनप्रीत तीन बार स्न्नढ्ढ॥ अवार्ड्स में प्लेयर ऑफ द ईयर का खिताब जीते हैं। राष्ट्रीय खेल अवॉर्ड भारत में खेल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार दिए जाते हैं। जिसमें खिलाड़ियों, कोचों या संगठनों को उनकी उपलब्धियों और भारतीय खेलों के विकास में योगदान के लिए छह अलग-अलग पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। भारत के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार में छह प्रमुख पुरस्कार खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार, मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी (जिसे माका ट्रॉफी भी कहा जाता है) और राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार हैं। 2004 से छह राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के साथ तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार भी दिया जा रहा है। पिछले साल 26 खिलाड़ियों को मिला था अर्जुन पुरस्कार पिछले साल क्रिकेटर मोहम्मद शमी सहित 26 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार मिला था। जबकि 5 कोचों को द्रोणाचार्य अवॉर्ड मिला था। बैडमिंटन की स्टार जोड़ी सात्विक साईराज और चिराग शेट्टी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया गया था।

टीम में कोई मतभेद नहीं, वह अपना काम जानते हैं: गंभीर के बचपन के कोच

नई दिल्ली। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज ने कहा है कि भारतीय खेमे में कोई मतभेद नहीं है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 184 रन से हार के बाद ड्रेसिंग रूम में अशांति की अटकलों के बीच, गंभीर ने स्पष्ट किया कि ये सिर्फ रिपोर्ट हैं, सच्चाई नहीं। गंभीर के कोच भारद्वाज ने भी यही भावना दोहराई और कहा कि जब टीम हारती है तो ऐसी रिपोर्ट आना आम बात है। गंभीर के बचपन के कोच भारद्वाज ने गुरुवार को से कहा, जब भी कोई टीम हारती है, तो ऐसी खबरें सामने आती हैं।

गंभीर को पता है कि उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है और मैच जीतने के लिए टीम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाना है। उन्हें पता है कि टीम में क्या संभावनाएं हैं और उन्हें पता है कि अनुभवी और नए खिलाड़ियों का उपयोग कैसे करना है। मुझे नहीं लगता कि टीम में कोई दरार है। जहां तक मुझे पता है, रोहित व्यक्तिगत रूप से अपने फॉर्म से संतुष्ट नहीं हैं। सिडनी में सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर अपने शब्दों पर अड़े रहे और टीम के संघर्ष के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर बात की। उन्होंने कहा, जब तक ड्रेसिंग रूम में ईमानदार लोग रहेंगे, भारतीय क्रिकेट सुरक्षित हाथों में रहेगा। केवल प्रदर्शन ही आपको ड्रेसिंग रूम में रखता है। ईमानदारी से बात की गई और ईमानदारी महत्वपूर्ण है। गंभीर ने इस बात की पुष्टि करने से इनकार कर दिया कि कप्तान रोहित शर्मा प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे या नहीं। उनसे पारंपरिक प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कप्तान की अनुपस्थिति के बारे में पूछा गया और क्या यह अंतिम टीम में उनके शामिल होने का संकेत है। गंभीर ने कहा, रोहित के साथ सब कुछ ठीक है। हेड कोच यहां हैं और यही काफी है। हम पिच को देखने के बाद प्लेइंग इलेवन पर फैसला करेंगे। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट शुक्रवार से सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है।

नववर्ष पर अधिकारी और जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल को दी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश राज्यपाल रमेन डेका से गुरुवार को राजभवन में मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा और प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्रीनिवास राव ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा और धरसींवा क्षेत्र के विधायक अनुज शर्मा ने सौजन्य भेंट की। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में प्रकृति की ओर संस्था के अध्यक्ष मोहन वरल्यानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। भिलाई स्टील प्लांट, के डिप्टी जनरल मैनेजर मुकुल सहरिया ने सौजन्य भेंट की। उक्त सभी गणमान्य लोगों ने राज्यपाल डेका को नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

न्यूज़ गैलरी

24 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। नवापारा में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार नवापारा तिरंगा चौक के रहने वाले युवक किशन घोघरे (24 वर्ष) ने पुांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन जब कमरे में पहुंचे तो युवक का शव म्यार पर रस्सी के सहारे लटक रहा था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद गोबरा नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक के शव को फंदे से नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस का कहना है कि आत्महत्या का कारण अज्ञात है। शव पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं परिजनों से पूछताछ किया जाएगा।

ईंट-पत्थर से हमलाकर बुजुर्ग की हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम कांदुल में ईंट-पत्थर से हमला कर बुजुर्ग की हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजकुमार शर्मा 60 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला था। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने राजकुमार शर्मा को ईट से मारकर सीने व चेहरा पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ट्रेलर चालक से 35 हजार रुपए की लूट

रायपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर हाइवे बाईपास रोड में बाइक सवार अज्ञात तीन युवकों ने एक ट्रेलर चालक से 35 हजार रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी मानाराम चौधरी 21 वर्ष राजस्थान का रहने वाला है। प्रार्थी ने थााना में शिकायत कि वह अपनी ट्रेलर को बिलासपुर हाइवे बाइपास में खड़ी किया था, तभी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनएस 0919 से तीन अज्ञात युवक आए और प्रार्थी से जेब में रखे 35 हजार रुपए लूटकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

फर्जी बिल से 45 लाख का गबन, जुर्म दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। फर्जी बिल से 45 लाख रुपए का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सतीश सिंगौर 30 वर्ष जोरा लाभांडी का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी अमित अग्रवाल ने नेशनल कॉर्पोरेट जीई रोड सेक्टर नगर में काम करता है, ने फर्जी निर्माण संबंधी सामाग्री का फार्म अमन ट्रेडर्स खोलकर फर्जी तरीके से प्रार्थी के कंपनी से सामाग्री की मांग कर फर्जी बिल तैयार किया और कंपनी से 40 से 45 लाख का गबन कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

पुल के नीचे मिली युवक की लाश, हादसे की आशंका

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ में आज सुबह-सुबह एक युवक की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। गाड़ाघाट चौक के पुल से गुजरते समय ग्रामीणों ने देखा कि पुल के नीचे एक युवक की लाश और एक बाइक पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रवाना कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं इस घटना को लेकर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। हालांकि युवक की हत्या की गई है, या सड़क दुर्घटना का शिकार होने से उसकी मौत हुई, यह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सामने आने के बाद ही पता चल सकेगा। फिलहाल खैरागढ़ पुलिस सभी एंगलों से मामले की जांच कर रही है।

क्या नए साल में साय कैबिनेट में जुड़ेंगे नए चेहरे?

■ **छत्तीसगढ़ में बदलेगा राजनीतिक समीकरण**

रायपुर/नवप्रदेश। नए वर्ष में प्रदेश के राजनीतिक समीकरण में कई बदलाव देखने को मिलेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार के मंत्रिमंडल में नए विधायकों को जगह मिलने से नया राजनीतिक समीकरण बनेगा। हरियाणा की तर्ज पर प्रदेश में भी 14 मंत्री बनाने के प्रस्ताव पर मुहर लगी तो साय सरकार के मंत्रिमंडल में तीन नए चेहरों को मौका मिलेगा।

अभी प्रदेश की 90 सीटों वाली विधानसभा में 15 प्रतिशत के हिसाब से 13.5 प्रतिशत विधायकों को ही मंत्री बनाने का प्रविधान है। हालांकि हरियाणा में भी भाजपा सरकार है और वहां भी विधानसभा में कुल 90 सीटें हैं, इसके बावजूद वहां पर 14 मंत्री बनाए गए हैं।

अभी साय मंत्रिमंडल में 11 मंत्री हैं

ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में भी हरियाणा फार्मूला चल सकता है। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के रायपुर सांसद बनने के बाद साय मंत्रिमंडल में अभी 11 मंत्री हैं। मंत्रिमंडल के अलावा साय सरकार 33 निगम मंडलों में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और सदस्यों की भी नियुक्ति करेगी। इसी तरह विधानसभा में उपाध्यक्ष और कांग्रेस की तरफ से उप नेता प्रतिपक्ष बनाने की भी कवायद हो सकती है।

ट्रक की चपेट में आकर स्कूटी सवार की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। राताखार से दर्री जाने वाले बायपास मार्ग पर एक ट्रक चालक ने स्कूटी सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। गुस्साई भीड़ ने मौके पर ट्रक में आग लगा दी और सड़क पर जाम लगा दिया। इसके अलावा, लोगों ने अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

दमिया के बीचों-बीच सड़क बनने से जान को खतरा

बाइपास रोड की मरम्मत कराए एसईसीएल, ग्राम सभा का भी आयोजन : एनओसी नहीं देंगे

कोरबा/नवप्रदेश। अंबिका कोल फील्ड करतली से कोयले का रोड सेल बढ़ाने के लिए एसईसीएल द्वारा ग्राम पंचायत दमिया के बीचों-बीच सड़क निर्माण के लिए सर्वे कराया जा रहा है। संभावित खतरे को भांपते हुए ग्रामीण लामबंद हो गए हैं और विरोध प्रारंभ हो गया है।

गत 31 दिसंबर को ग्राम पंचायत दमिया में ग्रामीणों की आवश्यक बैठक हुई, जिसमें सांसद प्रतिनिधि प्रशांत मिश्रा के सामने ग्रामीणों ने एसईसीएल द्वारा सडक निर्माण के लिए कराये जा रहे सर्वे की जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रशांत मिश्रा ने ग्रामीणों को बताया कि गांव के बीचों-बीच सड़क निर्माण से कोयला लोड भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ जाएगी और क्षेत्र के लोगों का रहना दूभर हो जाएगा। मिश्रा ने ग्रामीणों से एकजुट होकर इसका विरोध करने की रणनीति बनायी और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि एसईसीएल मनमानी करेगा तो बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

सांसद प्रतिनिधि ने कहा, कोयला लोड वाहन से दुर्घटना की संभावना

सांसद प्रशांत मिश्रा ने ग्रामिणों को बताया कि यदि गांव के बीच से कोयला लोड भारी वाहन गुजरेंगे तो सबसे बड़ा नुकसान दुर्घटना का है और गांव में छोटे-छोटे बच्चे खेलते रहते हैं, जिससे खतरा बढ़ जाएगा। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी कठिनाईयां भी आएंगी और कोयले के डस्ट से कई बीमारियां फैलेंगी। लोगों का सामान्य जीवन बड़े वाहनों के गुजरने से बदल जाएगा और जीवन में घुटन पैदा हो जाएगी। बैठक में रणनीति बनी कि एसईसीएल गांव के बाहर जो बाइपास सड़क बनी है, उस रोड का उपयोग बड़े वाहनों के लिए करे और यदि हमारे जीवन को असामान्य करने की कोशिश की गई तो हम हर तरह से एसईसीएल के खिलाफ लड़ाई लडने के लिए बाध्य होंगे।

सर्वे का विरोध करने विशेष ग्रामसभा

ग्राम पंचायत दमिया में एसईसीएल द्वारा सड़क निर्माण के लिए सर्वे का विरोध करने विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कृष्ण कुमार कुरसेंगा ने किया, जिसमें सरपंच अनिता, सचिव सहित सभी पंचगण एवं गांववासी उपस्थित हुए और एक स्वर में प्रस्ताव पारित किया गया कि बस्ती के बीचो-बीच सड़क निर्माण के लिए ग्राम पंचायत द्वारा एनओसी नहीं दी जाएगी।

कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का भी निर्णय लिया गया जिसमें सरपंच सचिव, उपसरपंच, सभी पंच एवं ग्रामवासियों का हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन तैयार किया गया।

प्रेम प्रसंग में सोशल मीडिया पर लाइव होकर युवती ने लगाई फांसी

■ **पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी**

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में युवती के सुसाइड का लाइव वीडियो सामने आया है। आत्महत्या से पहले युवती इंस्टाग्राम पर लाइव आई और पंखे में फांसी लगा ली। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के मिस्दा गांव का है। घर के कमरे में एक 19 साल की युवती अंकुर नाथ ने फांसी लगाकर जान दे दी।

फिलहाल, पुलिस मोबाइल जब्त कर मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं परिजनों ने प्रेम प्रसंग की वजह से सुसाइड की आशंका जताई है। नवागढ़ थाना के अनुसार युवती ने 29 दिसंबर को घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। सुसाइड से पहले अपने सोशल मीडिया साइट इंस्टाग्राम आईडी से लाइव किया था। मृतका के माता पिता हैदराबाद में रोजी मजदूरी का काम करते हैं। वह अपनी एक बहन के साथ यहां रहती थी। लाइव वीडियो को अन्य यूजर्स और गांव के लोगों ने देखा, जिसके बाद घर के सदस्यों को जानकारी दी, तब तक

फांसी के फंदे पर झूल चुकी थी।

परिजन युवती को उतारकर सीएचसी अस्पताल नवागढ़ लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना थाने में मिलने पर 30 दिसंबर को अस्पताल के मर्चुरी में रखे शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की गई। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। शव को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है। वहीं मृतक युवती के मोबाइल को जब्त कर जांच के लिए भेजा गया है। परिवार के सदस्यों का बयान लिया गया, इसमें प्रथम दृष्टिया प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। इसके कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं पुलिस हर पहलुओं पर जांच में जुटी हुई है। अभी मोबाइल के सीडीआर निकाला जा रहा है, इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

नगरीय निकाय चुनाव का दंगल : सोशल मीडिया पर कांग्रेस के दावेदारों की बाढ़

■ **खुद को बताने में लगे हैं प्रत्याशी, इधर, कांग्रेस ने कहा- भाजपा कर रही बदनाम**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस में दावेदारी की होड़ मची हुई है। कार्यकर्ता सोशल मीडिया में पोस्ट कर दावेदार लडऩा तय लिख रहे हैं। वहीं दावेदारों के बागी रुख के बीच विकास उपाध्याय ने चिट्ठी लिखी है। कार्यकर्ताओं को पत्र लिखकर बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि, भाजपा, कार्यकर्ताओं को कांग्रेस के खिलाफ खड़ा करने में लगी है। राजनितिक लाभ लिए ये लोग बीजेपी के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी को कमजोर बनाने के लिए ऐसा काम करते हैं।

पूर्व कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए लिखा कि, नगर निगम चुनावों का आगाज हो गया है। बीजेपी की आई.टी. सेल एवं उनके लोग षडयंत्रपूर्वक हमारे संभावित उम्मीदवारों के खिलाफ अभियान चला रहे है ताकि उनके ज्यादा पार्षद जीत सके एवं महापौर उनका बन सके। उनके इस कृत्य में 5 साल हमारी कांग्रेस सरकार में आर्थिक एवं राजनितिक लाभ लिए पार्टी कों कमजोर करने का षडयंत्र करते है। इनमें से कुछ लोगों के खिलाफ भाजपा सरकार में आर्थिक अपराध की जांच हुई है एवं उस जांच में दोषी होने की कार्यवाही से बचने में भाजपा का साथ दे रहे है।

भाजपा पर लगाया षडयंत्र का आरोप

पोस्ट करने वाले लोग भाजपा के इशारे और उनकी बनाई योजना के तहत हर वार्ड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के भड़काने का षडयंत्र में शामिल है। ये लोग हमारे मजबूत उम्मीदवारों को कमजोर करने हर संभव साजिश कर रहे है। इसके लिए झूठ, प्रपंच और जालसाजी भी कर रहे है। उन्होंने आगे लिखा कि, ये लोग हर वार्ड में कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी के खिलाफ खड़े करने का प्रयास कर रहे है। ये सब भाजपा नेताओं के साथ मिलकर कृत्य कर रहे है ताकि वार्डों में भाजपा उम्मीद्वारों को कमजोर लोगों से चुनाव लडऩे का मौका मिले।

20 लाख के लोहे से भरा ट्रक लेकर चोर फरार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। अब चोरों के हौंसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे सुनसान मकानों के साथ-साथ मुख्य सड़कों और पुलिस चौकियों के पास भी वारदात करने से नहीं हिचक रहे। ताजा मामला भनपुरी चौक के झाबक पेट्रोल पंप का है, जहां लोहे से भरा एक ट्रक चोरी हो गया। चोरों ने बड़ी चालाकी से ट्रक का ताला खोला और उसे स्टार्ट कर वहां से फरार हो गए। चोरी गए ट्रक में लगभग 20 लाख रुपये का लोहा भरा हुआ था। इस पूरी घटना की तस्वीरें पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जिससे पुलिस को मामले की जांच में मदद मिल रही है। गुढियारी थाने में इस संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है, और पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। रायपुर में इस तरह की बढ़ती घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस से इस तरह की वारदातों को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

बाघिन की मौजूदगी से बढ़ी वन विभाग की चिंता

■ **वाइल्ड लाइफ और एटीएफ के साथ गतिविधियों पर रखे हैं नजर**

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही वनमंडल के जंगल में बीते कुछ दिनों से बाघिन की मौजूदगी ने वन विभाग की चुनौती बढ़ा दी है. हालांकि, जिले के पर्यटन स्थलों की ओर उसकी आमद नहीं होने से बाघिन को ट्रेक कर रहे अमले के लिए थोड़ी राहत भरी बात है।

वाइल्ड लाइफ की टीम और वन कर्मी बाघिन की गतिविधि पर नजर बनाए हुए है. बाघिन के गले में कॉलर आईडी लगे होने की वजह से उसके पल-पल की गतिविधियों का पता भी चल रहा है. यही वजह है कि वाइल्ड लाइफ, एटीआर और वन विभाग की टीम समय रहते लोगों को

सतर्क करने में सक्षम है. खोडरी रेंज में मौजूद बाघिन ने गाय और बछड़े का शिकार किया है.

डीएफओ रौनक गोयल मरवाही वनमंडल बाघ का विचरण मरवाही वन क्षेत्र में है, और निकटतम राजस्व ग्रामों जैसे उम्रखोई, करिआम इत्यादि में मुनादी करवाकर ग्रामीणों को सतर्क किया जा रहा है। पर्यटन स्थल लक्ष्मणधारा और जोझा के लिए वन विभाग का कोई एडवाइजरी जारी नहीं हुआ है. उधर विचरण भविष्य में रहेगा तो अलर्ट किया जाएगा। वन विभाग की टीम बाघ की निरंतर मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग कर रही है।

सौगात... *विधायक रोहित साहू के प्रयासों से बहुप्रतिक्षित मांग हुई पूरी*

70 करोड़ में होगा कोपरा-पोखरा मार्ग का चौड़ीकरण

■ **मंडी बोर्ड से भी अन्य 68 निर्माण कार्यों के लिए 6 करोड़ 65 लाख रूपये की मिली स्वीकृति**

राजिम/नवप्रदेश। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू की अनुशंसा एवं निरंतर प्रयासों से क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। कोपरा से पोखरा मुख्य मार्ग की बहुप्रतिक्षित चौड़ीकरण की मांग भी अब विधायक रोहित साहू के प्रयासों से पूरी होने जा रही है। 26.20 किमी लम्बी इस मार्ग के लिए छग शासन लोक निर्माण विभाग से 70 करोड़ 14 लाख 41 हजार रूपये की स्वीकृति मिली है। क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब विधायक रोहित साहू के विकासपरक सोच से फलीभूत होने जा रही है, इस मार्ग के बनने से कोपरा, मुड़तराई, जेंजरा, देवरी, कौंदकेरा, रामनगर, बहेरापाल, बोरसी, बासीन व पोखरा के ग्रामीणों को आवागमन में सीधा लाभ होगा तथा यह मार्ग गरियाबंद जिले को महासमुंद जिले से सीधे जोड़ेगी जिसका लाभ उपरोक्त गाँवों के अलावा गरियाबंद व महासमुंद जिले के अनेक गाँवों के लोगों को मिलेगा। इसके साथ ही 03 किमी लम्बी कोमा से पिपरछेड़ी विधायक ग्राम पहुंच मार्ग निर्माण के लिए भी 4 करोड़ 42 लाख 92 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति विधायक रोहित साहू के प्रयासों के मिली है। इन मार्गों की स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों ने विधायक रोहित साहू के प्रति व विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरुण साव तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार प्रकट किया है। इसके साथ ही 68 विभिन्न विकास कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिली है। राजिम विधानसभा क्षेत्र में जब से रोहित साहू विधायक बने हैं तब से लगातार वे विकास कार्यों के लिए प्रयासरत हैं और निरंतर विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर क्षेत्रवासियों को लाभान्वित कर रहे हैं। इसी क्रम में छग शासन मंडी (बोर्ड) विकास निधि से 68 विकास कार्यों की स्वीकृति राजिम विधानसभा के विभिन्न गाँवों के लिए की गई है जिसकी कुल लागत राशि 6 करोड़ 65 लाख रूपये है। इन स्वीकृत कार्यों में क्रमशः विकासखंड फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम जेंजरा में बाजार चौक शेड निर्माण 13.83 लाख, गनियारी बजरंग चौक रंगमंच निर्माण कार्य 2.90 लाख, बोड़की साहू पारा सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7.74 लाख, बासीन खपरीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण 7.74 लाख, पेंड्रा साहू पारा में सामुदायिक भवन निर्माण 7.74 लाख, हथखोज में शक्तिलहरी के पास शेड निर्माण 8.08 लाख, लचकेरा जयस्तम्भ चौक में शेड निर्माण 11.42 लाख, बारूला ग्राम पंचायत भवन के पीछे शेड निर्माण 13.78 लाख, देवरी में 200 मीटर सीसी रोड निर्माण 8.86 लाख, गुंडरदेही में बाजार वार्ड में शेड निर्माण 9.42 लाख, सिधौरी में रंगमंच के पास शेड निर्माण 7.06 लाख, कौंदकेरा में पानी टंकी के पास शेड निर्माण 12.57 लाख, रामनगर सतधरा के पास शेड निर्माण 6.41 लाख रुपए के कार्य शमिल है।

आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मियों को पांच माह से नहीं मिला मानदेय

कोरबा/नवप्रदेश। स्वास्थ विभाग में आयुष्मान कार्ड बनाने वाले कर्मचारियों को विगत पांच माह से मानदेय का भुगतान कंपनी के द्वारा नहीं किया गया है। इसके कारण उन्हें जीवकोपार्जन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ विभाग के द्वारा कंपनी को आयुष्मान कार्ड बनाने का अनुबंध किया गया है उसके कर्मचारियों द्वारा कैंप लगाकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष्मान कार्ड बनाने का काम किया जाता है जिसके लिए कंपनी उन्हें मानदेय का भुगतान करती है लेकिन कंपनी के द्वारा कार्यरत कर्मचारियों को विगत पांच माह भुगतान नहीं किया गया है।

सूचना

दैनिक नवप्रदेश समाचार पत्र की प्रतियों एवं विज्ञापनों के लिए बेमेतरा में नवप्रदेश ब्यूरो चीफ श्री किशोर तिवारी से संपर्क करें।

कार्यालय : सोसायटी कॉमप्लेक्स प्रताप चौक, बेमेतरा, 95843-73905

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 77524 68654